
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 03 जुलाई 2026
वर्ष 07, अंक 266, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बभनान मंडी के मुख्य द्वार पर जलभराव व गंदगी, व्यवस्था पर उठे सवाल मच्छरों का प्रकोप ...02

भीषण गर्मी में बिजली संकट से उबल पड़ा बीजपुर, एनटीपीसी और ठेकेदार के खिलाफ फूटा जनाक्रोश...10

# नागरिकों को भारत सरकार का गुलाम बनाया जा रहा, बॉम्बे हाई कोर्ट

● बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक पिटीशन की सुनवाई के दौरान सरकार पर कड़ी टिप्पणी की और विरोध प्रदर्शन को नागरिकों का अधिकार बताया। कोर्ट ने कहा कि नागरिकों को भारतीय सरकार का गुलाम बनाया जा रहा है, विरोध करने वालों पर केस दर्ज किए जाते हैं. जस्टिस माधव जामदार ने सुनवाई करते हुए कहा कि विरोध करना नागरिकों का अधिकार है।

## विरोध करने वालों पर दर्ज हो रहे केस...बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी



बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार और पुलिस की कार्रवाई पर तीखी टिप्पणी की. अदालत ने कहा कि सिर्फ सरकार के फैसलों का विरोध करने या उसके खिलाफ नारे लगाने के आधार पर किसी नागरिक को किसी क्षेत्र से निष्कासित नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि 'याचिकाकर्ता ने तो सिर्फ 'बीजेपी सरकार मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए हैं, नागरिक ऐसे नारे क्यों नहीं लगा सकते? ऐसे नारों के लिए निष्कासन के आदेश क्यों दिए जाते हैं?'. गुरुवार को सुनवाई करते हुए एकल पीठ के जस्टिस माधव जामदार ने कहा कि केंद्र सरकार के कुछ फैसलों का विरोध करना किसी नागरिक के निष्कासन का आधार नहीं हो सकता. यह मामला सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के महासचिव सईद अहमद अब्दुल वाहिद चौधरी से जुड़ा था. याचिका के अनुसार, वह नागरिकता संशोधन अधिनियम और ज्ञानवापी मस्जिद विवाद सहित केंद्र सरकार के विभिन्न फैसलों के विरोध में मोर्चे और धरनों का आयोजन कर रहे थे।

### किस आधार पर किया गया निष्कासित?

इस मामले में मुंबई पुलिस द्वारा उनके खिलाफ पारित निष्कासन आदेश पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कड़ी नाराजगी जताई. याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस जामदार ने पूछा कि सईद को एक साल के लिए निष्कासित करने का आदेश किस आधार पर पारित किया गया, जबकि उनके खिलाफ दर्ज अधिकांश 5 एफआईआर भारत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से संबंधित थीं।

### जस्टिस जामदार ने क्या कहा?

सुनवाई के दौरान जस्टिस जामदार ने मौखिक रूप से कहा, 'ये क्या हो रहा है? क्या सभी नागरिकों को भारतीय सरकार का गुलाम बनाया जा रहा है? वो विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते, आंदोलन नहीं कर सकते? अगर लोग विरोध करते हैं तो उनपर केस दर्ज कर देंगे. विरोध करना नागरिकों का अधिकार है. याचिकाकर्ता ने सिर्फ 'बीजेपी सरकार मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए हैं. नागरिक ऐसे नारे क्यों नहीं लगा सकते? ऐसे नारों के लिए निष्कासन के आदेश क्यों?'.

### 'पुलिस लोक सेवक है, सीएम या पीएम की सेवक नहीं'

जस्टिस जामदार ने पुलिस को लेकर भी ये कहा, 'पुलिस मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री की सेवक नहीं है, बल्कि लोक सेवक है. मैं आपके अधिकारियों पर भारी जुर्माना लगाने जा रहा हूं'. सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर भी टिप्पणी की. उन्होंने एसडीपीआई से जुड़े होने का उल्लेख करते हुए कहा, 'परसों एक 10 वर्षीय बच्चे की दुर्घटना में मौत हो गई और विधानसभा में चर्चा इस बात पर हो रही थी कि पीठासीन अधिकारी का चुनाव कैसे होता है और वह एक पार्टी से दूसरी पार्टी में कैसे चला जाता है. आप भी पाला बदल लीजिए. पूरे महाराष्ट्र में खरीद-फरोख्त चल रही है. आपके खिलाफ कुछ एफआईआर हैं...पार्टी बदलने पर विचार कीजिए, यहां तो वॉशिंग मशीन लगी है'।

### सरकार के फैसलों का विरोध करना निष्कासन का आधार नहीं

अपने आदेश में जस्टिस जामदार ने स्पष्ट किया कि सरकार के फैसलों का मात्र विरोध करना किसी व्यक्ति को महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत निष्कासित करने का आधार नहीं बन सकता. उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई नागरिकों के संविधान के मौलिक अधिकारों, विशेषकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन करती है।

### कोर्ट ने रद्द किया निष्कासन आदेश

आदेश में कहा गया, 'याचिकाकर्ता ने अपनी क्षमता के अनुसार भारत सरकार द्वारा लिए गए कुछ फैसलों के खिलाफ मोर्चे और धरने आयोजित किए हैं. यह महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत किसी व्यक्ति को निष्कासित करने का आधार नहीं हो सकता. यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण है. इसलिए निष्कासन आदेश रद्द किया जाता है. संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 के तहत नागरिकों को अपनी राय व्यक्त करने और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है।

# पहली बार भारत आई जापान की PM, प्रधानमंत्री मोदी ने किया स्वागत

● जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची पहली बार भारत दौरे पर हैं. पीएम मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका भव्य स्वागत किया

● ये तीन दिवसीय दौरा भारत-जापान वैश्विक व रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा. दोनों देश आर्थिक सुरक्षा, रक्षा, नई तकनीक और निवेश जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग गहराने पर चर्चा करेंगे, जिससे दिल्ली और टोक्यो के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे




जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची का पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्टपति भवन में भव्य और उल्लास के साथ स्वागत किया है। ताकाइची जापान से भारत दौरे पर पहली बार आई हैं. यहां वो भारत के 16वें वार्षिक समारोह में शामिल होंगी. होंगी शामिल इस समारोह के बाद दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने अपने- अपने सम्मानित मंत्रियों और उनके प्रतिनिधिमंडल से परिचय करवाया। बता दें कि जापान की प्रधानमंत्री भारत में तीन दिन के दौरे पर रहेंगी और इस दौरान वह 16वें भारत और जापान के वार्षिक समारोह में शामिल होंगी।

### दिल्ली और टोक्यो के बीच आएगी मजबूती

इससे पहले बुधवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जापान की पीएम का स्वागत किया था.साथ ही इस दौरे को दिल्ली और टोक्यो के बीच वैश्विक साझेदारी और खास रणनीतिक के लिए अहम कदम बताया. विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पूरा भारत जापान की पीएम का गर्मजोशी के साथ स्वागत करता है, जो एक आधिकारिक दौरे के लिए दिल्ली आई हैं. बीते बुधवार को इसी तरह से राज्य के मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी ताकाइची का भव्य स्वागत किया।

### किन-किन क्षेत्रों पर होगी चर्चा?

इस दौरे को आने वाले समय में भारत और जापान के बीच एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जो खास रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और ज्यादा मजबूत करेगा। इन तीन दिनों के दौरे पर दोनों देश आर्थिक सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने साथ ही सप्लाई, नई तकनीक, रक्षा तंत्र, समुद्री सुरक्षा और निवेश पर भी चर्चा होगी.

16वें भारत-जापान सालाना शिखर सम्मेलन के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, तकाइची ने कहा कि दोनों देशों को अपनी-अपनी खूबियों का इस्तेमाल करके साथ मिलकर और मजबूत व समृद्ध बनना चाहिए, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया में अनिश्चितता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कई रणनीतिक मुद्दों पर दोनों नेताओं की सोच एक जैसी थी और वे सहयोग के तीन मुख्य क्षेत्रों को प्राथमिकता देने पर सहमत हुए, जिनमें रणनीतिक संबंधों को और गहरा करना भी शामिल है. उन्होंने कहा, जापान का अपडेटेड 'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' विज़न प्रधानमंत्री मोदी की 'महासागर' पहल से काफी हद तक मेल खाता है, तकाइची ने कहा कि दोनों देश समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करेंगे और पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियमों पर आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना उदयपुर के उ0नि0 घनश्याय यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 109/2011 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ से सम्बन्धित दो वारंटी अभियुक्तों नीलेन्द्र सिंह यादव उर्फ पप्पू पुत्र यादव पुत्र दशरथ यादव निवासी ग्राम रामनगर कोल मजरे मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ उम करीब 45 वर्ष व रामपाल पुत्र माताफेर सरोज निवासी ग्राम देवी का पुरवा मजरे मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 55 वर्ष को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### अपहरण के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार व पीड़िता सकुशल बरामद

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी कन्धई आदित्य सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार राय मय हमराह द्वारा धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना कन्धई, जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्त बृजेश कुमार वर्मा पुत्र बाबूलाल वर्मा निवासी ग्राम सराय जमुआरी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 30 वर्ष को थाना कन्धई क्षेत्रान्तर्गत भैरोगंज पुलिया के पास से गिरफ्तार कर पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।

### आदमपुर गांव में लगी अम्बेडकर मूर्ति में हुई तोड़फोड़ चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के आदमपुर गांव में लगी अम्बेडकर मूर्ति में हुई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित सख्ती दिखाते हुए चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आदमपुर गांव निवासी समरजीत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया 30 जून की रात करीब दस बजे चार पहिया वाहन से कुछ लोग आए और गांव में स्थापित अम्बेडकर मूर्ति में तोड़फोड़ करने लगे। गांव के लोगों ने शोर मचाते हुए उन्हें खदेड़ा तो वह मौके से फरार हो गए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए ग्राम प्रधान भंवर सिंह की मदद से दूसरे ही दिन मूर्ति की मरम्मत करा दी। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया तहरीर के आधार चार अज्ञात के खिलाफ मूर्ति तोड़ने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। घटना की तफ्तीश की जा रही है।

# बिना जांच-पड़ताल के रखे गए कर्मचारी, रोज गायब होते थे डेढ़ दो लाख...राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा खुलासा

● राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. आरोपी अनुकल्प मिश्रा के साथ काम करने वाले एक स्वयंसेवक ने बताया कि ट्रस्ट ने बिना जांच-पड़ताल के लोगों को काम पर रखा. डेढ़ दो लाख रोज गायब होते थे. ट्रस्ट को इस बात की जानकारी थी पर कार्रवाई नहीं हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में एक और खुलासा हुआ है. जानकारी के मुताबिक, राम मंदिर ट्रस्ट में बिना जांच पड़ताल के लोगों को काम पर रख लिया जाता था। प्राइवेट एजेंसी के जरिये जब थर्ड पार्टी हायरिंग हुई, उसके बाद भी कोई वेरिफिकेशन नहीं हुई. इस बात की पुष्टि राम मंदिर में चढ़ावा काउंटिंग टीम का हिस्सा रहे स्वयंसेवक ने की है अनुकल्प मिश्रा के साथ काम करने वाले रविंद्र नाथ ने बताया कि मार्च में जब 10 लोगों को काम पर रखा गया, तब ट्रस्ट की ओर से ही रखा गया था. तीन चार महीने के बाद प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी वाले आए. फिर सभी लड़के एजेंसी के माध्यम से काम पर लगे. जब ट्रस्ट की ओर से काम कर रहे थे तब रविंद्र को 15000 रुपए मिल रहे थे. जब सिक्योरिटी एजेंसी के थ्रू बहाली हुई तब 13,400 मिलने लगे।

### 'बिना जांच-पड़ताल के रखे गए कर्मचारी'

रविंद्र ने बताया कि कोई वेरिफिकेशन कभी नहीं हुआ था. केवल आधार कार्ड, पैन कार्ड और जितना पढ़े हैं, उतने का सर्टिफिकेट देने को कहा गया था. ट्रस्ट से थर्ड पार्टी को ट्रांसफर महज एक औपचारिकता थी, काम वही रहा. रविंद्र ने ये भी कहा कि चोरी की बात ट्रस्ट के लोगों तक पहुंची थी. इसके बावजूद एक्शन नहीं लिया गया। रविंद्र ने बताया कि काम पर लगने के कुछ दिन बाद से ही आरोपियों के खर्चे बढ़ने लगे थे. उनके जीवन में बदलाव दिख रहा था. रोज के डेढ़ दो लाख या उससे ज्यादा ही गायब करते होंगे, कम नहीं।

### 'ट्रस्ट के कर्मियों की कभी कोई चेकिंग नहीं'

रविंद्र ने फरवरी में नौकरी छोड़ दी. अब छत्तीसगढ़ में स्टील प्लांट में काम करता है. रविंद्र ने माना कि ट्रस्ट के कर्मियों की कभी कोई चेकिंग नहीं होती थी. सबसे पावरफुल व्यक्ति अनिल मिश्रा थे, नौकरी पर उन्होंने ही रखा था. बता दें कि रविंद्र पुलिस चौकी में होने वाली काउंटिंग की टीम का हिस्सा रहे हैं. अनुकल्प के संपर्क से ही इनकी नौकरी लगी थी. आरोपियों के बदलते लाइफस्टाइल से टीम के सदस्यों का संदेह यकीन में बदल रहा था।

### जमीन विवाद में बुजुर्ग से मारपीट, जान से मारने की धमकी

#### मैलवाराकलां में जमीन छोड़ने का दबाव बनाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैलवाराकलां में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दूसरे गांव से आए एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जमीन छोड़ने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम मैलवाराकलां निवासी माधव सिंह (55) पुत्र सुम्मेर सिंह ने दर्ज कराई तहरीर में बताया कि 28 जून 2026 की शाम करीब 6 बजे वह गांव में मौजूद थे। तभी ग्राम सतरवांस निवासी सूर्यप्रताप सिंह अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर सूर्यप्रताप सिंह और उसके साथियों ने एक राय होकर लात-घूंसों से उनकी मारपीट कर दी। जब उन्होंने मारपीट का कारण पूछा तो आरोपियों ने उनकी जमीन छोड़ने का दबाव बनाया और कहा कि यदि जमीन खाली नहीं की तो जान से मार दिया जाएगा। धमकी देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

## एसआईटी ने तैयार की लखनऊ अग्निकांड की जांच रिपोर्ट, कई बड़े अफसरों पर गिर सकती है गाज

● लखनऊ अलीगंज गेमिंग जोन आग की जांच रिपोर्ट तैयार।

एसआईटी ने घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, विभागों को चिह्नित किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में स्थित गेमिंग जोन व कोचिंग सेंटर में लगी आग की जांच पूरी हो गई है। मामले की जांच के लिए गठित दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह जांच रिपोर्ट जल्द ही मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। सूत्रों के अनुसार एसआईटी ने शासन को इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों व विभागों के नाम सौंप दिए हैं। लखनऊ के गेमिंग जोन में पिछली 22 जून को लगी आग में 15 युवाओं की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने इस घटना की जांच की जिम्मेदारी पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात और एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार को सौंपी थी। इसके बाद घटनास्थल पर दो से तीन बार दौरा कर एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है।

### दोषियों को किया गया चिह्नित

सूत्रों के अनुसार एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों, संबंधित विभागों से ली गई रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच में सामने आए तथ्यों को शामिल किया है। इन्हीं आधार पर दोषियों को चिह्नित किया गया है। एसआईटी ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की संस्तुति भी की है। जांच रिपोर्ट में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के कई सेवानिवृत्त अधिकारियों और विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। विद्युत सुरक्षा निदेशालय की लापरवाही से इमारत में 20 किलोवाट के स्वीकृत भार से कहीं ज्यादा 35 किलोवाट भार का इस्तेमाल किया जा रहा था।

## यूपी में वाराणसी समेत 7 जिलों की भाजपा टीम का काउंटडाउन शुरू, जल्द हो सकती है घोषणा

» राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के यूपी दौरे से पहले टीम घोषणा। नौ जिलों के अध्यक्षों को प्रदेश मुयालय बुलाया गया।

» प्रतिनिधियों और संगठन के बीच खींचतान से हुई देरी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उत्तर प्रदेश दौरे को देखते प्रदेश इकाई बचे जिलों की टीम घोषित करने जा रहा है। मेरठ जिला, वाराणसी जिला, गोरखपुर महानगर, देवरिया, अंबेडकर नगर, चंदौली एवं हाथरस समेत नौ जिलों के अध्यक्षों को पदाधिकारियों की सूची के साथ गुरुवार को प्रदेश मुख्यालय बुलाया गया। विमर्श कर शुक्रवार को पदाधिकारियों की सूची जारी की जा सकती है। प्रयास है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने पर प्रदेश में संगठन का कार्य पूरा कर लिया जाए।

भाजपा ने 16 मार्च 2025 को 70 जिलाध्यक्षों की घोषणा की। 26 नवंबर को 14 जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। लंबे समय बाद यानी 28 मई 2026 को पांच जिलों अंबेडकरनगर, वाराणसी जिला, चंदौली, गोरखपुर महानगर एवं देवरिया के अध्यक्ष घोषित किए गए। मार्च से अप्रैल तक सभी जिलों के पदाधिकारियों की टीम बनाई गई, लेकिन जिन जिलों में अध्यक्ष नहीं बदले गए थे, वहां पदाधिकारियों की सूची टाल दी गई। अब सभी 98 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्ष बनाए जा चुके हैं, लेकिन सात जिलों की टीमें नहीं बन सकीं। कई जिले ऐसे हैं जहां जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के बीच खींचतान बढ़ने से पदाधिकारियों की सूची रोकनी पड़ी। संगठन ने कई बार जिलाध्यक्षों को बुलाया, लेकिन टीमों पर सहमति न बनने की वजह से घोषणा टलती रही।

# यूपी को मिलेगा नया प्रशासनिक ट्रेनिंग सेंटर, CM योगी करेंगे राम मनोहर लोहिया अकादमी परिसर का लोकार्पण

● मुख्यमंत्री योगी ने नए प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया।

● 464 करोड़ की लागत से 22.5 एकड़ में निर्मित।

● 1200 प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण मिलेगा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश में सुशासन को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह तथा भविष्य की प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने की दिशा में योगी सरकार शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के अत्याधुनिक नवीन परिसर का लोकार्पण करेंगे।

लगभग 464 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 22.5 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित यह परिसर प्रदेश की सात दशक से अधिक पुरानी प्रशासनिक प्रशिक्षण व्यवस्था को आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन्नत तकनीक और वैश्विक प्रशिक्षण मानकों से जोड़ते हुए नई दिशा देगा। आईएएस, पीसीएस समेत विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण तथा नेतृत्व विकास का यह केंद्र भविष्य की प्रशासनिक चुनौतियों के अनुरूप प्रदेश की शासन व्यवस्था को और अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश की प्रशासनिक प्रशिक्षण व्यवस्था की शुरुआत वर्ष 1951 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल (ओटीएस) से हुई थी। पिछले सात दशकों से अधिक समय में इस संस्थान ने आईएएस, पीसीएस, न्यायिक सेवा, राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित ग्रुप 'ए' एवं ग्रुप 'बी' अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुलतानपुर रोड स्थित सीजी सिटी में बने इस नवीन परिसर में एक साथ 300 आवासीय तथा 900 गैर-आवासीय, यानी कुल 1,200 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था विकसित की गई है।

परिसर में 13 अत्याधुनिक प्रशिक्षण कक्ष, 300 सीटों का प्रेक्षागृह, दो बहुउद्देशीय हाल, डिजिटल लर्निंग सेंटर, डिजिटल स्टूडियो, डिजिटल लैब, आधुनिक पुस्तकालय, कान्फ्रेंस रूम, बोर्ड रूम, शोध एवं अध्ययन सुविधाएं, क्रिकेट मैदान, बैडमिंटन कोर्ट तथा लान टेनिस कोर्ट जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की भी सुविधा होगी। नया परिसर अधिकारियों और कर्मचारियों को बदलती प्रशासनिक अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करने के साथ नीति क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य कर्मचारी महासंघ ने शोकसभा कर साथियों के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**बस्ती।** बस्ती जिले उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की बस्ती शाखा की ओर से एक शोक सभा आयोजित कर कर्मचारियों के आकस्मिक निधन पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष महेन्द्र चौहान की अध्यक्षता मे महिला अस्पताल स्थित शिविर कार्यालय मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे जनपद शाखा के कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित हुये। महेन्द्र चौहान ने कहा वर्षो से अपने साथ कार्य करने वाला कोई साथी अपने बीच से अचानक चला जाता है तो उसकी कमी अखरती है और उसकी सारी अच्छाइयां मानस पटल पर बार बार अंकित होती रहती हैं। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एक परिवार है और किसी साथी के चले जाने पर शोकाकुल होना स्वाभाविक है। उन्होने श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरान्त कहा कि संगठन शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। महामंत्री शिवशंकर कुमार ने कहा कि साथ कार्य करने वालों से लगाव हो जाता है और उनका जाना आहत करता है। आपको बता दें पंचायती राज विभाग मे सेवायें दे रहे चन्द्रिका, मेवालाल, वंशबहादुर एवं हजारी लाल की पत्नी का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा मे सिंचाई संघ के संरक्षक रामस्वारथ चौधरी, अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, परशुराम त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, बबिता मिश्रा, रमजान अली, चन्द्रकली, शैलेन्द्र राज, अनीस अहमद आदि उपस्थित रहे।

### मनरेगा कार्मिकों की उपेक्षा से वीबीजी योजना की शुरुआत फीकी, पहले दिन ही धरने पर बैठे ग्राम रोजगार सेवक



**महरौनी।** मनरेगा का नाम बदलकर शुरू की गई नई वीबीजी योजना की शुरुआत पहले ही दिन फीकी नजर आई। अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के ग्राम रोजगार सेवक एवं अन्य मनरेगा कार्मिक धरने पर बैठ गए, जिससे योजना का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। ग्राम रोजगार सेवकों का कहना है कि नई योजना में उनके हितों की अनदेखी की गई है। मजदूरों की दैनिक मजदूरी बढ़ाकर लगभग 300 रुपये कर दी गई है, जबकि रोजगार सेवकों का मासिक मानदेय अब भी करीब 7,000 रुपये ही है। साथ ही, योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाए जाने के कारण उन्हें महंगा स्मार्टफोन रखने की मजबूरी है, जबकि मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई। कार्मिकों का आरोप है कि उन्हें न मानव संसाधन नीति का लाभ मिल रहा है और न ही बढ़ती महंगाई के अनुरूप मानदेय। उनका कहना है कि वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता तो आज उन्हें अपनी मांगों के लिए धरना देने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

### पुरानी रंजिश में युवक को बाइक से टक्कर मारने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसौराकलां में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, धमकी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले एक युवक को जानबूझकर मोटरसाइकिल से टक्कर मारी गई और कुछ दिन बाद उसके घर के मुख्य लोहे के गेट में ट्रैक्टर से टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ग्राम मसौराकलां निवासी गौरव तिवारी पुत्र प्रमोद कुमार तिवारी ने दर्ज कराई तहरीर में बताया कि 16 जून 2026 की रात करीब 9.30 बजे वह अपने गांव स्थित घर से ललितपुर जाने के लिए बाहर खड़ी कार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी दिनेश तिवारी अपनी मोटर साइकिल से आया और कथित रूप से जानबूझकर उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि विरोध करने पर दिनेश तिवारी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद वह अपने बेटे लकी और भाई झब्बू के साथ मौके पर पहुंचा तथा तीनों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। शोर सुनकर गौरव तिवारी के पिता प्रमोद कुमार तिवारी और माता वंदना तिवारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घटना के कुछ दिन बाद 27 जून 2026 को आरोपी झब्बू लाल रंग के ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीड़ित के घर पहुंचा और मुख्य लोहे के गेट में जोरदार टक्कर मार दी। इससे गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि यह घटना पुरानी रंजिश के चलते जानबूझकर की गई। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दिनेश तिवारी, लकी और झब्बू के विरुद्ध बीएनएस की धारा 131, 324(2), 352, 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# बभनान मंडी के मुख्य द्वार पर जलभराव व गंदगी, व्यवस्था पर उठे सवाल मच्छरों का प्रकोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत बभनान के वार्ड संख्या 3 पटेल नगर स्थित बभनान-गौर मार्ग पर बनी नवीन सब्जी मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार पर जलभराव और गंदगी की गंभीर समस्या सामने आई है। मंडी जैसे व्यस्त स्थल के गेट पर बदहाल स्थिति से राहगीरों, ग्राहकों और व्यापारियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी के मुख्य गेट के ठीक सामने सड़क पर लंबे समय से पानी भरा हुआ है, जिससे वहां कीचड़युक्त हालात बन गए हैं। लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा हो गया है, जहां फिसलने की आशंका बनी रहती है।

सड़क किनारे कूड़े का ढेर और जलभराव की स्थिति नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। गंदगी के कारण आसपास दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही मंडी में आने वाले ग्राहकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि नियमित सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है।

मंडी में दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने बताया कि गंदगी और जलभराव के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इससे उनके व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, क्षेत्रीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दौरान हालात और गंभीर हो सकते हैं।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी (ईओ) कीर्ति सिंह ने बताया कि नाला खुदाई का कार्य कराया जा रहा है और वर्तमान में मिट्टी व पत्थर निकाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराया जा रहा है और शीघ्र ही सड़क को समतल कराकर जलभराव की समस्या दूर कर दी जाएगी। कुछ तकनीकी दिक्कतें हैं, जिन्हें जल्द ठीक कर लिया जाएगा। फिलहाल स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि मंडी परिसर में स्वच्छता और सुचारु आवागमन सुनिश्चित हो सके।

## महरौनी की 23 ग्राम पंचायतों में वीबी-ग्राम जी योजना का शुभारंभ

**अब 125 दिन मिलेगा रोजगार, समय पर भुगतान की भी गारंटी**

महरौनी। विकास खंड महरौनी की 23 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (VB-GRAM G) योजना का शुभारंभ कर दिया गया। खंड विकास अधिकारी महरौनी ने ग्राम पंचायत सिंदवाहा एवं जरया में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन कर योजना के तहत विकास कार्यों का शुभारंभ कराया। इस दौरान श्रमिकों एवं ग्रामीणों को नई योजना के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में विकास खंड की ग्राम पंचायत बम्होरीबहादुर सिंह, अगौरा, नैगुवा, कुसमांड सहित अन्य पंचायतों में भी ग्राम सचिवों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ कराए गए। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार ने पूर्व में संचालित मनरेगा योजना के स्थान पर 1 जुलाई 2026 से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण लागू किया है। नई योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को मजबूत करना तथा टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण करना है। योजना के अंतर्गत अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का गारंटीकृत रोजगार मिलेगा।

## यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**● एसपी व सीडीओ ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अमेठी प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने गौरीगंज स्थित रणन्जय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेने के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाए। साथ ही हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) से स्कैनिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने के निर्देश दिए। सड़क किनारे खड़े वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा कराने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।इसके अतिरिक्त इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्राथमिकता है और इसके लिए जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी की जा रही है, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## आज बाराबंकी में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम से जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिहार** के प्रशासनिक और सामाजिक इतिहास में एक ऐसा काला पन्ना जुड़ गया है, जिसने न्याय, कानून और इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। जिलाधिकारी (DM) को शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन दिया गया, श्री भरत भूषण तिवारी की बिहार पुलिस द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आज़ादी और समस्त ब्राह्मण समाज के मान-सम्मान पर एक क्रूर और सीधा प्रहार है!

ब्राह्मण समाज इस जघन्य और अमानवीय कृत्य की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता है और पीड़ित परिवार के लिए न्याय मिले और प्रशासन से मांग है कि दोषियों को कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी दी जाए। न्याय कि लड़ाई में हम पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। इस अवसर पर ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र तिवारी जी, महामंत्री देश दीपक मिश्र जी, देव कुमार मिश्रा जी, राघवेंद्र तिवारी व वह ब्राह्मण उत्थान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय अवस्थी जी, रामशरण शुक्ला जी, ज्ञान प्रकाश शुक्ला जी, प्रदेश प्रवक्ता देवराज त्रिपाठी जी, गोलू अवस्थी जी, आशुतोष तिवारी जी, उमेश त्रिवेदी जी, इंद्र भूषण अमित जी, रुद्र प्रताप अवस्थी जी, राजीव दीक्षित जी, मोहित राज जी व अन्य ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे!

## झेलम एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी

**ललितपुर।** ट्रेनों के जनरल कोच में बढ़ती भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रहे एक किशोर का मोबाइल फोन झेलम एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान चोरी हो गया। घटना जाखलौन रेलवे स्टेशन के पास हुई। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला विदिशा स्थित गंजबासोदा की आकृति कॉलोनी निवासी देवांश सक्सेना पुत्र सतेन्द्र सक्सेना 10 जून 2026 को ट्रेन संख्या 11078 झेलम एक्सप्रेस के जनरल कोच से दिल्ली से गंजबासोदा जा रहे थे। कोच में अत्यधिक भीड़ होने के कारण वह गेट के पास खड़े होकर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान जब ट्रेन जाखलौन रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची, तब उन्होंने अपने बैग की जांच की तो उसमें रखा पोको एम-6 (पोको एम 6) मोबाइल फोन गायब मिला। आशंका है कि भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर ने बैग से मोबाइल निकाल लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत लगभग 9,500 रुपये बताई गई है।

## वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ, विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किया पौधरोपण

**● 'आम बहार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को वितरित किए गए पौधे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनपद में 01 से 07 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर में पौधरोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा आम के पौधे का रोपण कर किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 'आम बहार आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं उपस्थित नागरिकों को पौध भंडारा योजना के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से वन महोत्सव सप्ताह के दौरान पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश भर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पौध वितरण भी किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घर, विद्यालय, कार्यालय, खेत एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरीगंज, खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्राम प्रधान, विद्यालय परिवार तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अमेठी के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से पौधरोपण और पौध संरक्षण का संकल्प लिया।

## भव्य रूप से मनाया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सचिव रईस अहमद का जन्मदिन, लगाए गए वृक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मनकापुर गोण्डा:** गौरा विधानसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के जन्मदिन पर व प्रदेश सचिव रईस अहमद बब्बू भैया के जन्मदिन पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया 301 गौरा विधानसभा के आंशिक मनकापुर गणरही में कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा भव्य कार्यक्रम किया गया जिसमें केक काटकर वितरण किया गया साथ-साथ में अमरपाली आम का पौधा का भी पी डी ए वृक्ष के रूप में काफी संख्या में लगाया गया अखिलेश यादव जिंदाबाद रईस अहमद जिन्दा बाद के खूब जयकारे लगाए गए इसी क्रम में प्रदेश सचिव रईस अहमद के आवास पर कार्यकर्ता और आम मतदाता इकट्ठा होकर रईस अहमद को जन्मदिन की बधाई दी यहां पर भी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी की जय जयकार खूब हुई यहां केक काट के लोगों में वितरण किया गया साथ-साथ में लड्डू आदि मिष्ठान बाटकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी देर रात कार्यक्रम चलता रहा हरिजन बस्ती में भी वृक्षारोपण किया गया और केक काटकर एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी गई इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रईस अहमद रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के जिला सचिव अशोक यादव समाजवादी पार्टी लोहिया वहिनी के सचिव महेश वर्मा लोहिया वाहिनी विधानसभा अध्यक्ष किशनलाल पासवान राम शंकर यादव सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुलायम यादव महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष प्रतिभा यादव मास्टर झिंकन लक्ष्मण भारती बलिराम कश्यप वीरेंद्र भारती डॉक्टर रामकलप रामकरण मोर्य रामसुंदर यादव राम तीरथ यादव गंगाराम मेवालाल, शब्बीर अहमद व सगीर अहमद साबिरूल हक, सलमान खान रवि गौतम रंजीत गौतम नसीर अहमद मुस्तकीम अहमद कनिक राम यादव अमरेश यादव मनोज गुप्ता नितिन चंद्र शर्मा संतोष कुमार निषाद मोहम्मद अनस राजकुमार प्रजापति मोहम्मद फरहान मोहम्मद आसिफ गुड्डू खान अखिलेश गुप्ता अमृतनाथ आदि सैकड़ो लोग उपस्थिति रहे।

## रुद्राक्ष, चंदन व मौलश्री समेत 51 पौधे रोपे, पूर्व विधायक को चंदन का पौधा भेंट कर किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के तहत गुरुवार को सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग की भांभर रेंज द्वारा बीरपुर सेमरा स्थित वन विश्राम भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रुद्राक्ष, आम, चंदन, मौलश्री सहित आस्था एवं पर्यावरण से जुड़े 51 पौधों का रोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान गैसड़ी विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का एक सशक्त माध्यम है। वन क्षेत्राधिकारी योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि हरियाली बढ़ाना और वन संपदा का संरक्षण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वन क्षेत्राधिकारी ने निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' को चंदन का पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने वन विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में वन दरोगा सूर्य नारायण उर्फ टिल्लू सिंह, वनरक्षक शैलेश कुमार पाठक, सुशील कुमार यादव, युवा समाजसेवी सुनील कुमार त्रिपाठी, बब्लू बाल्मीकि, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जायसवाल सहित वन विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि वन महोत्सव के तहत भांभर रेंज में आगामी दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान गैसड़ी विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने वन विभाग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।

वन क्षेत्राधिकारी योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि हरियाली बढ़ाना और वन संपदा का संरक्षण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वन क्षेत्राधिकारी ने निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' को चंदन का पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने वन विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में वन दरोगा सूर्य नारायण उर्फ टिल्लू सिंह, वनरक्षक शैलेश कुमार पाठक, युवा समाजसेवी सुनील कुमार त्रिपाठी, बब्लू बाल्मीकि, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जायसवाल सहित वन विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। युवा समाजसेवी एवं दैनिक भास्कर पत्रकार वसीम अहमद ने भी चंदन का पौधा लगाया। अधिकारियों ने बताया कि वन महोत्सव के तहत भांभर रेंज में आगामी दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान जारी रहेगा।

### तेज रफ्तार सेन्ट जेवियर स्कूल की बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, 10 फिट दूर जा गिरा स्कूटी सवार युवक




**बस्ती।** बस्ती जिले स्कूल वाहन तेज गति से आ रही सेन्ट जेवियर स्कूल की बस यूपी 51 ए.टी. 0477 ने सुबाष चौक पर स्कूटी यूपी 51 एबी 6221 पर सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। स्कूटी सवार 10 फिट दूर जा गिरा। उसके हाथ, पैर, मुंह मे चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि भीड़भाड़ वाले चौराहे पर भी स्कूल बस की गति काफी तेज थी, जैसे लग रहा था कि वह हाइवे पर चल रही हो। घायल व्यक्ति मालवीय रोड स्थित अठदमा नर्सरी मे काम करता है। घटना के बाद मौके पर लोग इकट्ठा हो गये। यातायात सिपाही ने बस चालक से घायल को इलाज के लिये कुछ पैसे देने को कहा लेकिन वह ऐंठन दिखाते हुये चला गया। आपको बता दें ओटीओ की तमाम सख्ती के बावजूद अन्ट्रेन्ड लोगों के हाथों में स्कूल बस की स्टेयरिंग दी जा रही है। गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल पर बात करते हुये, चौराहों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुये चालकों को कभी देखा जा सकता है।

## बस्ती के हरैया में धूमधाम से मनाई गई डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती, जुटे समर्थक




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती के हरैया स्थित आर. जे. आर. एस. पटेल इंटर कॉलेज के प्रांगण में आज अपना दल के संस्थापक, बौद्ध सत्त्व यशकाय डॉ. सोनेलाल पटेल जी का जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर 12:00 बजे आयोजित हुए इस भव्य समारोह में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने हिस्सा लिया।

अपना दल (कमेरावादी) पार्टी के जिलाध्यक्ष राम भवन पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सिद्धनाथ पटेल बंसीलाल पटेल राम जियावन पटेल भीम गौतम सभी लोग रहे मौजूद । डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष राम भवन पटेल ने कहा कि डॉ. सोनेलाल पटेल जी ने अपना पूरा जीवन शोषितों, वंचितों, किसानों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया था। आज के दिन हम सभी उनके बताए गए सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का दृढ़ संकल्प लेते हैं।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने समाज में समानता और कमेरा (मजदूर-किसान) समाज के हक-अधिकारों की बात रखी। कार्यक्रम के अंत जिलाध्यक्ष राम भवन पटेल ने इंटर कॉलेज प्रांगण में आए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

## यूपीटीईटी 2026: जिलाधिकारी और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**● व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) 2026 की प्रथम पाली को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्याम बहादुर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा पाण्डेय इंटर कॉलेज तथा श्री कृष्णा कुमारी पाण्डेय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन की तैयारियों और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, स्ट्रांग रूम, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को शासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा जताई।

वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा सभी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि कहीं भी अव्यवस्था या नकल का प्रयास सामने आता है तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य जिम्मेदार कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय




# चंपतराय की मुश्किलें: मंदिर से ट्रस्ट तक, हर मोर्चे पर चुनौती

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**

अयोध्या में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत सभी वकीलों ने कल एक जुलूस निकाला और चंपतराय पर एफआईआर की मांग की। वकीलों का कहना है कि चढ़ावा चोरी में छोटी मछलियों को तो जाल में फांस लिया गया है लेकिन चंपतराय जो इस केस का अहम हिस्सा हैं उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वकीलों का कहना है कि चंपतराय को बचाने की कोशिश की जा रही है जब कि मुख्य आरोपी चंपतराय ही हैं। उधर अयोध्या के वकीलों ने एक स्वर में कहा है कि राम मंदिर चंदा चोरी के जितने भी आरोपी हैं उनका मुकदमा कोई भी वकील नहीं लड़ेगा। राम मंदिर आंदोलन का चेहरा, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

राम मंदिर का शिलान्यास से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक, हर बड़ी तस्वीर में वो सबसे आगे दिखे। पर अयोध्या में रामलला का मंदिर बन जाने के बाद भी उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। उल्टा, जिम्मेदारी बढ़ने के साथ चुनौतियां भी कई गुना हो गई हैं। ट्रस्ट का पारदर्शिता संकट: 'चंदे का हिसाब' सबसे बड़ा मुद्दा- राम मंदिर के लिए 2019 से 2021 के बीच देश-दुनिया से 3500 करोड़ रुपये से ज्यादा का चंदा इकट्ठा हुआ। मुश्किल क्या है?- विपक्ष, कुछ साधु-संत और सोशल मीडिया लगातार ट्रस्ट से चंदे का पूरा ऑडिटेड हिसाब मांग रहा है। आरोप लगते रहे कि जमीन खरीद में 'ओवर प्राइसिंग', दान में अनियमितता हुई। 2021 में अयोध्या के ही संतों ने जमीन घोटाले के आरोप लगाकर FIR तक की मांग की थी। चंपत राय ने बार-बार कहा कि सारा हिसाब CAG स्टाइल ऑडिट से होगा और वेबसाइट पर डाला जाएगा। पर 'कब' और 'कितना डिटेल' को लेकर सवाल आज भी पीछा नहीं छोड़ रहे। एक 3500 करोड़ के प्रोजेक्ट के महासचिव होने का मतलब है, हर पैसे का जवाब देना। यही उनका सबसे बड़ा प्रेशर पॉइंट है। निर्माण की गति 1ह्य भक्तों की उम्मीद: 'अधूरा मंदिर' की किरकिरी - 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा हुई। देश ने माना मंदिर बन गया। असलियत क्या है?- प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ गर्भगृह और पहली मंजिल की हुई थी।

पूरा मंदिर परिसर, परकोटा, संग्रहालय, तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र, पार्किंग अभी बन रहा है। ट्रस्ट का लक्ष्य 2025 के अंत तक मुख्य ढांचा पूरा करना है। मुश्किल: गर्मी में टाइल्स गर्म होना, बारिश में छत टपकने की खबरें, भीड़ प्रबंधन की अव्यवस्था। हर छोटी कमी पर सीधा निशाना महासचिव चंपत राय पर आता है। भक्त 500 साल इंतजार के बाद 'परफेक्ट' मंदिर चाहते हैं। एक ईंट टेढ़ी दिखी तो ट्रोलिंग शुरू। निर्माण की टाइमलाइन और जनता की उम्मीद के बीच बैलेंस करना उनके लिए रोज की जंग है। अयोध्या के स्थानीय संतों से तनातनी- राम मंदिर आंदोलन में कई अखाड़े, मठ और स्थानीय संत शामिल थे। मंदिर बनने के बाद 'क्रेडिट' और 'कंट्रोल' को लेकर खींचतान सामने आई। तपस्वी छावनी, हनुमानगढ़ी और अन्य अखाड़ों के कई संत खुलकर कह चुके हैं कि ट्रस्ट 'एकतरफा' चल रहा है, स्थानीय आवाजों को जगह नहीं मिल रही। चंपत राय को दिल्ली-VHP बैकग्राउंड का 'बाहरी' बताकर भी हमले होते हैं। अयोध्या की धर्म सत्ता को साधना, बिना टकराव के सबको साथ लेकर चलना, ये राजनीतिक कुशलता से भी बड़ी चुनौती है। भीड़, वीआईपी कल्चर और आम भक्त का गुस्सा- प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या रोज 1-1.5 लाख श्रद्धालु देख रही है। दर्शन के लिए 6-8 घंटे की लाइन, वीआईपी पास का आरोप, टूट-फूट, सफाई।

जब कोई बुजुर्ग महिला लाइन में बेहोश होती है, तो वीडियो वायरल होता है और कैप्शन होता है: 'ये है चंपत राय का प्रबंधन। ट्रस्ट का काम मंदिर बनाना है, पर भीड़ का गुस्सा प्रशासन के साथ-साथ ट्रस्ट के महासचिव पर भी गिरता है। क्योंकि अब रामलला- चंपत राय का चेहरा बन चुका है। राजनीतिक निशाने पर- 2024 लोकसभा में भाजपा अयोध्या सीट हार गई। ये ट्रस्ट और VHP के लिए झटका था। विपक्ष का नैरेटिव बना: 'मंदिर दे दिया, पर रोजगार, महंगाई, अव्यवस्था नहीं दी।' इस हार का ठीकरा भी अप्रत्यक्ष रूप से मंदिर प्रबंधन और चंपत राय पर फूटा। अब हर चुनाव में अयोध्या का मॉडल सवालों में रहेगा। मंदिर बन गया, इम्तिहान शुरू हुआ- चंपत राय ने अपना जीवन राम मंदिर को समर्पित किया। 80+ की उम्र में भी वो रोज 16 घंटे काम करते हैं। पर आंदोलन का नेता होना आसान था, 500 साल के सपने का CEO होना सबसे कठिन है। अब लड़ाई कोर्ट में नहीं, कॉरिडोर में है। हिसाब, पारदर्शिता, निर्माण की गुणवत्ता, संतों को साधना और करोड़ों भक्तों की उम्मीद। जब तक अंतिम शिखर नहीं लग जाता और अयोध्या वर्ल्ड-क्लास तीर्थ नहीं बन जाती, तब तक उनकी मुश्किलें कम नहीं होंगी। राम मंदिर बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। अब उस इतिहास को कलंक-मुक्त रखना ही उनकी सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा है।

# लोकतंत्र की मूल आत्मा की रक्षा और भारत का भविष्य, भारत वैश्विक सिरमौर लोकतंत्र

विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत ने जिस दृढ़ता, परिपक्वता और संवैधानिक प्रतिबद्धता के साथ लोकतंत्र को अपनाया, वह विश्व के लिए प्रेरणा का विषय है। अनेक भाषाओं, धर्मों, संस्कृतियों, जातीय समूहों और परंपराओं से युक्त इतना विशाल राष्ट्र आज भी लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। यह केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सहिष्णुता, समन्वय और सामाजिक परिपक्वता का प्रमाण है।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी प्रसिद्ध कृति डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा था भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। वास्तव में भारत अनेक सभ्यताओं, संस्कृतियों और जीवन-शैलियों का जीवंत संगम है। भारत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां भाषाओं, रीति-रिवाजों, खान-पान, वेशभूषा, लोककला, लोकगीत, नृत्य, धार्मिक आस्थाओं और सामाजिक परंपराओं की अद्भुत विविधता होने के बावजूद राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण बनी हुई है। संविधान ने इस विविधता को सम्मान देते हुए सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए तथा भाषाई सौहार्द बनाए रखने के लिए हिंदी को राजभाषा और 22 भारतीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया।

**डॉ.भीमराव रामजी आंबेडकर ने संविधान सभा में कहा था**

संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले अच्छे नहीं होंगे तो वह सफल नहीं होगा; और यदि संविधान साधारण भी हो, किंतु उसे चलाने वाले अच्छे हों, तो वह सफल सिद्ध होगा।।यह कथन लोकतंत्र में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। भारत की सामाजिक संरचना अत्यंत जटिल होते हुए भी समन्वयवादी रही है। यहां ग्रामीण और शहरी जीवन, संयुक्त और एकल परिवार, विभिन्न जातीय एवं सांस्कृतिक समूह, जनजातीय समाज तथा आधुनिक जीवनशैली समानांतर रूप से विकसित हुए हैं। अनेक सामाजिक अंतर्विरोधों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र ने संवाद, संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से समाधान खोजने का निरंतर प्रयास किया है।

**महात्मा गांधी का विश्वास था**

भारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है। वे ग्राम स्वराज, पंचायती राज, स्वावलंबन, सर्वोदय और मानवीय विकास को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते थे। दूसरी ओर पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक विज्ञान, औद्योगिकीकरण, बड़े बांधों और सार्वजनिक उपक्रमों को आधुनिक भारत के निर्माण की आधारशिला मानते थे। इन दोनों दृष्टिकोणों के समन्वय से भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था का मार्ग अपनाया, जिसने लंबे समय तक विकास की दिशा निर्धारित की।

सरदार वल्लभभाई पटेल ने कहा था- 'हमारी शक्ति हमारी एकता में निहित है। '।स्वतंत्रता के बाद 500 से अधिक रियासतों का भारतीय संघ में विलय उनकी अद्वितीय राजनीतिक दूरदर्शिता का परिणाम था, जिसने राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ किया।।भारत धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी विश्व का मार्गदर्शक रहा है। हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख धर्मों की जन्मस्थली होने के साथ-साथ भारत ने इस्लाम, ईसाई, पारसी तथा अन्य सभी धर्मों को समान सम्मान दिया। भारतीय संविधान का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप इसी समावेशी परंपरा का प्रतिबिंब है।

**स्वामी विवेकानंद ने कहा था** हम केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, बल्कि सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं। विदेश नीति के क्षेत्र में भारत ने स्वतंत्रता के बाद गुटनिरपेक्षता को अपनाकर विश्व शांति, सह-अस्तित्व और स्वतंत्र निर्णय क्षमता का परिचय दिया। आज भी भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हितों के साथ वैश्विक सहयोग और संतुलन पर आधारित है।डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का कथन आज भी प्रासंगिक है यदि किसी देश को भ्रष्टाचार-मुक्त और सुंदर राष्ट्र बनाना है, तो उसके तीन प्रमुख स्तंभ हैं माता, पिता और शिक्षक। यह लोकतंत्र की सफलता में नैतिक शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व की महत्ता को दर्शाता है।आज भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, अंतरिक्ष, डिजिटल अर्थव्यवस्था, रक्षा, कृषि और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। इतनी विशाल जनसंख्या, बहुभाषिकता और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था का सफल संचालन भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

भारत की लोकतांत्रिक शक्ति केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि संविधान के प्रति आस्था, विधि का शासन, स्वतंत्र न्यायपालिका, स्वतंत्र निर्वाचन प्रणाली, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विविधता में एकता की भावना ही इसकी वास्तविक शक्ति है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यदि हम विविधता में एकता की इस महान परंपरा को बनाए रखेंगे, तो भारत केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि सबसे सशक्त, समावेशी और प्रेरणादायक लोकतांत्रिक राष्ट्र भी बना रहेगा।

**संजीव ठाकुर**

# समरसता का शताब्दी क्षण: जब सौ वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ और आस्था की आंखें छलक उठीं

कर्नाटक के चिक्कमगलूरु जिले के निदघट्टा गांव में स्थित श्री आंजनेयस्वामी मंदिर के कपाट जब लगभग सौ वर्ष बाद दलित समाज के लिए खुले, तब यह केवल एक मंदिर में प्रवेश की घटना नहीं थी, बल्कि भारतीय समाज में सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय गरिमा की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम था। यह वह क्षण था, जिसका इंतजार कई पीढ़ियों ने किया था। जिन लोगों के पूर्वज केवल मंदिर के बाहर खड़े होकर हाथ जोड़ते थे, वे स्वयं पहली बार मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचे और अपने आराध्य के समक्ष सिर झुकाया। वर्षों से मन में दबे भाव जैसे एक साथ उमड़ पड़े। आंखों से बहते आंसू केवल भावुकता के नहीं थे, बल्कि उस लंबे इंतजार, पीड़ा, विश्वास और अंततः मिली स्वीकृति के प्रतीक थे।

भारत की संस्कृति का मूल भाव समरसता, सह-अस्तित्व और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना रहा है। हमारे धर्मग्रंथों में ईश्वर को सभी का बताया गया है। ईश्वर के दरबार में न कोई ऊंचा होता है और न कोई नीचा। फिर भी समय के साथ समाज में अनेक सामाजिक कुरीतियां और भेदभाव की प्रवृत्तियां जन्म लेती गईं। छुआछूत जैसी अमानवीय प्रथा ने समाज के एक बड़े वर्ग को वर्षों तक सामाजिक और धार्मिक अधिकारों से वंचित रखा।

मंदिर, जो श्रद्धा और शांति के केंद्र माने जाते हैं, वहीं कुछ स्थानों पर लोगों के लिए बंद कर दिए गए। यह स्थिति केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी गहरा आघात थी। निदघट्टा गांव के दलित परिवारों की पीड़ा भी कुछ ऐसी ही थी। उनके बुजुर्गों ने जीवनभर मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम किया। वे अपने बच्चों को भी यही बताते रहे कि मंदिर के भीतर जाना उनके लिए संभव नहीं है। कितनी ही पीढ़ियां इस व्यवस्था को अपनी नियति मानकर जीती रहीं। किसी ने विरोध नहीं किया, क्योंकि समाज की परंपरा उनके सामने दीवार बनकर खड़ी थी। उन्होंने अपनी आस्था को कभी नहीं छोड़ा, लेकिन अपनी इच्छा को मन के भीतर दबाकर रखा। उनके लिए भगवान कभी दूर नहीं हुए, परंतु भगवान तक पहुंचने का मार्ग अवश्य बंद रहा।

सोचिए, उन बुजुर्गों की मनःस्थिति कैसी रही होगी, जिन्होंने बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक मंदिर के बाहर खड़े होकर केवल घंटियों की आवाज सुनी, आरती की ध्वनि सुनी, लेकिन भीतर जाकर दर्शन करने का सौभाग्य कभी नहीं मिला। कितनी बार उनके मन में यह प्रश्न उठा होगा कि क्या भगवान भी उन्हें अपने द्वार पर बुलाना नहीं चाहते? फिर भी उन्होंने अपने विश्वास को टूटने नहीं दिया। उन्होंने शिकायत कम की, श्रद्धा अधिक रखी। यही उनकी सबसे बड़ी आध्यात्मिक शक्ति थी।

जब जिला प्रशासन की पहल पर दोनों समुदायों के बीच संवाद हुआ और आपसी सहमति से मंदिर के द्वार खोलने का निर्णय लिया गया, तब यह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं थी, बल्कि सामाजिक चेतना की विजय थी। पुलिस सुरक्षा के बीच जब दलित समाज के लोग पहली बार मंदिर की चौखट पार कर रहे थे, तब उनके कदमों में संकोच भी था और आत्मविश्वास भी। जैसे ही उन्होंने भगवान आंजनेयस्वामी के समक्ष शीश नवाया, वर्षों से दबे हुए भावनाओं का बांध टूट गया। अनेक लोगों की आंखों से आंसू बह निकले। उन आंसुओं में कोई शिकायत नहीं थी, बल्कि अपने आराध्य से मिलने की अनंत खुशी थी।

सौ वर्षों का इंतजार कितना लंबा होता है, इसका अनुमान लगाना भी कठिन है। एक व्यक्ति का पूरा जीवन बीत जाता है, लेकिन यहां तो कई पीढ़ियां गुजर गईं। जिन दादा-दादी ने मंदिर के बाहर से ही दर्शन किए, वे शायद यह दिन देखने के लिए जीवित भी नहीं रहे। उनके सपनों को उनके बच्चों और पोते-पोतियों ने पूरा होते देखा। उस समय निश्चित रूप से उनके मन में अपने पूर्वजों की स्मृतियां भी ताजा हुई होंगी। शायद उन्होंने मन ही मन यही कहा होगा कि काश, हमारे माता-पिता और दादा-दादी भी यह दिन देख पाते।

मंदिर में प्रवेश के बाद जिस प्रकार लोगों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की, उससे यह स्पष्ट हो गया कि उनकी आस्था कभी कम नहीं हुई थी। उनके लिए मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि अपने भगवान का घर था। जब वर्षों बाद उस घर के द्वार खुले, तो उन्हें ऐसा लगा मानो उनका अपना परिवार उन्हें गले लगा रहा हो। यह अनुभव शब्दों में पूरी तरह व्यक्त नहीं किया जा सकता। यह आत्मसम्मान, समान अधिकार और आध्यात्मिक संतोष का अद्भुत संगम था।

यह घटना पूरे देश के लिए भी प्रेरणा का संदेश देती है। सामाजिक समरसता केवल कानून से नहीं आती, बल्कि समाज के भीतर संवाद, संवेदना और परस्पर सम्मान की भावना से विकसित होती है। जब समाज स्वयं परिवर्तन को स्वीकार करता है, तभी स्थायी बदलाव संभव होता है। निदघट्टा गांव ने यह संदेश दिया है कि पुरानी कुरीतियों को पीछे छोड़कर नई सोच के साथ आगे बढ़ना ही सच्ची प्रगति है।

भारत में जातिगत भेदभाव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि जटिल रही है। औपनिवेशिक काल में भी सामाजिक विभाजनों को कई बार प्रशासनिक और राजनीतिक कारणों से और अधिक गहरा किया गया। हालांकि जाति व्यवस्था की जड़ें औपनिवेशिक शासन से पहले की सामाजिक संरचनाओं में भी मौजूद थीं। इसलिए समाधान किसी एक कालखंड को दोष देने में नहीं, बल्कि वर्तमान में समानता और भाईचारे को मजबूत करने में है। आज आवश्यकता इस बात की है कि संविधान की भावना, संतों के संदेश और भारतीय संस्कृति के मूल आदर्शों को व्यवहार में उतारा जाए। इस घटना ने यह भी सिद्ध किया कि परिवर्तन असंभव नहीं होता। यदि समाज संवाद के माध्यम से आगे बढ़े, तो वर्षों पुराने विवाद भी समाप्त हो सकते हैं। मंदिर के कपाट खुलने से किसी की आस्था कम नहीं हुई, बल्कि सभी की आस्था और अधिक मजबूत हुई। भगवान का दरबार जितना व्यापक होगा, समाज भी उतना ही मजबूत और समरस बनेगा।

आज निदघट्टा गांव का वह मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं रहा, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक बन गया है। वहां बहने वाले आंसुओं ने यह बता दिया कि सम्मान और समानता का सुख कितना अनमोल होता है। सौ वर्षों से दबाई गई भावनाओं को आखिर अभिव्यक्ति मिल गई। जिन लोगों ने जीवनभर बाहर से हाथ जोड़कर भगवान को नमन किया था, वे पहली बार भीतर जाकर दर्शन कर सके। उनके चेहरे की मुस्कान, आंखों की नमी और मन की शांति इस बात का प्रमाण हैं कि समरसता की राह कठिन अवश्य होती है, लेकिन जब समाज उस दिशा में कदम बढ़ाता है तो इतिहास बनता है। यह घटना केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि उस भारत की पहचान है जो भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, सम्मान और मानवता के मूल्यों को अपनाना चाहता है। यदि इसी भावना के साथ समाज आगे बढ़ता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हर मंदिर, हर धर्मस्थल और हर हृदय के द्वार बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए खुले होंगे। यही सच्चे अर्थों में समरस भारत की पहचान होगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# दैनिक राशिफल

**मेष** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में नए अवसर सामने आएंगे।

**वृषभ** आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मिथुन** नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ होगा। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन पर्याप्त आराम करें।

**कर्क** आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें। कार्यस्थल पर धैर्य और समझदारी से काम लें। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है।

**सिंह** आज आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। लंबे समय से रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। व्यापार में लाभ के योग हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कन्या** करियर में नई संभावनाएं सामने आएंगी। मेहनत का पूरा फल मिलने के योग हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में लाभ होगा। छात्रों के लिए दिन अनुकूल है।

**तुला** आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी और व्यापार में सफलता मिलेगी। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में लाभदायक सिद्ध हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृश्चिक** आज धैर्य और संयम से काम लें। किसी विवाद में पड़ने से बचें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में मेहनत रंग लाएगी। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी।

**धनु** यात्रा के योग बन सकते हैं। करियर में नए अवसर मिलेंगे। व्यापार में लाभ होगा। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मकर** आज जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें सफलतापूर्वक निभाएंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी और व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। निवेश करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। मानसिक तनाव कम होगा।

**मीन** आज का दिन सकारात्मक रहेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक लाभ के योग हैं। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

**आज का विशेष उपाय (3 जुलाई 2026)**

भगवान शिव का जलाभिषेक करें और ' नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जप करें। इससे मानसिक शांति, कार्यों में सफलता और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी।

# उत्तर प्रदेश बन रहा है भारत का नया इलेक्ट्रॉनिक्स एवं लॉजिस्टिक्स पावरहाउस

लखनऊ-उत्तर प्रदेश आज उस ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है, जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पूर्व तक कठिन प्रतीत होती थी। कभी कृषि प्रधान राज्य के रूप में पहचाना जाने वाला उत्तर प्रदेश अब इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल सेवाओं, डेटा सेंटर, रक्षा उत्पादन और आधुनिक औद्योगिक विकास का राष्ट्रीय केंद्र बनकर उभर रहा है। यह परिवर्तन केवल आंकड़ों और निवेश प्रस्तावों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह करोड़ों युवाओं के सपनों, उद्यमियों की आकांक्षाओं और एक विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की यात्रा है। इस परिवर्तन के केंद्र में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में स्थापित सुशासन, जीरो टॉलरेंस की नीति, निवेशक-अनुकूल वातावरण तथा कानून व्यवस्था की नई संस्कृति है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने जिस गति से औद्योगिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, उसने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। आज उत्तर प्रदेश केवल निवेश का विकल्प नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा मंच बनता जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राज्य के विकास का आधार सुशासन और सुरक्षा को बनाया। उनका स्पष्ट मानना रहा है कि जहां कानून का राज होगा, वहीं निवेश आएगा और वहीं रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी सोच के अनुरूप प्रदेश में अपराध और माफिया तंत्र के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा निवेशकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का विश्वास अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है। आज देश और दुनिया के बड़े औद्योगिक समूह उत्तर प्रदेश को अपने विस्तार और निवेश के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य मान रहे हैं।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनसंख्या नहीं, बल्कि उसकी युवा शक्ति है। लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला यह राज्य देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के साथ-साथ सबसे बड़ा मानव संसाधन केंद्र भी है। लाखों इंजीनियर, तकनीकी विशेषज्ञ, आईटी प्रोफेशनल और कुशल कार्यबल राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति देने के लिए तैयार हैं। यही कारण है कि इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा सेंटर और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में कार्यरत कंपनियां उत्तर प्रदेश को अपनी भविष्य की विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रही हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने देश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। आज देश में निर्मित होने वाले लगभग 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हब के रूप में स्थापित हो चुके हैं। मोबाइल फोन निर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। विश्व की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों ने यहां उत्पादन इकाइयां स्थापित की हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है।

सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियां निवेशकों को आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल रही है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती मिल रही है।


इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के साथ-साथ उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क वाले राज्यों में भी शामिल हो चुका है। राज्य में निर्मित नौ एक्सप्रेसवे विकास की नई धमनियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और अन्य प्रमुख मार्गों ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। इन परियोजनाओं ने न केवल आवागमन को सुगम बनाया है, बल्कि उद्योगों के लिए परिवहन लागत और समय में भी उल्लेखनीय कमी लाई है।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, औद्योगिक कॉरिडोर, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क और आधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधाओं ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बना दिया है। जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो एशिया की सबसे महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है, प्रदेश को वैश्विक व्यापार और निवेश से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की उपलब्धता उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बेहतर कनेक्टेड राज्यों में शामिल करती है। आज उत्तर प्रदेश केवल भौगोलिक दृष्टि से भारत के केंद्र में स्थित नहीं है, बल्कि देश की आर्थिक गतिविधियों, बाजार व्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यदि कोई उद्योग देश के प्रत्येक छह उपभोक्ताओं में से एक तक पहुंच बनाना चाहता है, तो उत्तर प्रदेश उसके लिए सबसे प्रभावी प्रवेश द्वार है। विशाल उपभोक्ता आधार, प्रचुर मानव संसाधन, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश-अनुकूल वातावरण राज्य को विशेष प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। 'निवेश मित्र' पोर्टल, सिंगल विंडो सिस्टम, समयबद्ध अनुमोदन प्रक्रिया, समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर और एंड-टू-एंड निवेशक हैंडहोल्डिंग जैसी व्यवस्थाओं ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि निवेशकों को केवल अनुमति नहीं, बल्कि साझेदारी और सहयोग का वातावरण प्रदान किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश ने निवेश आकर्षित करने के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विभिन्न देशों और राज्यों में आयोजित रोड शो तथा निवेशक संवाद कार्यक्रमों ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। आज दुनिया की अग्रणी कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए उत्सुक दिखाई दे रही हैं।डेटा सेंटर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, फिनटेक और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से उभर रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा देश के प्रमुख डेटा सेंटर हब बन चुके हैं। डिजिटल अवसंरचना में हो रहे निवेश से प्रदेश नई अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश निवेश का गंतव्य भर नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर एक ऐसा मंच है जहां उद्योग, नवाचार, प्रतिभा और अवसर एक साथ मिलते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियां आने वाले वर्षों में भारत की विकास यात्रा को नई दिशा देने वाली हैं।

**-जयेन्द्र सिंह, सहयुक्त संपादक**

# पाकिस्तान में भड़कता आंतरिक विद्रोह



पाकिस्तान में इन दिनों अंदरूनी हालात काफी खराब चल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तानी हुकूमत देश में बेकाबू होती महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हो रही है, तो दूसरी ओर वर्षों से जबरन कब्जा किए हुए बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके में लोगों ने पाकिस्तान से आज़ादी का बिगुल बजा दिया है। इससे पाकिस्तानी हुकूमत अपने ही देश में दो तरफ़ा घिरी हुई नजर आ रही है। पाकिस्तान वर्षों से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को बढ़ावा देने और नफरत फैलाने में देश के विकास की बड़ी राशि खर्च करता आया है। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान के प्रमुख शहरों को छोड़कर समूचे देश में अस्थिरता और असंतोष का माहौल दिखाई देता है।

बंटवारे के बाद पाकिस्तानी सेना और हुकूमत ने अपनी सीमाओं से लगे बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके जैसे क्षेत्रों का बंदूक के बल पर अपने राज्य में विलय तो करवा लिया, लेकिन इन क्षेत्रों में लंबे समय से पाकिस्तान सरकार के विरुद्ध असंतोष बना हुआ है। आज भी इन क्षेत्रों में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन समय-समय पर देखने को मिलते हैं। पाकिस्तानी सेना और सरकार के विरुद्ध इन क्षेत्रों में लंबे समय से संघर्ष जारी है। पाकिस्तान इस समय गंभीर आंतरिक संकट से गुजर रहा है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में पनपते आतंकवाद को भी बड़ा झटका लगा है। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न आतंकी गुट अपने-अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए आपस में ही संघर्ष कर रहे हैं। कट्टरपंथी संगठन, धार्मिक नेता और आतंक के सरगना एक-दूसरे के खिलाफ खड़े दिखाई दे रहे हैं। पिछले एक वर्ष में पाकिस्तान में बढ़ी हत्याओं और आतंकी घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि जिन तत्वों को कभी दूसरे देशों के विरुद्ध इस्तेमाल किया गया था, वही आज पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। आतंकवाद का वही बीज अब विशाल वटवृक्ष बनकर पाकिस्तान की सत्ता और उसे संरक्षण देने वालों के लिए संकट का कारण बन गया है।

पाकिस्तान के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पर कार्रवाई तथा चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठे विवादों ने राजनीतिक अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने वाला कोई मजबूत नेतृत्व दिखाई नहीं देता। जो राजनीतिक दल कभी एक-दूसरे के कट्टर विरोधी थे, वे आज सत्ता के समीकरणों के कारण साथ खड़े नजर आते हैं। ऐसे में पाकिस्तान की आम जनता की सुध लेने वाला कोई प्रभावी नेतृत्व दिखाई नहीं देता। विदेशों में अपनी साख बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना आज़ादी की मांग कर रहे बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके के लोगों के आंदोलनों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास कर रही है। किंतु यदि जनता का असंतोष और सरकार की कठोर नीतियाँ इसी प्रकार जारी रहीं, तो पाकिस्तान के सामने भविष्य में और भी गंभीर आंतरिक चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का भव्य और दिव्य स्वागत



**हजारों कार्यकर्ताओं ने कड़ी धूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत की होड़ मे फूल मालाओं के साथ खड़े रहे**

**खजनी गोरखपुर** भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय जी का सरया टोल प्लाजा पर गोरखपुर के यशस्वी एवं लोकप्रिय जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी जी खजनी के लोकप्रिय विधायक आदरणीय श्री राम चौहान सहजनवा के विधायक श्री प्रदीप कुमार शुक्ल जी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आदरणीय हरिकेश राम त्रिपाठी, मनोज राम त्रिपाठी, अमित राम त्रिपाठी, दिवाकर राम त्रिपाठी निवर्तमान मंडल अध्यक्ष धरणीधर राम त्रिपाठी जी मंडल अध्यक्ष खजनी अवध बिहारी मिश्रा जी, उनवल मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार निगम, माल्हनपार के मंडल अध्यक्ष भाई, अश्वनी कुमार सिंह गजानन राम त्रिपाठी जगदंबा शुक्ला आदर्श राम त्रिपाठी भाजपा खजनी, उनवल, माल्हनपार के पदाधिकारियों व टीम अंशु सिंह ब्लॉक प्रमुख खजनी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया।

### राशन वितरण में लापरवाही पर डीएम सख्त, सभी पूर्ति निरीक्षकों को नोटिस

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद, खाद्य सुरक्षा, आपूर्ति, डिप्टी आरएमओ, मंडी समिति तथा बाट-माप विभाग की समीक्षा बैठक में राशन वितरण और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। त्रुटिपूर्ण आख्या और शिकायतों के संतोषजनक निस्तारण में कमी पाए जाने पर उन्होंने सभी पूर्ति निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। बैठक में डीएम ने पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप राशन वितरण करने, रिक्त उचित दर दुकानों का शीघ्र आवंटन तथा खाद्यान्न के उठान और वितरण में किसी प्रकार की देरी न होने के निर्देश दिए। मंडी समिति को किसानों से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने और खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों एवं दवाओं की नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों और उपभोक्ताओं से जुड़े विभागों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सहकारी समितियों में खाद-बीज की उपलब्धता बनाए रखने और बाट-माप विभाग को भी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत रतनपुर स्थित भूत पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय सुदामा प्रसाद जन कल्याण फाउंडेशन के फार्म हाउस पर गुरुवार को एक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आम, जामुन, आंवला और केला समेत सैकड़ों फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जन कल्याण फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा ने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ का नारा बुलंद किया और कहा कि पंचतत्व जैसे भूमि, गगन, वायु, अग्नि, नीर से बने मानव शरीर को संतुलित रखने में प्रकृति की विशेष भूमिका है, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हरियाली को नष्ट कर बनाए गए कंक्रीट के जंगलों से यह संतुलन बिगड़ गया है, जिसे केवल व्यापक स्तर पर पौधरोपण करके ही सुधारा जा सकता है। इस अवसर पर फाउंडेशन के विशेष सदस्यों सहित सुग्रीव साहनी, जोखू प्रसाद, अरविंद जायसवाल, अमरेश गुप्ता, बाबूलाल यादव, प्रेम नारायण शर्मा, द्रोपदी पाल, प्रहलाद, राजबली साहनी, अवध पाल और बनवारी समेत भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खजनी में सड़क चौड़ीकरण ने पकड़ी रफ्तार, किसान तुरंत कराएं अंश निर्धारण; विकास कार्य में बाधा नहीं होगी: एसडीएम

**● कटघर-बिगही, सतुआभार-मझगांवा मार्ग पर तेज हुआ चौड़ीकरण,गोरखपुर-खजनी-सिकरीगंज फोरलेन की तैयारी भी शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** खजनी तहसील क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं ने अब रफ्तार पकड़ ली है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कटघर-बिगही मार्ग तथा सतुआभार-मझगांवा (महिलावर) मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। वहीं गोरखपुर-खजनी-सिकरीगंज मार्ग को चार लेन में विकसित करने की तैयारी भी शुरू हो गई है। प्रशासन ने सड़क किनारे स्थित किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी खतौनी, इंतखाब एवं भूमि का अंश (हिस्सा) निर्धारण अवश्य करा लें, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

उपजिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली इन सड़क परियोजनाओं को तय समय में पूरा कराने के लिए राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन खातों में हिस्सेदारी स्पष्ट नहीं है या खतौनी में त्रुटियां हैं, उनके स्वामी तत्काल संबंधित हल्का लेखपाल से संपर्क कर आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराएं। समय रहते अंश निर्धारण होने से भविष्य में मुआवजा, सीमांकन और राजस्व संबंधी विवादों से बचा जा सकेगा। हल्का लेखपाल कौटिल्य दुबे ने बताया कि विशेष रूप से सतुआभार-मझगांवा मार्ग एवं सतुआभार लिंक रोड पर कई स्थानों पर खतौनी और हिस्सेदारी से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसे सभी कास्तकार अपनी भूमि के दस्तावेज एवं इंतखाब लेकर लेखपाल से संपर्क करें, ताकि भूमि का सही रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर अंश निर्धारण कराने से भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रोहित सिंह ने बताया कि कटघर-सतुआभार-बिगही मार्ग को लगभग 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर आवश्यक भूमि का उपयोग राजस्व अभिलेखों के अनुसार किया जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्रवासियों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। इसी बीच लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-2, गोरखपुर ने गोरखपुर-खजनी-सिकरीगंज मार्ग (14.300




किमी) को चार लेन में चौड़ा एवं सुदृढ़ करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी है। अधिशासी अभियंता द्वारा संबंधित उपजिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र में सड़क के मध्य से दोनों ओर 12.50-12.50 मीटर तक उपलब्ध सरकारी भूमि का विवरण तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगणन तैयार कर शासन को भेजा जा सके। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना में शामिल है और मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं में गिनी जा रही है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे विकास कार्य में सहयोग करते हुए अपनी भूमि से संबंधित सभी राजस्व औपचारिकताएं समय पर पूरी कर लें। इससे सड़क चौड़ीकरण कार्य बिना किसी बाधा के पूरा होगा और खजनी क्षेत्र में विकास तथा आवागमन को नई गति मिलेगी।

## विद्यालय में घुसकर कर बच्चों से मारपीट तथा शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार केस दर्ज

**सहजनवा:** गीडा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नेवास में मंगलवार को गांव का एक मनबढ़ शराब के नशे में विद्यालय में घुसकर पढ़ने वाले बच्चों के साथ मारपीट करने के साथ विद्यालय के शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। शिक्षिकाओं की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में दिन में 11.45 बजे विद्यालय में पठन पाठन का कार्य चल रहा था। उसी दौरान गांव का एक मनबढ़ शराब के नशे में विद्यालय में घुस गया। और बच्चों को गाली गलौज करने के साथ शिक्षिकाओं को पानी के बोतल से मारने का प्रयास करने लगा। इसकी हरकत देखकर बच्चे सहम गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रश्मि खान सहित शिक्षिका प्रियंका त्रिपाठी, नीतिका सिंह, पुष्पा सिंह, ब्रह्मदेव मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गुड्डू उर्फ बालेंद्र शाही पुत्र बृजकिशोर शाही निवासी नेवास के खिलाफ विद्यालय में घुसकर मारपीट, गाली गलौज के साथ शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का केस दर्ज कर लिया है।

# पीएम श्री विद्यालय सेमरी में 'एक्सपर्ट्स टॉक' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**● बैंकिंग विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को दी वित्तीय साक्षरता की सीख**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** 2 जुलाई गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरी में स्थित पीएम श्री विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'एक्सपर्ट्स टॉक' गतिविधि के अंतर्गत बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक (SBI), गोला शाखा के शाखा प्रबंधक अजय राय का प्रेरणादायक आगमन हुआ। विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अजय राय ने विद्यार्थियों को बैंकिंग व्यवस्था, बचत का महत्व, बैंक खाता संचालन, एटीएम, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, साइबर सुरक्षा तथा वित्तीय अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की सरल एवं रोचक जानकारी प्रदान किया भाग। उन्होंने विद्यार्थियों को कम उम्र से ही बचत की आदत विकसित करने तथा डिजिटल लेन-देन करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए प्रेरित किया।



विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका श्री राय ने सहज एवं व्यावहारिक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्टेशनरी सामग्री भी भेंट की, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण रहा। विद्यालय परिवार ने इस उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र के लिए अजय राय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर जीवनोपयोगी ज्ञान प्रदान करते हैं तथा उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# खुलेआम बिक रहा मांस, सरकारी आदेशों के पालन पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के भटनी थाना क्षेत्र अंतर्गत नूरीगंज बाजार में खुलेआम मांस व मछली की बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का आरोप है कि बाजार में कई स्थानों पर मुर्गा एवं अन्य मीट की दुकानें बिना निर्धारित मानकों का पालन किए खुले में संचालित की जा रही हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खुले में मीट की बिक्री पर रोक लगाने तथा स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन नूरीगंज बाजार में इन निर्देशों का पालन होता नहीं दिख रहा है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बाजार में प्रतिदिन खुलेआम मांस व मछली की बिक्री हो रही है, जिससे आसपास गंदगी फैलने के साथ-साथ लोगों को दुर्गंध और स्वच्छता संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि कई बार इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान भी आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक



कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

लोगों का यह भी आरोप है कि संबंधित विभागों और स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता के कारण यह कारोबार लगातार जारी है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित अधिकारियों का पक्ष भी अभी सामने नहीं आया है। क्षेत्र के नागरिकों ने जिलाधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए अवैध अथवा नियमों के विपरीत संचालित दुकानों पर कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शासन के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाए तो बाजार में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और नियमों का उल्लंघन भी रुकेगा।

## शांतिभंग की आशंका में चार महिला समेत ग्यारह चालान



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर तीन अलग-अलग गांवों से चार महिलाओं समेत कुल ग्यारह लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में जमुहानी निवासी रूदल भारती पुत्र भग्गन, दोगहरा निवासी अमीर पुत्र जिआउल और अहिरौली टोला सेखुअनवा निवासी राजेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, मुकेश, जुगला, नीलम, विरेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, उर्मिला देवी व अनीता देवी शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी संभावित विवाद या उपद्रव को समय रहते रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है और शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# मिशन खिलखिलाहट की बड़ी सफलता: सीडीओ की गोद ली बच्ची 'अन्वी' अति कुपोषण से हुई मुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद में कुपोषण उन्मूलन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार की दिशा में चल रहे 'संभव अभियान 6.0' के तहत एक प्रेरणादायी सफलता सामने आई है। मिशन खिलखिलाहट के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) द्वारा गोद ली गई अति कुपोषित बच्ची अन्वी अब अति कुपोषित श्रेणी से बाहर आ गई है। यह उपलब्धि नियमित स्वास्थ्य निगरानी, संतुलित पोषण, विभागीय समन्वय और परिवार के सहयोग का सकारात्मक परिणाम मानी जा रही है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने बच्ची के घर पहुंचकर उसका हालचाल जाना और स्वास्थ्य में हुए सुधार का जायजा लिया। उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर बच्ची की दिनचर्या, खानपान और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। साथ ही परिवार को पौष्टिक एवं संतुलित आहार, स्वच्छता, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच तथा बच्चों की समुचित देखभाल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गृह भ्रमण के दौरान सीडीओ ने अन्वी को पोषण सामग्री भेंट की तथा विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे नवीन अनुपूरक पोषाहार के साथ 'पोषण पोटली' भी वितरित की। उन्होंने कहा कि यदि परिवार, समुदाय और प्रशासन मिलकर प्रयास करें तो कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति निरंतर सजग रहने की अपील भी की।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिनव मिश्रा ने बताया कि 'संभव अभियान 6.0' और 'मिशन खिलखिलाहट' के माध्यम से जनपद में कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान, नियमित निगरानी, चिकित्सकीय परामर्श और पोषण प्रबंधन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और विभागीय टीमों की सक्रियता से लगातार सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए अभियान पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य सेविका तनुराधा



सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सुनीता त्रिपाठी, सहायिका सुधा तथा सिविल लाइंस क्षेत्र के अनेक परिवारजन उपस्थित रहे। सभी ने मिशन खिलखिलाहट की इस सफलता की सराहना करते हुए कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रेरक प्रयास अन्य परिवारों के लिए भी उदाहरण बनेंगे और जनपद में कुपोषण के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूती मिलेगी। यदि चाहें, मैं इसके लिए अखबार की फ्रंट पेज शैली की हेडिंग और सोशल मीडिया पोस्ट भी तैयार कर सकता हूँ।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ डीआईजी और एसपी की चौखट पर पहुंचा पीड़ित राम सिंह, लगाए गंभीर आरोप

**● खाकी का खौफ: गरीब मजदूर को थाने में किया प्रताड़ित, अब फर्जी केस में फंसाने की धमकी!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के 'मित्र पुलिस' के दावों की हवा निकालते हुए जनपद के खरगूपुर थाना क्षेत्र से खाकी के उत्पीड़न का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र के ग्राम देवरिया कला निवासी पीड़ित राम सिंह पुत्र उदयराज सिंह ने स्थानीय पुलिस के आतंक से तंग आकर पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) देवीपाटन मंडल और पुलिस अधीक्षक (एसपी) गोण्डा को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने स्थानीय दरोगा पर अवैध वसूली और मना करने पर पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

**बिना कसूर रातभर थाने में रखा बंद, किया प्रताड़ित**

उच्चाधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रार्थी राम सिंह ने बताया कि वह एक अत्यंत गरीब मजदूर हैं और उनका किसी भी तरह का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इसके बावजूद, बीते 17 जून 2026 को क्षेत्रीय दरोगा और हमराही पुलिसकर्मियों ने अचानक उनके घर पर दबिश दी और उन्हें जबरन उठाकर थाने ले गए। आरोप है कि थाने में उन्हें बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और अगले दिन रात 10 बजे छोड़ा गया।

**दरोगा की खुली धमकी- 'पैसे नहीं दिए तो संज्ञेय अपराध में फंसा दूंगा'**

पीड़ित का आरोप है कि छोड़ देने के बाद भी पुलिस का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। पुलिस कर्मी आए दिन उनके घर पर दबिश देकर अवैध धन (वसूली) की मांग कर रहे हैं। दरोगा ने सीधे तौर पर धमकी दी है कि यदि बुलाने पर थाने नहीं आए, तो किसी बड़े संज्ञेय अपराध (फर्जी केस) में फंसाकर पूरे परिवार को तबाह कर दिया जाएगा। इस लगातार मिल रही धमकी और प्रताड़ना से राम सिंह का पूरा परिवार गहरे खौफ और



दहशत के साए में जीने को मजबूर है।

**उच्चाधिकारियों से न्याय और कार्रवाई की गुहार**

राम सिंह ने शिकायती पत्र में कहा है कि बार-बार पूछने पर भी पुलिस उन्हें यह नहीं बता रही है कि आखिर उनका अपराध क्या है। बेकसूर होने के बाद भी मिल रही इस प्रताड़ना से आजिज आकर पीड़ित ने डीआईजी देवीपाटन मंडल और एसपी गोण्डा की चौखट खटखटाई है। पीड़ित ने मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराकर दोषी दरोगा और पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सिद्धार्थनगर में करंट की चपेट में आने से दो की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विद्युत करंट की चपेट में आने से बुधवार दोपहर दो ग्रामीणों की मृत्यु हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब एक व्यक्ति घर के टीनशेड वाले बरामदे में सूख रहे कपड़े उतार रहा था। करंट लगने पर उसे बचाने के लिए दौड़ा पड़ोसी भी विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गया। देखते ही देखते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवारों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जोगिया कोतवाली भंवारी गांव निवासी 50 वर्षीय ललन पुत्र हरिराम अपने घर के टीनशेड वाले बरामदे में सूख रहे कपड़े उतार रहे थे। इसी दौरान टीनशेड के संपर्क में आए कटे हुए विद्युत तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर वह जमीन पर गिर पड़े। यह देखकर पड़ोस में रहने वाले 26 वर्षीय रूपेश पुत्र रामजीत उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिन जैसे ही उन्होंने ललन को छुड़ाने का प्रयास किया, वह भी करंट की चपेट में आ गए और वहीं गिर पड़े।

चीख-पुकार सुनकर स्वजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। किसी तरह से ग्रामीणों ने वहां सप्लाई रोकी। ग्रामीण दोनों को अस्पताल ले जाने का का प्रयास करने लगे, लेकिन छूने पर पता चला कि उनकी सांसें थम चुकी थीं। कुछ ही देर में गांव में हादसे की खबर फैल गई और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही जोगिया थानाध्यक्ष अभय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसा कटे हुए विद्युत तार में उतरे करंट के कारण प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महरौनी में चोरों का आतंक दो बंद मकानों के ताले तोड़ लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**कुआघोषी और जखौरा गांव में वारदात, अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में बंद पड़े मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पीड़ितों की तहरीर पर महरौनी पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ग्राम कुआघोषी की है। यहां निवासी मनीष कुमार साहू पुत्र माधव प्रसाद साहू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 1 जुलाई 2026 की सुबह वह अपनी पत्नी और बच्चों को स्कूल छोडने के लिए सैदपुर गए थे। दोपहर करीब 1.15 बजे घर लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और पूरा सामान बिखरा पड़ा था।

# महरौनी में घर में घुसकर महिला समेत तीन लोगों से मारपीट

**» चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा**
**» एसडीएम के निर्देश पर मेडिकल के बाद दर्ज हुई एफआईआर, धमकी देने का भी आरोप**

**ललितपुर।** कस्बा महरौनी के मोहल्ला लुहरयाना में घर में घुसकर महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि चार युवक लाठी-डंडे लेकर जबरन घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। घटना में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़िता ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) महरौनी से शिकायत की, जिसके बाद चिकित्सीय परीक्षण कराकर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मोहल्ला लुहरयाना निवासी चंदा देवी पत्नी शेर सिंह ने दर्ज कराई तहरीर में बताया कि 29 जून 2026 की सुबह करीब 10.30 बजे वह अपने किराए के मकान में घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान मोहल्ले के कुनाल पुत्र विनोद बसोर, अमन पुत्र विनोद बसोर, शिवम पुत्र कमलेश तथा बोड़ा पुत्र रामसहाय बसोर एक राय होकर लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि घर में घुसते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और चंदा देवी के साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची रूपसुधा पत्नी शंकर पटैरिया और शंकर पटैरिया को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। मारपीट में तीनों लोगों को चोटें आईं। शोर सुनकर मोहल्ले की रानी शर्मा, रामसखी सहित अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद आरोपी पक्ष राजीनामा करने का दबाव बना रहा है और शिकायत वापस न लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने उपजिलाधिकारी महरौनी से न्याय की गुहार लगाई। एसडीएम के निर्देश पर 30 जून को घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। महरौनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**● अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने के कड़े निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति एवं रोजगार सृजन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के अधिक से अधिक युवक एवं युवतियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के साथ-साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर विशेष बल। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक युवा इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को उनकी रुचि एवं स्थानीय रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें रोजगार प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

**रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण पर विशेष जोर देने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए एग्रीकल्चर, ऑटोमेटिव, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग, मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, प्लम्बिंग, हैंडीक्राफ्ट एंड कार्पेट, ब्यूटी एंड वेलनेस, टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी, आईटी एवं आईटीईएस, रिटेल सहित अन्य रोजगारपरक ट्रेडों में अधिक से अधिक युवक-युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योगों एवं बाजार की मांग के अनुरूप संचालित किए जाएं, जिससे प्रशिक्षित युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

**समन्वित प्रयासों से बढ़ेगा रोजगार और आत्मनिर्भरता**

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कौशल विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने




की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे जनपद में रोजगार के अवसरों का विस्तार हो तथा अधिक से अधिक युवा आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने नियमित समीक्षा एवं सतत मॉनिटरिंग पर भी विशेष बल दिया।बैठक में कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी तथा रोजगार उपलब्ध कराने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कुमार पांडेय, डीसी एनआरएलएम जे.एन. राव, जिला सेवायोजन अधिकारी, राम सिंह जिला समन्वयक कौशल विकास, अविनाश प्रताप सिंह कौशल विकास मैनेजर, दीपक खरे कौशल विकास मैनेजर सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की।

## संक्षिप्त खबरें

### जर्जर प्राइमरी स्कूल की छत भरभराकर गिरी, पहले ही बंद होने से टला बड़ा हादसा

**सिंगाही।** ग्राम पंचायत मांझा के चौगुर्जी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के एक कमरे की जर्जर छत गुरुवार सुबह लगातार हो रही बारिश के दौरान भरभराकर गिर गई। विद्यालय पहले ही जर्जर घोषित कर बंद कराया जा चुका था और बच्चों को दूसरे प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसी कारण बड़ा हादसा टल गया। गुरुवार सुबह स्कूल की गिरी बिल्डिंग को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 2012 में हुआ था। निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग और अनियमितताओं के कारण भवन कुछ ही वर्षों में जर्जर हो गया था। वर्ष 2024 में भवन की दीवारों में कई जगह दरारें पड़ गई थीं, जबकि एक कमरे की छत में बड़ा छेद भी हो गया था। विद्यालय की बदहाल स्थिति को लेकर कई समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग ने भवन का निरीक्षण कराया। जांच में भवन को जर्जर पाए जाने पर विद्यालय बंद कर दिया गया और यहां अध्ययनरत सभी बच्चों को पास के दूसरे प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।खबर के प्रभाव से ही सुबह करीब 10 बजे लगातार बारिश के कारण विद्यालय के एक कमरे की छत अचानक भरभराकर गिरने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार ने बताया कि विकासखंड में कुल 53 विद्यालय भवन जर्जर घोषित किए गए हैं। इनमें से 21 भवनों को ध्वस्त कराया जा चुका है। चौगुर्जी का विद्यालय भी पहले ही जर्जर घोषित कर बंद करा दिया गया था तथा यहां के सभी विद्यार्थियों को दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसी कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

### बारिश में बिजली के खंभों और तारों से सावधान ! बहुआयामी संस्था से परवेज आलम ने सभी नागरिकों से की अपील

**लखीमपुर खीरी।** बरसात का मौसम आ चुका है बारिश में बिजली के खंभों और तारों से बचना बहुत जरूरी है क्योंकि गीला होने पर करंट लगने का खतरा 10 गुना बढ़ जाता है और खतरे को देखते हुए बारिश में बिजली से बचाव के लिए बहुआयामी संस्था से परवेज आलम ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने अपील की है कि अगर टूटा हुआ तार जमीन पर पड़ा हो तो उससे कम से कम 10 मीटर दूरी बनाए रखे। बारिश का पानी करंट को दूर तक फैला देता है और खंभे से सटकर मत खड़े हों सीमेंट का हो या लोहे का हो लेकिन गीले होने पर करंट पकड़ लेते हैं अगर पानी भरी सड़क पर तार दिखे तो तुरन्त रुक जाए और आप वापस हो जाए, पानी में करंट दौड़ रहा होगा तो आपको पता नहीं चलेगा, कई लोग कपड़े सुखाने के लिए तार का इस्तेमाल करते हैं यह भी बारिश में जानलेवा हो सकता है और अगर आप बाहर हो तो तुरन्त पक्की इमारत या गाड़ी में जाए, पेड़ बिजली के खंभे, या खुली जगह से दूर रहें और अगर आप बिजली की चमक देखे या फिर गड़गड़ाहट सुनाई दे, तो तुरन्त घर के अंदर आ जाए और धातु की चीज़ से बचे जैसे साइकिल बाइक, खेती के औजार और आप अगर घर के अंदर हों तो टीवी, फ्रिज कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान के प्लग हटा दें और अपने फ़ोन का इंटरनेट बंद कर दें बिजली गिरने हर साल भारत में 3000+मौतें होती है ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में होती है। तो आप सभी लोग इसे हल्के में मत ले और इसे गहराई से समझें

### बरेली में बारिश के कहर से दीवार गिरी, दो मासूमों की दबकर मौत

**बरेली।** मानसून आते ही घटनाएं भी शुरू हो गई। शुक्रवार सुबह वर्षा की वजह से अलीगंज के पैनी गांव में एक मकान की दीवार गिरने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के अनुसार, पैनी गांव निवासी आठ वर्षीय अंशु और छह वर्षीय कार्तिक दुकान पर रस लेने जा रहे थे। रास्ते में नित्यानंद वर्मा और शिवम चौधरी की दीवार अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर पड़ी। दोनों बच्चे दीवार के नीचे दब गए। हादसे के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। गांव वालों ने तत्काल मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। बताया गया कि अंशु इकलौता पुत्र था। दोनों बच्चों के पिता पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अलीगंज में बुधवार रात भी वर्षा हुई थी। गांव वालों का कहना है कि दीवार पहले से ही गिरने की स्थिति में थी मगर किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया।

# बहराइच में गोदाम से 8140 शीशी कोडीनयुक्त सिरप बरामद, पुलिस ने मालिक को किया गिरफ्तार

● बहराइच में पुलिस और औषधि विभाग ने एक मेडिकल एजेंसी के गोदाम पर छापा मारकर 8140 शीशी कोडीनयुक्त सिरप और कैप्सूल बरामद किए।

एजेंसी मालिक अजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और बरामद दवाओं को सीज कर दिया गया है।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बहराइच।** दरगाह इलाके में स्थित मेडिकल एजेंसी के गोदाम पर पुलिस व औषधि विभाग की टीम ने छापेमारी कर 8140 शीशी कोडीनयुक्त सिरप, कैप्सूल व तस्करी में प्रयुक्त कार को बरामद किया। बरामद सामान को सीज कर दिया गया है। एजेंसी मालिक पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि असरफा परसौरा गांव में दवा एजेंसी पर प्रतिबंधित सिरप का कारोबार होने की जानकारी मिली थी। इस पर रुपईडीहा व दरगाह थाने की पुलिस के साथ औषधि निरीक्षक विनय कृष्णा की टीम ने बुधवार रात शिवांस मेडिकल एजेंसी के दूसरे हिस्से में स्थित गोदाम में छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में कोडीनयुक्त सिरप की खरीद फरोख्त एजेंसी मालिक अजय कुमार यादव द्वारा किए जाने के साथ यहीं से कोडीनयुक्त सिरप सीमावर्ती बाजारों को भेजे जाने की पुष्टि भी हुई। टीम ने पास में स्थित आवास के अवैध गोदाम की जांच की तो मौके से 25 बोरियों में 8140 शीशी प्रतिबंधित सिरप बरामद हुई। जिसे पुलिस टीम ने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने एजेंसी मालिक पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही जिस कार से सिरप की तस्करी बाजारों में की जाती है, उसे भी सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी से एनरेक्स कोडीन सिरप 5520 शीशी, कोडिसन सिरप 1152, कोफिजा कोडीन सिरप 748, ओहमेरेक्स टी सिरप 240, कैरिसपास कैप्सूल, 120 पत्ता और स्पास वन कैप्सूल 144 पत्ते बरामद किया गया। बरामद सभी दवाओं को सीज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद दवाओं की कीमत 20 लाख 35 हजार रुपये है। एसपी ने बताया कि इससे पहले रुपईडीहा पुलिस व औषधि निरीक्षक की टीम ने दो दिन पूर्व स्टेशन रोड निवासी आदित्य मिश्रा को 2349 शीशी के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ व मोबाइल की जांच में दरगाह में एजेंसी का भी नाम उजागर हुआ।

## रिठौरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बैंक का स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर पूरी बैंक शाखा को फूलों और आकर्षक लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया, जो वहां पहुंचने वाले ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक सुमित कौशल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बैंक के गौरवशाली इतिहास और उसकी स्थापना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक हमेशा से ग्राहकों के भरोसे पर खरा उतरा है।

इसके साथ ही उन्होंने बैंक द्वारा ग्राहकों के हित में किए जा रहे विभिन्न उत्कृष्ट कार्यों और आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के बारे में भी बताया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक सरोकार निभाते हुए




बैंक प्रबंधन की ओर से स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं को ज्योमेट्री बॉक्स और टॉफियां वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके अलावा बैंक पहुंचे सभी ग्राहकों का भी मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया और उनकी बेहतर सेवाओं का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान नवीन मर्तोलिया, सुमन गंगवार, प्लास मल्होत्रा, शिवम गुप्ता, आशीष कुमार, महेंद्र कुमार, राजवीर, तारेश और संजू कश्यप सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में बैंक ग्राहक मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से घास-फूस की रसोई में लगी आग, टीन शेड फटा, बड़ा हादसा टला

**सिंगाही खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के निंबुआ फार्म निवासी रामस्वरूप के घर पर गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। बिजली की चपेट में आने से घास-फूस से बनी रसोई में आग लग गई और रसोई के ऊपर लगा टीन शेड तेज धमाके के साथ फट गया। घटना के समय रसोई में रखा घरेलू सामान बुरी तरह बिखर गया। परिजनों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत रसोई से कुछ सामान बाहर निकाल लिया। हालांकि आग से रसोई और उसमें रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति रसोई के अंदर मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद परिवार के लोग सहम गए और घर में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

# बंदरों के हमले से घायल पांच महीने की मासूम की मौत, फिरोजाबाद में आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

● फिरोजाबाद में बंदरों के हमले के दौरान छत से गिरकर पांच माह की मासूम काव्या की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर नगर निगम की लापरवाही पर नाराजगी जताई।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** बंदरों के आतंक ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। छत पर भाई की गोद में खेल रही पांच माह की मासूम काव्या बंदरों के हमले के दौरान हाथ से छूटकर नीचे खड़ंजे पर गिर गई थी। गंभीर हालत में उसे पहले ट्रॉमा सेंटर और फिर आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां बुधवार देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बंदरों के बढ़ते आतंक और नगर निगम की लापरवाही पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। थाना दक्षिण क्षेत्र के गांव बासठ निवासी प्रमोद कुमार की पांच माह की पुत्री काव्या बुधवार देर शाम अपने भाई कन्हैया के साथ घर की छत पर थी। कन्हैया उसे गोद में लेकर खिला रहा था। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड छत पर आ गया और कन्हैया पर हमला बोल दिया। बंदरों से बचने की कोशिश में काव्या उसके हाथ से छूटकर नीचे खड़ंजे पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां देर रात उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। काव्या दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटी थी। उसके पिता प्रमोद कुमार टाइल्स और पत्थर लगाने का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। देर रात करीब 12 बजे परिजन मासूम का शव लेकर गांव पहुंचे तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक मासूम दो भाई और एक बहन में सबसे छोटी थी। घटना की सूचना पर सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह और थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली।

### पिता की डांट से नाराज 12 साल का लड़का ट्रेन के शौचालय में 22 घंटे तक छिपा रहा

**बरेली।** पिता ने पढ़ाई न करने पर डांटा तो 12 वर्षीय बालक घर छोड़कर चला गया और ट्रेन के शौचालय में बंद हो गया। डर के कारण 22 घंटे तक उसी में बंद रहा। इस बीच टीटीई को शक हुआ तो कई आवाज लगाकर शौचालय का दरवाजा खुलवाया। डरा-सहमा बालक बाहर आकर रोने लगा तो टीटीई ने गले लगाकर चुप कराया। उसे बिस्किट, चाकलेट खरीदकर दीं। इसके बाद बुधवार को उसे बरेली जंक्शन पर ट्रेन से उतारकर बाल कल्याण समिति के सिपुर्द कर दिया गया। बिहार के बांका में रहने वाले बालक के पिता हैदराबाद में नौकरी करते हैं। वह अवकाश पर घर आए हुए हैं। सोमवार रात को उन्होंने बालक को पढ़ाई न करने पर डांट दिया था। मंगलवार सुबह बालक घर से निकल गया। दोपहर को भागलपुर पहुंचा। वहां 1:30 बजे 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस के एसी कोच के शौचालय में छिप गया और उसका दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। बरेली निवासी टीटीई इंद्रेश सक्सेना ने बताया कि बुधवार सुबह नौ बजे उनकी लखनऊ जंक्शन से ड्यूटी शुरू हुई। उसी दौरान एक यात्री ने बताया कि शौचालय का गेट काफी देर से बंद है। इसकी जानकारी पर शौचालय का गेट कई बार खटखटाया तो बालक रोते हुए बाहर आया और पूरा उसने घटनाक्रम बताया।

## सीएचसी पसगवां में डॉक्टर पर अभद्रता और रुपये मांगने का आरोप

● जांच की निष्पक्षता पर भी उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पसगवां, खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पसगवां बीते दिनों दिनाँक 18/052026 को एक मामला सामने आया था जिसकी मीडिया के माध्यम से खबर वायरल हुई थी और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतें भी की गई हैं क्या था पूरा मामला सीएचसी में तैनात डॉ. शादाब और नर्स सीमा पर एक मरीज के साथ अभद्र व्यवहार करने और ब्लड प्रेशर (बीपी) मापने के नाम पर 50 रुपये मांगने का आरोप लगाया गया था। आरोप है कि जब मरीज ने रुपये देने पर आपत्ति जताई तो विवाद बढ़ गया था और डॉक्टर शादाब ने गुस्से में मरीज का पर्चा फेंक दिया। घटना के बाद मरीज और उसके परिजनों में नाराजगी फैल गई।मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। वहीं क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि सीएचसी अधीक्षक ने मामले में डॉक्टर शादाब का बचाव किया, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं।हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। यदि जांच में लगाए गए आरोप सही साबित होते हैं, तो यह न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली बल्कि स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाएगा। अब सभी की निगाहें स्वास्थ्य विभाग की जांच पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में मरीजों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### आरटीओ शांति भूषण पांडे के द्वारा 'मिशन सेफ फ्यूचर'' अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही

6 वाहनों पर की गई कार्यवाही अलग-अलग थानों में निरुद्ध किया गया



**लखीमपुर खीरी:** आरटीओ शांति भूषण पांडे द्वारा कडी कार्यवाही करते हुए 6 वाहनों को अलग-अलग थानों में निरुद्ध किया । जिसमें से चार प्राइवेट वाहन जो अलग-अलग स्कूलों में संबद्ध थे, और स्कूल के बच्चों को परिवहन करते हुए पकड़े गए उनको भी थाने में बंद किया गया। इसके साथ ही साथ सभी स्कूल प्रबंधन को भी सख्त निर्देश दिये गये कि किसी भी स्कूल में प्राइवेट वाहन से बच्चों का लाने ले जाने का काम ना किया जाए ।अगर प्राइवेट वाहन स्कूलों में चलती हुई पाई गई तो सख्त कार्रवाई होगी। और ऐसे स्कूलों की मान्यता भी रद्द करने की भी कार्रवाई होगी ।

## पांच जुलाई को होगा गुरुकुल मे अध्यनरत वटुकों का यज्ञोपवीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** भारतीय संस्कृति, वैदिक शिक्षा एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित कर्मसु वेद वेदांग गुरुकुल विद्यापीठ निरंतर संस्कारित, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिष्ठ पीढ़ी के निर्माण हेतु कार्य कर रहा है। गुरुकुल में विद्यार्थियों को वेद, वेदांग, संस्कृत, भारतीय संस्कृति, योग, यज्ञ, आध्यात्मिक शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण आधुनिक शिक्षा के समन्वय के साथ प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुकुल परिसर में 5 जुलाई 2026, रविवार को प्रातः 11:00 बजे से 21 बटुक ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार एवं विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में सम्पन्न कराया जाएगा। गोला तहसील के ग्राम कपरहा के मजरा तेन्धुआ मे बाबा तुरंतनाथ धाम मे स्थित गुरुकुल के संचालक रामदेव मिश्र शास्त्री ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार सनातन धर्म के सोलह संस्कारों में अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार है। यह बालक के जीवन में ज्ञान, अनुशासन, वेदाध्ययन, आत्मसंयम तथा आध्यात्मिक जीवन की



औपचारिक शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। संस्कार के माध्यम से बालकों को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में वैदिक परंपरा के अनुरूप सभी धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे तथा उपस्थित श्रद्धालु नवदीक्षित बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में वैदिक शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। रामदेव मिश्र शास्त्री ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस पावन अवसर के साक्षी बनने का आग्रह किया है।

# एसडीएम ने किया साधन सहकारी समितियां का निरीक्षण मिली खामियां

● शिकायत किसानों की फार्मर आईडी में लेखपालों द्वारा किसने की न्यूनतम जमीन दरसाई गई है जिसके कारण खतौनी लेकर जाना पड़ रहा है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**नवाबगंज एसडीम उदित पवार ने किसानों को खाद की किल्लत को देखते हुए विकासखंड भदपुरा के निरीक्षण को निकले उन्होंने क्यों लड़ियां पहुंचकर साधन सहकारी समिति पर किसानों से वार्ता की किसानों के द्वारा बताया गया समितियां पर खाद लेने के लिए आकर अपने कागज जमा कर देते हैं और लाइन में लगे रहते हैं शाम को कह दिया जाता है की अब मशीन काम नहीं कर रही है। अपने-अपने कागज ले जाओ कई कई दिनों तक समितियां पर सचिव लोग उपस्थित नहीं होते हैं जिसके कारण किसानों को गन्ने की फसल में यूरिया खाद लेने के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है निजी दुकानदारों के पास जाने पर अन्य सामग्री सौंप दी जाती है जिसकी कीमत यूरिया के बोरा से कहीं अधिक है जिसके कारण किसानों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम पवार द्वारा क्यों लड़ियां समिति पर ही सचिव एवं किसानों के बीच बैठकर उन्होंने निर्देशित किया खाद्य वितरण में किसी भी तरह की धांधली बरती गई तो निश्चित तौर पर बड़ी कार्यवाही की जाएगी किसानों को उनके मानक के अनुसार यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए इसमें किसी भी तरह की शिकायत मिलती है। तो इसे गंभीरता द्वारा लिया जाएगा और जिलाधिकारी की तरफ से बड़ी कार्यवाही की जाएगी इसलिए व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जाए उन्होंने ग्रामीणों को स्वस्थ किया यदि अब किसी तरह की गड़बड़ी होने पर वह शिकायत करें संबंधित के विरुद्ध जांच करवा कर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इसी दौरान उन्होंने परसरामपुर सदर सहकारी समिति का भी निरीक्षण किया वहां पर भी लोगों ने छुट फुट शिकायत की गई एसडीएम द्वारा वहां भी सचिव को चेतावनी दी गई मानक के अनुरूप किसानों को खाद्य शीघ्र उपलब्ध कराई जाए इस समय किसानों को खाद की आवश्यकता है यदि इसमें लापरवाही की गई तो जिम्मेदारों को इसका




खामियाजा उठाना पड़ेगा इसके साथ ही उन्होंने निजी दुकानों पर भी फोकस किया। सब कुछ नॉर्मल मिलने के बाद एसडीएम द्वारा खाद वितरण पर लेखपालों को भी नजर रखने की बात कही गई इसी क्रम में किसानों द्वारा एक बड़ी समस्या का खुलासा किया गया किसानों द्वारा बनवाई गई फार्मर आईडी में संबंधित लेखपालों ने किसानों की कृषि योग्य भूमि को न्यूनतम स्तर पर ही दर्ज किया है जिसके कारण किसानों को खाद लेने के लिए फार्मर आईडी के साथ अपनी जमीन की खतौनी निकलवा कर भी ले जाना पड़ रही है यह बड़ी समस्या होने पर इसे किसने की संबंधित भूमि को उनकी फार्मर आईडी में दर्ज कराया जाए ताकि किसानों को हो रही समस्या से निदान मिल सके।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : मेघा नागर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** तिलहर ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री मेघा नागर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका बलिदान प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांत आज भी देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सेवा, समर्पण और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक एवं भाजपा जिला महामंत्री अरुण यादव 'चैनू' ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि संस्मरण पखवाड़े का उद्देश्य नई पीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों और उनके संघर्षपूर्ण जीवन से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, सौरभ सोमवंशी, खुटार ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप, जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जल निकासी के लिए बनाए गए नाले से एसडीएम ने हटवाया अतिक्रमण

प्रशासन की कार्रवाई से लोगों ने ली राहत की सांस



**सिंगाही खीरी।** नगर क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निघासन ने प्रशासनिक टीम के साथ नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। खैरीगढ़ तिराहे पर लंबे समय से हरिओम निवासी सिंगाही ने नाले पर पर अवैध कब्जे के कारण बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। एसडीएम राजीव निगम के नेतृत्व में राजस्व एवं नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जल निकासी में बाधा बनने वाले किसी भी अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में जल निकासी का रास्ता साफ हो गया है, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए नियमित रूप से नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग भी की।

## किशोरी के कथित अपहरण मे विवेचना को लेकर पीड़िता की मां विकेचक बदलवाने की लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** गोला कोतवाली में दर्ज किशोरी के कथित अपहरण प्रकरण की विवेचना को लेकर पीड़िता की मां ने पुलिस एसपी और सीओ गोला को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच किसी अन्य विवेचक से कराए जाने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी नाबालिग पुत्री को एहसान गुफरान उर्फ बब्लू, शबनम और मुन्ना बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। इस संबंध में 14 जून को कोतवाली गोला में मुकदमा दर्ज कराया गया था लेकिन अब तक न तो किशोरी की बरामदगी हो सकी है और न ही नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार मुख्य आरोपी ने मुकदमा दर्ज होने के बाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर शपथपत्र के माध्यम से किशोरी को बालिग बताते हुए उसके विरुद्ध कोई मुकदमा दर्ज न होने की बात कही थी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उच्च न्यायालय के आदेश के पैरा-09 में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि प्रकरण में पूर्व से कोई रिपोर्ट दर्ज पाई जाती है तो उक्त आदेश स्वतः अप्रभावी माना जाएगा। पीड़िता की मां का आरोप है कि विवेचक द्वारा अब तक उनका बयान दर्ज नहीं किया गया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी किशोरी की बरामदगी मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड के परीक्षण और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के संकलन सहित आवश्यक विवेचनात्मक कार्रवाई प्रभावी




ढंग से नहीं की गई है। संभावित ठिकानों पर दबिश न दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। इन परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए पीड़िता की मां ने एसपी और सीओ से मामले की निष्पक्ष प्रभावी और शीघ्र जांच सुनिश्चित कराने के लिए वर्तमान विवेचक को बदलकर किसी अन्य अधिकारी से विवेचना कराए जाने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## एसबीआई बैंक के 71वें स्थापना दिवस पर ग्राहक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**सीखड़ मीरजापुर,** भारतीय स्टेट बैंक के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा मगराहा में ग्राहक सम्मान समारोह पर केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया।शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने उपस्थित ग्राहकों का स्वागत करते हुए बैंक पर उनके अटूट विश्वास एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। शाखा प्रबंधक ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास ही भारतीय स्टेट बैंक की सबसे बड़ी पूंजी है बैंक सदैव बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में शाखा के कर्मचारी राकेश कुमार, प्रीतम, आकांक्षा, अभय, दिनेश, शिव,महबूब सहित सम्मानित ग्राहक एवं गणमान्य नागरिक चन्द्र कुमार सिंह, सुभाष सिंह, मनोज सिंह , कामेश्वर पांडेय, तारकेश्वर मिश्रा बनारसी सिंह, निर्भय शंकर दुबे, बच्चेलाल, रामकुमार सिंह फन्चाईज संचालक, पप्पू सिंह गोलू सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार यह संगठित गिरोह नकली आभूषणों को असली बताकर बैंकों से धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने का कार्य करता था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शंकर लाल (30) और हंसराज (24), निवासी नारेपार थाना कोईरौना, जनपद भदोही के रूप में हुई। दोनों के विरुद्ध पूर्व से धोखाधड़ी, जालसाजी व आपराधिक षड्यंत्र समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। कार्रवाई उ0नि0 विनोद तिवारी, उ0नि0 ओमप्रकाश यादव, आरक्षी दीपू तथा पीआरडी चालक रामलाल की टीम ने की।

## भाभी को साथ रखने की चाह में दोस्त की हत्या, मौसेरे भाई को फंसाने की रची साज़िश



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने 24 जून को हुई सनसनीखेज हत्याकांड का गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे पुलिस लाइन सभागार में खुलासा किया है पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रकाश पुत्र होली, निवासी ममरखापुर थाना रामपुरकलां को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया मामले का खुलासा एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने किया एएसपी दुर्गेश सिंह ने बताया आरोपी प्रकाश का अपनी भाभी जमेला को अपने साथ रखने को लेकर मौसेरे भाई पप्पू से विवाद चल रहा था। 3 साल पहले पहले पति की मौत के बाद जमेला पप्पू के साथ रह रही थी। प्रकाश ने पप्पू और प्रेम को हत्या के झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची। महिला के साथ रखने की चाहत में हत्याकांड की योजना के तहत प्रकाश लखनऊ में अपने साथ मजदूरी करने वाले सुखराम पुत्र रामाधार, निवासी गढ़ी बिजुआमऊ थाना मछरेटा, को बहला-फुसलाकर महमूदाबाद ले आया। 24 जून की रात वह उसे मोलहेपुर गांव के पास चकमार्ग पर यूकेलिप्टस की झाड़ियों के पास ले गया। यहां पहले उसे खूब शराब पिलाई। जब सुखराम गहरी नींद में सो गया तो रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच प्रकाश ने चाकू से उसका गला रेतकर हत्या कर दी हत्या के बाद आरोपी ने घटनास्थल पर ऐसे कागजात छोड़े, जिन पर पप्पू और प्रेम के नाम लिखे थे, ताकि पुलिस का शक उन्हीं पर जाए। इसके बाद वह हत्या में यूज चाकू झाड़ियों में छिपाकर फरार हो गया। जांच के दौरान पुलिस को प्रकाश की गतिविधियां संदिग्ध लगीं हिरासत में लेकर की गई कड़ी पूछताछ में उसने पूरा घटनाक्रम स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की है!!

# सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निस्तारण के लिए 21 से 23 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

**● आपसी सुलह से विवाद सुलझाने का अवसर, पक्षकार समय रहते करें आवेदन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 'समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत)-2026' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही ने सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकारों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के पूर्णकालिक सचिव आशीष कुमार सिंह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह विशेष पहल की गई है। इस अभियान का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 को किया जा चुका है। इसके तहत ऐसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा, जिनमें आपसी सहमति और सुलह-समझौते की संभावना है।

उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपनी सुविधा के अनुसार व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से भी सुलह-वार्ता में भाग ले सकते हैं। इससे दूर-दराज के लोगों को भी अपने मामलों के निस्तारण में सुविधा मिलेगी तथा समय और धन दोनों की बचत होगी।

पूर्णकालिक सचिव ने बताया कि जिन पक्षकारों के मामले सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं और जो आपसी सहमति से विवाद का समाधान चाहते हैं, वे निर्धारित समय के भीतर सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भरकर अपने वाद को विशेष लोक अदालत में सूचीबद्ध कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन एवं अन्य जानकारी के लिए पक्षकार सर्वोच्च न्यायालय के वन स्टॉप सेंटर (बार रूम) के दूरभाष 011-23115652 एवं 011-23116464, सीआरपी निदेशक कार्यालय



के दूरभाष 011-23115652 एवं 011-23116465 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी-ब्लॉक, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली स्थित कार्यालय से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक पक्षकार ई-मेल के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही ने सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के सभी पक्षकारों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं और आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से अपने विवादों का शीघ्र, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

## पड़ाव की सरकारी जमीन पर किया गया है अवैध कब्जा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज बाजार में पुरानी हाईवे पर दबंगों के द्वारा लगातार पड़ाव की जमीन पर किया जा रहा है कब्जा पहले कब्जा करके दूसरों को हाथ बेचा गया है । अब हो रहा है नया निर्माण पहले मकान तक था सीमित अब बरामदा बनाकर रोड पर भी किया जा रहा है कब्जा कई एक बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लेकर ऊपर तक किया गय। लेकिन नहीं हुआ कारवाइए ग्रामीणो ने आक्रोश जताते हुए बताया कि पड़ाव के ही जमीन पर बने हैं काफी मकान एक तरफ सरकार का एजेंडा है।

कि भू माफिया को सरकारी जमीन से हटाया जाए दूसरे तरफ भू माफियाओं के द्वारा सरकारी सड़क सरकारी जमीन पर कब्जा करने का कर रहे है प्रयास। भू माफिया तहसील प्रशासन को चैलेंज करके सरकारी जमीन करते हैं कब्जा अपने आप को बताते हैं भूमिधरी जमीन के कास्तकार जबकि पड़ाव की जमीन को पहले कोई और कब्जा किया था उसके बाद दूसरे भूमाफियाओं के हाथ बेचा गया अब दूसरे भूमाफियाओं के द्वारा विस्तार सड़क की तरफ किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## एयरटेल नेटवर्क से परेशान एयरटेल नेटवर्क उपभोक्ता

**एयरटेल नेटवर्क ना काम करने से परेशान हैं मार्केट के उपभोक्ता**

**हलिया मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के बेलन बरौधा बाजार के एयरटेल उपभोक्ता नेटवर्क से परेशान हैं एयरटेल का नेटवर्क ना होने से बाधित हो रहा है मार्केट के लोगों का कार्य मार्केट के लोगों ने बताया कि आए दिन हो जाता है एयरटेल नेटवर्क फेल जिससे होता है काफी दिक्कत तमाम एयरटेल से जुड़े हैं सरवर सरवर न रहने से नहीं होता है कार्य तमाम प्रकार का होता है कार्य बाधित मार्केट के लोगों का कहना है कि एयरटेल नेटवर्क को सही कराया जाए जिससे मार्केट के लोगों का काम ना बाधित हो सके इस समय नेटवर्किंग से होता है पूरा व्यापारियों का कार्य जब नहीं है नेटवर्क तो कैसे करेंगे कार्य जिससे नेटवर्क विभाग से मार्केट के लोगों का मांग है कि नेटवर्क को सही कराया जाए जिससे नेटवर्क के उपभोक्ताओं का हो सके सही काम।

# पैकेज्ड पेयजल इकाइयों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

**● 02 जल निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण, जांच हेतु नमूने लिए गए; मानकों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी भदोही के निर्देश के क्रम में जनपद में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पैकेज्ड पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (पैकेज्ड पेयजल) के निर्माण एवं विक्रय से संबंधित इकाइयों के विरुद्ध 29 जून से 30 जून 2026 तक विशेष जांच एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम में 30 जून 2026 को मैसर्स जे एस इंटरप्राइजेज, गोपीगंज सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के एक नमूने को संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

इसके अतिरिक्त 1 एवं 2 जुलाई 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जनपद स्थित पैकेज्ड पेयजल निर्माण इकाइयों का व्यापक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान 02 निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण करते हुए संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों एवं स्वच्छता संबंधी सभी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि पैकेज्ड पेयजल का निर्माण, भंडारण एवं वितरण खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लाइसेंसिंग एवं खाद्य कारोबार का पंजीकरण) विनियम, 2020 के अनुरूप ही किया जाए। साथ ही उत्पादन प्रक्रिया में




गुणवत्ता, स्वच्छता एवं निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मानव स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ करने वाली तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली पैकेज्ड पेयजल इकाइयों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।– विवेक कुमार श्रीवास्तव सहायक आयुक्त (खाद्य)-II/ अभिहित अधिकारी (प्रभारी) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, भदोही

# विजिलेंस ब्यूरो ने नायब तहसीलदार के रीडर को 6000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटियाला,** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पटियाला के समाना के नायब तहसीलदार के रीडर संजीव सभरवाल को 6,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आज यहां यह जानकारी देते हुए, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव धंथल तहसील समाना जिला पटियाला के एक निवासी की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के भाई ने अपने बेटे को विदेश भेजने के लिए जन स्मॉल फाइनेंस बैंक, पटियाला से 11 लाख रुपये का लोन लिया था, जिसमें उसका घर सिक्योरिटी के तौर पर गिरवी रखा था। यह लोन 14,000 रुपये की मासिक किश्तों में चुकाया जा रहा था। लेकिन पिछले दो सालों से इन किश्तों की अदायगी न होने के कारण एस.ए.आर. एफ.ए.एस. आई.एस. एक्ट, 2002 की धारा 14 के तहत कार्रवाई शुरू की गई थी, जो इस समय नायब तहसीलदार-कम-एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, समाना के दफ्तर में लंबित है। इसके चलते गिरवी रखी गई प्रॉपर्टी पर कब्जा लेने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रवक्ता ने आगे बताया कि जब शिकायतकर्ता समाना में नायब तहसीलदार



के दफ्तर गया तो उसकी मुलाकात आरोपी रीडर संजीव सभरवाल से हुई। आरोपी रीडर ने केस की कार्रवाई में देरी करने के लिए 25,000 रुपये रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद आरोपी 6,000 रुपये की शुरुआती किश्त लेने पर सहमत हो गया। शिकायतकर्ता को बाकी रकम 06.07.2026 के बाद देने के लिए कहा गया। गैर-कानूनी रिश्वत देने के लिए तैयार न होने पर शिकायतकर्ता ने वीबी रेंज पटियाला से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजिलेंस टीम ने आरोपी रीडर को 25,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायत करने वाले से दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में 6,000/- रुपये वसूले गए। इस संबंध में, आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन पटियाला में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच चल रही है।

## डॉक्टर्स डे और सीए डे पर चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का हुआ सम्मान

**ललितपुर।** लायंस क्लब सेवा ललितपुर द्वारा नए लायनिस्टिक वर्ष के प्रथम दिन डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) डे पर जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि चिकित्सक समाज के शारीरिक स्वास्थ्य के मार्गदर्शक होते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही वर्ग अपने-अपने क्षेत्र में समाज और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इसी भावना के साथ उनके सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान डा.दीपक चौबे, डा.आलोक जैन, डा.दीपाली, डा.दीपक, डा.अनुपम मिश्रा एवं डा.प्रतीक को उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं जनपद के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए संजीव जैन, सीए सौरभ जैन एवं सीए विकास ओसवाल को भी समाज और आर्थिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब सेवा के अध्यक्ष संजीव जैन ममता स्पोटर्स ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना क्लब की परंपरा है और आगे भी इस प्रकार के सामाजिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सर्व समाज जनहित पार्टी की मासिक बैठक मे संगठन का किया गया विस्तार

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी की बैठक बुधवार को कैंप कार्यालय नारायण कटरा, गोपीगंज में हुई,राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह की अध्यक्षता मे पार्टी की मासिक बैठक में जनहित से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। संगठन को मजबूत बनाने के लिए ग्राम व बूथ स्तर पर कमेटी का गठन,वन बूथ ट्वेंटी यूथ का गठन हर ब्लाक का नियमित दौरा करने,गोपीगंज नगर के विकास हेतु नगर पालिका परिषद से वार्ता पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष प्रयास, कार्यकर्ता के अधिकार, कर्तव्य,मान-सम्मान की सुरक्षा और सुख-दुख में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।संगठन का विस्तार करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम नारायण प्रजापति को राष्ट्रीय महासचिव व मीडिया प्रभारी तथा लोक गायक विष्णु पांडेय को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।बैठक में कैसर खान, सिंटू शुक्ला, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, रामबाबू, मुखराम मिश्रा, घनश्याम कौशल, मोहम्मद उमर, मुन्नू अली आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय नैडी कठारी में अभियान के तहत किया गया साफ सफाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नैडी कठारी मे अभियान के तहत न्याय पंचायत बेलन बरौधा के 13 सफाई कर्मियों के द्वारा ग्राम प्रधान देव कुमार के मौजूदगी में किया गया साफ सफाई वहीं मौजूद सफाई कर्मियों ने बताया कि ब्लॉक में आने वाले ग्राम पंचायत में अभियान के तहत सफाई कार्य किया जा रहा है सफाई अभियान के तहत प्रथम वरीयता विकासखंड के स्कूलों में दिया जाता है वही आज हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत नैडी कठारी मे अभियान के तहत साफ सफाई किया गया कुड़ा कचरा इकठ्ठा किया गया वही मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान देव कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाकर हर ग्राम पंचायत को साफ सुथरा बनाने का कार्य कर रही है वर्तमान सरकार वही ब्लॉक में लगाए गए कर्मचारियों के द्वारा एक-एक दिन हर न्याय पंचायत के ग्राम पंचायत में साफ सफाई अभियान चलाया जाता है वही मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारी रमेश कुमार राकेश प्रभात कुमार तिवारी मुंशीलाल इंग्लिश खान झालर प्रसाद कलावती संतोष कुमारी प्रमिला देवी इत्यादि सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# अधूरे राष्ट्रीय राजमार्ग पर विधायक जाहिद बेग ने एनएचएआई के मुख्य अभियंता को भेजा ज्ञापन

**● जल्द निर्माण पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** वाराणसी- कपसेठी-भदोही-मछलीशहर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-731बी) के अधूरे निर्माण को लेकर भदोही के विधायक जाहिद बेग ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया तो वह जनहित में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। विधायक ने ज्ञापन में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का कार्य भी अब तक पूरा नहीं हो सका है। इसके कारण यातायात बाधित हो रहा है और लोगों को लंबा जाम झेलना पड़ रहा है। सड़क निर्माण की धीमी गति से क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विधायक जाहिद बेग ने कहा कि भदोही विश्व प्रसिद्ध कालीन उद्योग का प्रमुख केंद्र है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, निर्यातक और देश-विदेश से आने वाले खरीदार आवागमन करते हैं। सड़क की जर्जर स्थिति से जिले की छवि भी प्रभावित हो रही है तथा कालीन उद्योग के कारोबार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराकर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। विशेष रूप से आगामी विश्व स्तरीय कार्पेट मेले से पहले सड़क को पूरी तरह तैयार किया जाए, ताकि जिले में आने वाले देशी-विदेशी आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक ने कहा कि यदि संबंधित विभाग ने शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वह आम जनता के साथ आंदोलन करने के लिए विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी की होगी।

# खंड विकास अधिकारी ब्रजेश नारायण त्रिपाठी सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई में सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विकास खंड सुरियावां में खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात रहे ब्रजेश नारायण त्रिपाठी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरांत 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में गुरुवार को विकास खंड सभागार में भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ब्लॉक के अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, प्रशासकों तथा अन्य कर्मियों ने श्री त्रिपाठी को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना की तथा उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री त्रिपाठी ने अपने कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा, सरल स्वभाव और प्रशासनिक दक्षता के साथ विकास कार्यों को गति प्रदान की। उनके व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने सराहना की। समारोह में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नितेश त्रिपाठी, एडीओ (आईएसबी) वीरेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत मतीन अंसारी, एपीओ सुरेंद्र सोनकर, एडीओ समाज कल्याण मुरलीधर, एडीओ (एजी) विनय कुमार मौर्य, प्रशासक राजमणि पांडेय, वतन दूबे, विमिलेश चंद्र यादव, बृजेश उपाध्याय, रमेश गुप्ता, संजय यादव, वरिष्ठ सहायक रमाशंकर, शेषनाथ पाटिल, रोजगार संघ के सुरेश तिवारी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यालय के चंदन बाबू सहित रोजगार सेवक एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सेवालाल ने किया। समारोह का समापन सभी अतिथियों द्वारा श्री त्रिपाठी के सम्मान में शुभकामनाएं व्यक्त करने के साथ हुआ।

## वीबी-जी राम जी योजना में अब 125 दिन का रोजगार मिलेगा: अजय




**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतीला में गुरुवार को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रचार-प्रसार हेतु विधानसभा क्षेत्र इटवा ग्राम पतिला में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



चेयरमैन अजय गुप्ता ने कहा कि वीबी राम जी योजना में अब 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी मार्कण्डेय पाण्डेय, प्रधान तुषार चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष इटवा दीपनारायण त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप चौधरी, शक्ति केंद्र संयोजक टाइगर पटेल, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा राम नरेश पासवान, अनूप चौधरी, जनार्दन चौधरी, भीष्म चौधरी, फूलचंद चौधरी, शक्ति केंद्र के संयोजक पाले चौधरी, बच्चा राम पांडे, वीरेंद्र चौधरी, राम प्रसाद वरुण आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व नपाध्यक्ष स्व. रामदास रायसाहब की स्मृति में बने स्मृति द्वार, राज्यमंत्री से की मांग

**ललितपुर।** पूर्व नपाध्यक्ष एवं ऑनरेरी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट स्व.रामदास रायसाहब की स्मृति को चिरस्थायी बनाने की मांग उठी है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री (कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र) गन्धर्व सिंह लोधी ने उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर गुरुजी को ज्ञापन सौंपकर स्व. रामदास रायसाहब की स्मृति में शहर में एक भव्य स्मृति द्वार का निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया है। ज्ञापूर्व नपाध्यक्ष स्व. रामदास रायसाहब की स्मृति में बने स्मृति द्वार, राज्यमंत्री से की मांग

ललितपुर। पूर्व नपाध्यक्ष एवं ऑनरेरी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट स्व.रामदास रायसाहब की स्मृति को चिरस्थायी बनाने की मांग उठी है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री (कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र) गन्धर्व सिंह लोधी ने उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर गुरुजी को ज्ञापन सौंपकर स्व. रामदास रायसाहब की स्मृति में शहर में एक भव्य स्मृति द्वार का निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ला बड़ापुरा निवासी स्व. रामदास रायसाहब ने स्वतंत्रता आंदोलन

कार्यालय खंड विकास अधिकारी हलिया मीरजापुर

पत्रांक/लेखाकार/ सांसद निधि/ ई –निविदा 2025-26 दिनांक जून 2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखंड हलिया जनपद मिर्जापुर के माध्यम से सांसद निधि के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2026- 27 मे कराए जाने वाले कार्यों का विवरण जो वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलोड है

पर सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में जी0एस0टी0 में पंजीकृत फर्मो से ई निविदा दिनांक 04-07-2026 से दिनांक 14-07-2026 तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित समस्त जानकारी विवरण नियम और शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा।

सुनील कुमार खरवार
अवर अभियंता ग्रा0अ0वि0
हलिया, मीरजापुर।

विजय शंकर त्रिपाठी
खण्ड विकास अधिकारी
हलिया मीरजापुर।

# संक्षिप्त खबरें

## डीएम व एसपी ने टीईटी परीक्षा केंद्रों की परखी सुरक्षा व्यवस्था

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनपद में आज से प्रारम्भ होने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज व एमडीपीजी कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।उन्होंने अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजामों का निरीक्षण किया। डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने और कानून- व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

## 04 किलो गांजा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया



**प्रतापगढ़।** जनपद में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सतत एवं कठोर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उ0 नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों संजीत कुमार पुत्र अखिलेश सिंह निवासी ग्राम बिजरुख बख्तियारपुर थाना अठमल गोला जनपद पटना राज्य बिहार उम्र करीब 29 वर्ष व निशांत पुत्र सुजीत सिंह निवासी ग्राम बिजरुख बख्तियारपुर थाना अठमल गोला जनपद पटना राज्य बिहार उम्र करीब 19 वर्ष को कुल 04 किलो ग्राम नाजायज गांजा के साथ थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत माँ बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन रानीगंज प्रतापगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 04 किलो नाजायज गांजा बरामद किया गया, जिसके संबंध में थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 293/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## वीबीजी-रामजी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता अभियान आयोजित

### विकास खंड व ग्राम पंचायत में जनसम्मेलन एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में वीबीजी-रामजी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से जनपद सोनभद्र की विकास खंड व ग्राम पंचायत में गुरुवार को जनजागरूकता कार्यक्रम एवं जनसम्मेलनों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूह (स्वत) की महिलाओं तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान योजना के उद्देश्य, ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका तथा पात्र लाभार्थियों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड रॉबर्ट्सगंज की ग्राम पंचायत बहुआर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनभागीदारी पर बल दिया। जनपद के सभी विकास खंडों में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को वीबीजी-ग्रामजी योजना के प्रति जागरूक किया गया तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

# दिल्ली से लौटते समय कंटेनर से टकराई स्कार्पियो

● सिद्धार्थनगर के एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत, 4 घायल

● दिल्ली में लड़की के घर मांगलिक कार्यक्रम में गए थे।

● रौनाही के पास भीषण सड़क हादसा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** वाहन दुर्घटना की एक दर्दनाक घटना ने गुरुवार सुबह पूरे जिले को स्तब्ध कर दिया। अयोध्या जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में सिद्धार्थनगर के एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना जैसे ही मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चेतिया कस्बे पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। हादसा अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र में अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही के पास हुआ।दुर्घटना में मृतकों में परी (14 )पुत्री राधेश्याम निवासी मस्किनवा थाना छपिया गोंडा , पिंकी (34) पत्नी राधेश्याम निवासी मस्किनवा, थाना छपिया गोंडा, दुर्गेश (55)पुत्र नंदलाल निवासी चेतिया, थाना मिश्रौलिया, सिद्धार्थनगर शामिल है। जबकि घायलों में विजय लक्ष्मी (45)पत्नी दुर्गेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता उर्फ रवि (27) पुत्र दुर्गेश, निवासी चेतिया, थाना मिश्रौलिया, सिद्धार्थनगर. राधेश्याम( 40), व गोलू( 12) पुत्र राधेश्याम, निवासी मस्किनवा, छपिया, गोंडा शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में लखनऊ भेजा गया है।

दुर्गेश के दामाद राधेश्याम परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। दुर्गेश अपनी पत्नी और बेटे के साथ कुछ दिन पहले बेटी और दामाद के पास गए थे।दिल्ली में छोटी लड़की के घर मांगलिक कार्यक्रम था वह 27 जून की रात में गए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह अपने घर सिद्धार्थनगर चेतिया गुरुवार को पूरा परिवार वापस आ रहे थे भोर में लगभग चार बजे उनकी स्कार्पियो रौनाही टोल प्लाजा के निकट मुबारकपुर के पास आगे चल रहे एक



कंटेनर से पीछे जा टकराई।टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और दुर्गेश, पिंकी तथा परी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि अभिषेक, राधेश्याम, विजयलक्ष्मी और गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही रौनाही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने घायलों को तत्काल निकट के स्वास्थ्य कद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। दुर्घटना का समाचार चेतिया कस्बे पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया।

## टीईटी परीक्षा को निष्पक्षता से सम्पन्न कराने हेतु



पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**कानपुर।** दिनांक 2.7.2026 को आयोजित यूपी टीईटी परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा श्री कैलाश नाथ बालिका इंटर कॉलेज, कानपुर नगर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कवरेज एवं निगरानी व्यवस्था का परीक्षण किया तथा कंट्रोल रूम एवं कैमरा मॉनिटरिंग सिस्टम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए तथा निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा सभी कैमरे पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच, स्ट्रॉन्ग रूम/ संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित परीक्षा संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

# प्रमोशन, डिपार्टमेंटल परीक्षाएं और नियुक्तियां लागू हों- एआईएएनजीओ




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** ऑल इंडिया आयुध निर्माणी नॉन गजेटेड ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईएएनजीओ) के तत्वावधान में गुरुवार को आयुध उपस्कर निर्माणी फूलबाग कानपुर के गेट के सामने मध्यावकाश में चार्जमैनों ने धरना दिया। धरने में लंबित पदोन्नतियों, विभागीय परीक्षाओं, अनुकंपा नियुक्तियों संबंधी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरने में मांग की गई कि यथास्थिति के आदेशों को समाप्त कर चार्जमैन से जूनियर वर्क्स मैनेजर, जूनियर वर्क्स मैनेजर से वरिष्ठ ग्रेड जूनियर वर्क्स मैनेजर तथा वरिष्ठ ग्रेड जूनियर वर्क्स मैनेजर से सहायक वर्क्स मैनेजर तक की वर्ष 2026 की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की जाए।

साथ ही दिव्यांग कर्मचारियों की पदोन्नति और 5400 रुपये के गैर-कार्यात्मक उन्नयन का लाभ भी दिया जाए। कर्मचारियों ने वरिष्ठ ग्रेड जूनियर वर्क्स मैनेजर की सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लंबित 618 पदों को भरने, तकनीकी जूनियर वर्क्स मैनेजर के लिए विभागीय परीक्षाएं आयोजित करने, मास्टर क्राफ्ट्समैन से चार्जमैन पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने तथा भर्ती नियमों में संशोधन और कैडर समीक्षा की मांग की। इस अवसर पर एआईएएनजीओ ओईएफ कानपुर ब्रांच के सचिव संदीप सिंह, अध्यक्ष विनोद कुमार, सीपीसीटी सदस्य बिजेन्द्र कुमार सिंह, अमित निगम, पंकज वर्मा, अलंकार अवस्थी, सत्येंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला, रीतेश पांडेय, सूरज कुमार, सहित एआईएएनजीओ के अन्य सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी की तो पहुंचेगी थाने, लाउड हेलर से लोगों को किया एलर्ट

● शहर में सड़कों पर खड़ी 7 गाड़ियों को पहुंचाया थाने, चेतावनी देकर छोड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 02.07.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में 'सुगम यातायात योजना ' Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme ' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/चालकों को सूचित

करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा



अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 07 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## अधिवक्ताओं ने साथियों के उत्पीड़न को लेकर एसडीएम से जताया आक्रोश

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद व महामंत्री शिव रंजन यादव की अगुवाई मे अधिवक्ताओं ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर लालगंज कोतवाली के कल्यानपुर ढ़िगवस मे अधिवक्ता आलोक शुक्ला की भूमि-धरी पर प्रशासन द्वारा जबरिया हस्तक्षेप की कार्रवाई को अनुचित ठहराया, वहीं उदयपुर थाना के खानीपुर निवासिनी महिला अधिवक्ता खुशबू सिंह पर बुधवार को हुए प्राणघातक हमले मे पुलिसिया लापरवाही पर वकील आक्रोशित दिखे। वकीलों ने एसडीएम को इन सभी समस्याओं के समाधान न होने पर आंदोलन शुरू करने को लेकर आगाह किया। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को सभी मामलो की जांच कराकर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर राममोहन सिंह, अनिल महेश, देवी प्रसाद मिश्र, संदीप सिंह, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# डीसीपी के निर्देश! ओवर स्पीड वाहनों पर कड़ी कार्यवाही, तीन मार्गो पर 316 वाहनों के चालान

● मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ओवर स्पीड वाहनों पर हो रही कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 02.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 59 ट्रक, 03 बस, 85 चार पहिया/दो पहिया 147 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 04 ट्रक, 04 बस, 105 चार पहिया/दो पहिया 113 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 56 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से



करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है -नियमों का पालन करें व दूसरों को भी प्रेरित करें।

# लंबित परियोजनाओं पर सीडीओ की कड़ी चेतावनी, नोटिस जारी करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतागपढ़।** मुख्य विकास अधिकरी डॉ राममोहन मीना ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के साथ त्वरित आर्थिक विकास/पूर्वांचल विकास निधि/सांसद निधि/विधायक निधि से कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा विकास भवन सभागार में की।समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में त्वरित आर्थिक विकास योजना से 2926.75 लाख की लागत से स्वीकृत 156 कार्यो में 8 कार्य प्रगति पर तथा अवशेष कार्य निविदा की प्रक्रिया मे पाए गए।निविदा की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराते हुए सभी कार्यो को माह नवम्बर 26 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। भयहरणनाथ धाम मे कन्वेशन सेन्टर का निर्माण हेतु अब तक भूमि सीमांकन न होने पर सम्बन्धित सदर एसडीएम को 2 दिवस में सीमांकन कराने के निर्देश दिए। पूर्वाचल विकास निधि (जिलांश) से वित्तीय वर्ष 2025-26 में रुपये 1589.106 लाख की लागत से स्वीकृत कुल 422 कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं वर्ष 2025-26 मे राज्यांश के अन्तर्गत रूपये 1331.820 लाख की लागत से स्वीकृत कुल 101 कार्यो में मात्र 2 कार्य पूर्ण व 97 कार्य निविदा पर पाए गए।निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करते हुये, सभी कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद प्रतापगढ़ के वर्ष 2024-25 के सांसद निधि से स्वीकृत अपूर्ण 9 कार्यो के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता यूपीएसआईसी प्रयागराज से जानकारी करने पर उनके द्वारा भूमि विवाद होने की स्थिति से अवगत कराया गया,जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व विभाग से सहयोग प्राप्त कर विवाद निस्तारित कर 15 दिवस के अन्दर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।विधायक निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यो के सापेक्ष अत्यधिक संख्या में अपूर्ण कार्यो के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से पूछे जाने पर उनके द्वारा समुचित उत्तर नहीं दिया जा सका, जिस पर सीडीओ द्वारा अत्यधिक नाराजगी व्यक्त की गई। समीक्षा में अनुपस्थित पाए गए कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, यूपी सिडको, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीएसआईसी प्रयागराज को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए।कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि जनपद मे लगाए गए हाईमास्ट लाईटों का सत पर्यवेक्षण करते हुए, जहां लाईटे खराब पाई जाए उन्हे तत्काल ठीक कराया जाए।बैठक मे परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, सांसद, विधायक के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## महाराजपुर में ट्रेलर ने खड़े आटो को मारी टक्कर, 6 लोग घायल, घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**कानपुर।** आज दिनांक 2.7.2026 को थाना महाराजपुर क्षेत्र के सरसौल फ्लाईओवर पर एक आटो को पीछे से एक ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे आटो में बैठे 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल ही घायलों को सीएचसी सरसौल भेजा गया जहां उनका इलाज चल रहा है। यह जानकारी देते हुए कमिश्नरेट कानपुर पुलिस ने बताया कि महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल फ्लाईओवर पर तकनीकी खराबी के कारण एक ऑटो अचानक बंद हो गया, तभी पीछे से आ रहे ट्रिपर ट्रेलर ने ऑटो में टक्कर मार दी और स्वयं डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में ऑटो चालक सहित कुल 06 लोग घायल हुए। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी सरसौल में भर्ती कराया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# विकसित गाँव ही विकसित भारत की सबसे सशक्त नींव: विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मनुहार गांव में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत घरुआर में आयोजित 'विकसित भारत-जी-राम जी' प्रचार-प्रसार एवं जन सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)अधिनियम, 2025 (VB-G RAMG)' की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिनों के वैधानिक रोजगार एवं 252 से बढ़ाकर 300 रूपए मजदूरी कर दी गई है। साथ ही कृषि एवं भूमि सुधार, जल संरक्षण एवं अमृत सरोवर, ग्रामीण संपर्क मार्ग, कौशल विकास एवं स्वरोजगार, आवास एवं आधारभूत संरचना, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यो को नई गति




मिलेगी। विधायक ने कहा कि गांव का विकास जरूरी है। विकसित गाँव ही विकसित भारत की सबसे सशक्त नींव हैं। इस योजना से ग्रामीणों को स्थायी आजीविका, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर गांवों का निर्माण, पलायन में कमी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उपस्थित क्षेत्रवासियों से इस जनहितकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बीडीओ बढ़नी अनीषि मणि त्रिपाठी, प्रदीप कमलापुरी, राधेश्याम आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा मुखिया के जन्मदिन पर किया पौधारोपण




**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष में दूसरे दिन गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम सभा सेमरा के टोला मसिना में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम आयोजक सपा नेता उग्रसेन सिंह ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन सेवा और पर्यावरण चेतना के रूप में मनाया जा रहा है। यह आने वाली पीढ़ियां को स्वच्छ और हरा भरा वातावरण देने का काम करेगा। कार्यकर्ताओं ने पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) मिशन को पूरी निष्ठा से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मसिना गावं में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ स्वच्छ और हरा भरा वातावरण के लिये विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस दौरान सपा जिला सचिव रामू यादव, सलीम, बहादुर अली, मोहम्मद सिद्दीक, सुरजीत, महबूब आलम, सफीउल्लाह,अनिल कुमार, अहसानुल्लाह, रामदास, अंबरीश चौधरी, निजामुद्दीन, नीरज चौरसिया, सुदामा गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

# केक काटकर व वृक्षारोपण कर मनाया अखिलेश यादव का जन्म दिन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन सप्ताह के दूसरे दिन महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद के नेतृत्व में कानपुर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण, केक कटिंग एवं पीडीए जनसंदेश यात्रा के संकल्प के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में जाजमऊ में कार्यक्रम संयोजक एवं महानगर उपाध्यक्ष मिफ्ताउल हक़ 'इशरत इराक़ी' के संयोजन में वृक्षारोपण एवं केक कटिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं उस्मानपुर कॉलोनी, किदवई नगर में कार्यक्रम संयोजक सुधांशु मिश्रा के संयोजन में केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

सभी कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के उत्तम





स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए पीडीए का संदेश जन-जन तक पहुंचाने तथा वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय और जनसंपर्क का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, महेन्द्र सिह, रजत मिश्रा, शबाब अबरार, शादाब खान, तौसीफ खान, राजेंद्र कोरी, गुड्डु यादव, दीपक कश्यप, मुमताज मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# लाइन लॉस घटाने और बिजली व्यवस्था सुधारने पर डीएम सख्त, लापरवाह लाइनमैनों पर कार्रवाई के निर्देश

● लो वोल्टेज की समस्या दूर करने, खराब ट्रांसफार्मर समय से बदलने और उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, लाइन लॉस, लो वोल्टेज की समस्या, ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन तथा उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में लाइन लॉस को कम करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जाए। उन्होंने लाइनमैनों के कार्यो की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि जो



कर्मचारी अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने लो वोल्टेज की समस्या को गंभीरता से लेते हुए फीडरों की बैलेंसिंग कर विद्युत आपूर्ति को सुचारु एवं संतुलित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा के भीतर बदलने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल की जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड में नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने और शिकायत निस्तारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने को कहा। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता, देवीपाटन मंडल विद्युत विभाग ने विभागीय कार्यों की प्रगति, लाइन लॉस नियंत्रण, फीडर प्रबंधन तथा विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का समयबद्ध और प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में मुख्य अभियंता देवीपाटन मंडल, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता विद्युत बलरामपुर एवं तुलसीपुर, सभी उपखंड अधिकारी (एसडीओ), अवर अभियंता (जेई) तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 20 साल बाद 10 सर्कुलर रोड से लालू परिवार की विदाई



**पटना।** बिहार की राजनीति का लंबे समय तक अहम केंद्र रहा पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड गुरुवार को एक बड़े राजनीतिक बदलाव का गवाह बना। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पूर्व CM राबड़ी देवी ने आखिरकार यह सरकारी आवास खाली कर दिया। दोनों अब पटना के कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। भवन निर्माण विभाग का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा, इसलिए बंगला हैंडओवर नहीं हुआ है। बंगले पर केयर टेकर रह गया है। सरकार का कोई प्रतिनिधि आए, तो बंगला हवाले कर वह भी निकल लेगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहले ही अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित नए सरकारी आवास में शिफ्ट हो चुके हैं। इसके साथ ही करीब 20 वर्षों तक बिहार की राजनीति का केंद्र रहे 10 सर्कुलर रोड से लालू परिवार का अध्याय औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। 10 सर्कुलर रोड का यह सरकारी बंगला वर्ष 2006 में राबड़ी देवी को बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद आवंटित किया गया था। तब से यह आवास राजद की राजनीतिक गतिविधियों, रणनीतिक बैठकों और कई महत्वपूर्ण फैसलों का प्रमुख केंद्र रहा।इसी आवास से पार्टी की चुनावी रणनीतियां बनीं। कई अहम राजनीतिक बैठकें हुई और यहीं रहते हुए तेजस्वी यादव ने वर्ष 2015 में पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसलिए इस बंगले को राजद की राजनीति का प्रतीक भी माना जाता रहा है। भवन निर्माण विभाग ने राबड़ी देवी को सरकारी आवास खाली करने के लिए चार बार नोटिस जारी किया था। अंतिम नोटिस 22 जून को जारी करते हुए सात दिनों के भीतर आवास खाली करने का निर्देश दिया गया था। विभाग ने स्पष्ट किया था कि निर्धारित समय सीमा के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। 29 जून को भी सामान शिफ्टिंग होती रही। इसी दौरान राबड़ी देवी के पीए ने विभाग को पत्र लिखा। 5 जुलाई तक अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद गुरुवार को लालू परिवार ने आवास खाली कर दिया। आवास खाली करने से पहले राबड़ी देवी ने कहा था आवास आवंटन के समय सरकारी सामानों की जो सूची उन्हें दी गई थी, उसका रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## पटना की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर सीट पर उपचुनाव का एलान; 6 जुलाई से शुरू हो जाएगा नामांकन




**पटना।** बिहार की हाई-प्रोफाइल 182-बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को उपचुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके अनुसार इस सीट पर 30 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 3 अगस्त को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। यह सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थी।अब निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इस सीट पर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव की अधिसूचना 6 जुलाई को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 13 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 जुलाई को होगी, जबकि 16 जुलाई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा और 30 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। मतों की गणना 3 अगस्त को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उपचुनाव की तारीखों की घोषणा के बावजूद प्रमुख राजनीतिक दलों ने अभी अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान नहीं किया है। भाजपा के सामने अपनी परंपरागत सीट बचाने की चुनौती होगी, जबकि राजद इस सीट पर जीत दर्ज कर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश करेगा। हालांकि, राजद से अलग हो चुके तेज प्रताप यादव ने अपनी पार्टी की ओर से वीणा मानवी को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इससे चुनावी मुकाबले में नया समीकरण बनने की संभावना जताई जा रही है।उधर, जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी बांकीपुर उपचुनाव को लेकर लगातार सक्रिय हैं। वह क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और लोगों से भाजपा के खिलाफ मतदान करने की अपील कर रहे हैं। समझा जा रहा है कि वे उपचुनाव में उतरेंगे। हालांकि, पार्टी की ओर से अभी आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

**● मतदाताओं से की समय पर सत्यापन कराने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रांची, झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के सभी पात्र मतदाताओं से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत समय पर अपना एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रपत्र भरकर मतदाता सूची में अपने विवरण का सत्यापन कराने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना आवश्यक है। गुरुवार को रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं एसआईआर अभियान के तहत एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का संदेश देते हुए आम नागरिकों से भी निर्धारित समय सीमा के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भरकर जमा किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारियों ने 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-290 की बीएलओ के माध्यम से प्रपत्र भरने की प्रक्रिया पूरी कराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं एसआईआर प्रपत्र भरने के साथ-साथ अपने परिवार, पड़ोस और समाज के अन्य पात्र मतदाताओं को भी इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। गौरतलब है कि झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा मतदाताओं के विवरण का सत्यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ईआरओ-सह-एडीएम धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन तथा बीएलओ वेरोनिका देवी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सम्राट को पिस्टल लहराकर धमकी देने का वीडियो वायरल

**पटना साइबर थाने में FIR दर्ज**

**पटना।** सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने वाला एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक हाथ में पिस्तौल जैसी दिखने वाली चीज लहरा रहा है और सूबे के मुखिया के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। मामला संज्ञान में आते ही पटना पुलिस की साइबर सेल तुरंत हरकत में आई और इस संबंध में एक आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मामला पटना के साइबर थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर संभव शर्मा के लिखित बयान के आधार पर दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने अपने बयान में स्पष्ट किया है कि इंस्टाग्राम और एक्स जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में इस बात का विशेष उल्लेख किया गया है कि इस प्रकार के भड़काऊ और आपत्तिजनक वीडियो से न केवल मुख्यमंत्री के पद और उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ किया गया है, बल्कि इससे समाज के दो गुटों या समुदायों के बीच कटुता बढ़ने का भी गंभीर खतरा है।पुलिस का मानना है कि ऐसे कृत्यों से राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## बरही के जीतपुर में फाइलेरिया जांच के लिए नाइट ब्लड सर्वे

**● 302 ग्रामीणों के रक्त नमूने लिए गए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, झारखंडः-** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बरही प्रखंड के जीतपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र अंतर्गत सेंटिनल साइट बरसोंत गांव में बुधवार की रात 10 बजे से विशेष नाइट ब्लड सर्वे (रात्रिकालीन रक्त जांच अभियान) चलाया गया। अभियान के दौरान 20 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों की फाइलेरिया जांच के लिए कुल 302 रक्त स्लाइड (ब्लड सैंपल) संग्रह किए गए। अनुमंडलीय अस्पताल बरही के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी (पैरासाइट) रात के समय ही मानव रक्त में सक्रिय रहते हैं। इसी कारण इस बीमारी की सटीक पहचान के लिए रात्रिकालीन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में यह नाइट ब्लड सर्वे एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जांच अभियान अनुमंडलीय अस्पताल बरही के वीबीडी (वेक्टर बॉर्न डिजीज) सुपरवाइजर मो. ईरशाद आलम की निगरानी में आयोजित किया गया। अभियान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए राज्य पिरामल टीम के असू राय एवं अर्क राज, जिला वीबीडी सलाहकार मैमूर सुल्तान तथा जिला पिरामल टीम के प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। अभियान में अनुमंडलीय अस्पताल के सीनियर लैब तकनीशियन प्रहलाद कुमार, विष्णु कुमार महतो, शाहिद अली, राहुल कुमार, मृत्युंजय चौरसिया (एमपीडब्ल्यू), संतोष कुमार एवं उपेंद्र कुमार दास ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कुल 302 रक्त पट्ट (ब्लड स्लाइड) संग्रह किए। वहीं, क्षेत्र की सहिया साथी माया देवी तथा सहिया बबीता देवी, शोभा देवी, वीणा देवी और यशोदा देवी ने ग्रामीणों को जागरूक करने और जांच के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ऐसे अभियान फाइलेरिया की समय पर पहचान और इसके प्रभावी उन्मूलन में अहम भूमिका निभाते हैं।

## खून की कमी से जूझ रहे मरीज को मिला रक्तदान का सहारा, सोसाइटी सदस्य ने पेश की इंसानियत की मिसाल



**लोहरदगा, झारखंडः-** लोहरदगा में मानवता और सामाजिक सेवा की प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। जिले के पंडरा कुरु निवासी मुबारक पवरिया, जो सदर अस्पताल में भर्ती हैं, खून की कमी से जूझ रहे थे और उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। इस दौरान सोसाइटी के संस्थापक सैयद वसीम एवं अध्यक्ष अब्दुल मोहिमीन उर्फ बबन की पहल पर सोसाइटी के सदस्य खालिद अंसारी (बी+ ब्लड ग्रुप) ने बिना देर किए रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समय पर रक्त उपलब्ध होने से मरीज के परिजनों ने राहत की सांस ली और सोसाइटी के पदाधिकारियों सहित रक्तदाता खालिद अंसारी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सोसाइटी के कई पदाधिकारी और सदस्य भी सदर अस्पताल में उपस्थित रहे। सोसाइटी ने आम लोगों से अपील की कि जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए नियमित रूप से रक्तदान करें, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है।

## भाजपा नेता देवमोहन सिंह को नम आंखों से अंतिम विदाई, सांसद कालीचरण सिंह ने दी श्रद्धांजलि

**● देवनद नदी तट पर पूरे सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** भाजपा लातेहार जिला के पूर्व जिला महामंत्री स्वर्गीय देवमोहन सिंह को गुरुवार को चंदवा स्थित देवनद नदी तट पर पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह शामिल हुए। उन्होंने पुष्पमाला एवं भारतीय जनता पार्टी का ध्वज अर्पित कर दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि स्वर्गीय देवमोहन सिंह का संगठन और समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना तथा निष्ठापूर्ण कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस गहरे दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सांसद ने कहा कि देवमोहन सिंह का जीवन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। अंतिम संस्कार में भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष बंशी यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव, चंदवा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज, चंदवा पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशिष सिंह, चंदवा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रिक्की वर्मा, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, चंद्रभूषण केसरी, पूर्वी पंचायत अध्यक्ष रवि पांडुरंगा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय देवमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं संगठन के प्रति योगदान को याद किया।

## बरही अंचल कार्यालय की बदहाल व्यवस्था, दाखिल-खारिज के सैकड़ों मामले लंबित

**● सुस्त कार्यप्रणाली से बढ़ी लोगों की परेशानी, तीन वर्षों के आंकड़ों ने खोली व्यवस्था की पोल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) मामलों के निष्पादन की धीमी रफ्तार से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बीते तीन वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि कार्यालय में प्राप्त आवेदनों का समय पर निष्पादन नहीं हो पा रहा है, जिससे सैकड़ों आवेदन लंबित पड़े हैं और लोगों को जमीन संबंधी कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वर्ष 2025-26 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अंचल कार्यालय में कुल 1623 दाखिल-खारिज आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 924 मामलों का निष्पादन किया गया, और 680 आवेदनों को रद्द किया गया, जबकि 17 आवेदन अब भी लंबित हैं। वही 2 मामलों में आपत्ति दर्ज की गई। यह स्थिति दर्शाती है कि बड़ी संख्या में आवेदन या तो अस्वीकृत हो रहे हैं या समय पर उनका समाधान नहीं हो पा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्थिति और भी चिंताजनक नजर आ रही है। अब तक कार्यालय में 365 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से केवल 63 मामलों का निष्पादन किया जा सका है। जबकि 280 आवेदन लंबित हैं और 22 मामलों में आपत्ति दर्ज की गई है। शुरुआती अवधि में ही लंबित मामलों की इतनी बड़ी संख्या अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। यदि वर्ष 2024-25 के आंकड़ों पर नजर डालें तो उस वर्ष 1747 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 683 मामलों का निष्पादन हुआ, जबकि 1064 आवेदन खारिज कर दिए गए। इतनी बड़ी संख्या में आवेदनों का निरस्त होना भी कई सवाल खड़े करता है। यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आवेदनों में त्रुटियां अधिक थीं या फिर जांच एवं निष्पादन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मार्गदर्शन का अभाव रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि दाखिल-खारिज जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में देरी होने से जमीन संबंधी विवाद बढ़ने की आशंका रहती है। समय पर म्यूटेशन नहीं होने के कारण लोगों को बैंक ऋण, भूमि क्रय-विक्रय, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बार-बार अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने से लोगों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार लाया जाए, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा दाखिल-खारिज प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। इस सम्बंध में बरही सीओ चंद्रशेखर कुणाल से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नही किया। वॉट्शप पर संदेश के माध्यम से उनका पक्ष लेने का प्रयास किया उसका भी रिप्लाई समाचार लिखे जाने तक उनके द्वारा नहीं दिया गया।

## बरही पुलिस की बड़ी कार्रवाई : मुर्गी फॉर्म से 697 किलो अवैध डोडा बरामद

**● गुप्त सूचना पर एसडीपीओ राधाप्रेम किशोर के नेतृत्व में छापेमारी, 47 बोरों में मिला डोडा, दो तस्कर नामजद, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना गांव में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 697 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को सूचना मिली थी कि रसोईया-धमना निवासी बंगाली साव उर्फ बबलू साव पिता गंगो साव के मुर्गी फॉर्म के पास बने कार्कट के कमरे में बंगाली साव और सुनील राणा पिता कैलाश राणा द्वारा अवैध डोडा का भंडारण कर उसकी तस्करी की तैयारी की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए एसडीपीओ राधाप्रेम किशोर के नेतृत्व में छापामारी दल मौके पर पहुंचा। पुलिस को कार्कट का कमरा बंद मिला। कमरे के मालिक से संपर्क करने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कर कमरे का ताला तोड़ा गया। कमरे के अंदर प्रवेश करने पर एक बड़े कमरे में प्लास्टिक के कुल 47 बोरे रखे मिले। जांच करने पर सभी बोरों में अवैध मादक पदार्थ डोडा भरा हुआ पाया गया। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन मंगाकर सभी बोरों का वजन कराया गया, जिसमें कुल वजन 697 किलोग्राम निकला। चूंकि डोडा अवैध मादक पदार्थ की श्रेणी में आता है, इसलिए पुलिस ने दो स्थानीय गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जब्ती सूची तैयार कर सभी 47 बोरे डोडा को जब्त कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बरही थाना लाया गया।पुलिस ने इस मामले में बंगाली



साव उर्फ बबलू साव एवं सुनील राणा, दोनों रसोईया धमना थाना बरही जिला हजारीबाग को संदिग्ध अभियुक्त बनाया है। मामले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापामारी अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधाप्रेम किशोर ने किया। अभियान में बरही पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुमीत साव, कपुल दीपक नाग, सुशील कुमार सहित बरही थाना के सशस्त्र बल एवं चालक शामिल रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी-जेईई, नीट एवं क्लैट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा-पद्धति, विषय चयन, अध्ययन रणनीति तथा सफल करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन आशीष कुमार, पंकज कुमार एवं आचल कुमार ने विद्यार्थियों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रभावी तरीकों, समय-प्रबंधन तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि करियर काउंसलिंग विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। कक्षा नवम से द्वादश तक के छात्र-छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुई।

## नीतीश कुमार से मुलाकात के बदले नियम, बिना परमिशन अंदर जाना मना है!

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिलना आसान नहीं रह गया है। इन दिनों वे सात सर्कुलर रोड स्थित आवास में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद जब ने नए आवास में आए, मुलाकातियों के लिए दरवाजा खोल दिया गया था। नीतीश सुबह आठ-साढ़े आठ बजे के बीच हाल में बैठ जाते थे। फिर मुलाकात का सिलसिला शुरू हो जाता था। मुलाकातियों से अधिक पूछताछ नहीं होती थी। केवल यह जांच होती थी कि उसके पास क्षति पहुंचाने वाला कोई सामान तो नहीं है, लेकिन इसका असर यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे। पूर्व मुख्यमंत्री के सामने उल जुलूल हरकत भी करने लगे। वे किसी नेता के प्रति अपशब्दों का भी प्रयोग करने लगे। यहां तक कि विधान परिषद सदस्य ललन सर्राफ और संजय गांधी के प्रति भी नीतीश के सामने अप्रिय बोलने लगे थे। मुलाकातियों के कारण पूर्व मुख्यमंत्री की दिनचर्या प्रभावित होने लगी थी। कम भीड़ और वास्तविक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की गारंटी के लिए गुरुवार से नई व्यवस्था की गई है। अब मुलाकातियों की प्रवेश द्वार पर सख्त जांच होती है। उनका परिचय लिया जाता है। मिलने का उद्देश्य पूछा जाता है। उसके बाद पूरा विवरण आवास के अंदर जाता है। वहां से अनुमति मिलने के बाद ही किसी को आवास परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाती है।

## लुकुइया घाटी में ब्रेक फेल होने से सरिया लदे दो ट्रकों की भीषण टक्कर, चालक की मौत, तीन घायल

**●केबिन में फंसे चालक का हाइड्रा से निकाला गया शव, घायलों का चंदवा सीएचसी में उपचार; पुलिस जांच में जुटी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित लुकुइया घाटी में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रक राउरकेला से उत्तर प्रदेश की ओर सरिया लेकर जा रहे थे। आगे चल रहे 14 चक्का ट्रक (UP 75AT3909) के पीछे आ रहा 16 चक्का ट्रक (RJ11CG1994) अचानक ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित हो गया और उसने आगे वाले ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे वाले ट्रक में लदा सरिया आगे वाले ट्रक के केबिन को चीरते हुए अंदर घुस गया। हादसे में चालक राजेश यादव केबिन में बुरी तरह फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे में घायल उमेश यादव (28 वर्ष), दीपक तिवारी (27 वर्ष) और रिंकु यादव (25 वर्ष) को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। मृत चालक का शव ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंस गया था। प्रशासन ने हाइड्रा मशीन की सहायता से केबिन को काटकर घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## 'गलत एनकाउंटर करने वालों को मिले कड़ी सजा' भरत तिवारी मामले में बोलीं विधायक मैथिली ठाकुर

**पटना।** बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर बीजेपी की अलीनगर (दरभंगा) विधायक मैथिली ठाकुर ने बयान दिया है। उन्होंने इस एनकाउंटर को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा कि जो एनकाउंटर की घटना (भरत तिवारी एनकाउंटर मामला) हुई, उसमें गंभीर अनियमितताएं शामिल थी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि जिस पुलिस अधिकारी ने यह गलत काम किया, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सरकार ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है, और मेरा मानना है कि तुरंत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं विपक्ष द्वारा बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर अलीनगर विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि समय-समय पर उनके बयान आते रहते हैं उन्हें इस पर कुछ नहीं कहना है। उन्होंने बताया कि राज्य में कानून-व्यवस्था निश्चित रूप से और सख्त हुई है। कोई भी अपराधी अब अपराध करने से निश्चित रूप से डरता है। वहीं विपक्ष द्वारा बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर अलीनगर विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि समय-समय पर उनके बयान आते रहते हैं उन्हें इस पर कुछ नहीं कहना है। उन्होंने बताया कि राज्य में कानून-व्यवस्था निश्चित रूप से और सख्त हुई है। कोई भी अपराधी अब अपराध करने से निश्चित रूप से डरता है।

## बिरसा उच्च विद्यालय में लगा विधिक जागरूकता शिविर, छात्रों को बताए गए कानूनी अधिकार

**● 90 दिवसीय अभियान के तहत घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव और निःशुल्क कानूनी सहायता की दी गई जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) हजारीबाग द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को डाड़ी प्रखंड की डाड़ी पंचायत स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष ध्रुव चंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन तथा डीएलएसए सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी की निगरानी में संचालित किया जा रहा है। शिविर में विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा, डायन-भूत प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध से बचाव और अन्य महत्वपूर्ण कानूनी विषयों की सरल भाषा में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बातचीत और आपसी सहमति से निःशुल्क कराया जाता है। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराया जाता है। महिलाओं को नालसा और झालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया गया, जिसके माध्यम से लोग घर बैठे कानूनी सलाह और निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की भी जानकारी दी गई। अधिकार मित्रों (पीएलवी) ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आम लोगों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां केवल एक आवेदन देकर निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शिविर में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों तथा अधिकार मित्र रामचंद्र राम, सुखदेव महतो, शारदा कुमारी, कपिल राम और शशि कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### UPTET परीक्षा सकुशल एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** गुरुवार दिनांक 02.07.2026 को आयोजित UPTET परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अनिल कुमार द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी का निर्वहन करने, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार, अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में लगे अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए तथा स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो रही है।

### आईपीएस में प्रोन्नत किए जाने पर गृह नगर कोंच में उल्लास और खुशी का माहौल



**कोंच (जालौन)-** पीपीएस अधिकारी मधुवन कुमार सिंह को आईपीएस में प्रोन्नत किए जाने पर गृह नगर कोंच में उल्लास और खुशी का माहौल है। लोग उनके पिता और बड़े भाई को बधाइयां देने उनके निवास पर पहुंच रहे हैं। बता दें कि कस्बे के ब्रजेश्वरी कॉलोनी निवासी मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह के मंझले बेटे मधुवन कुमार सिंह का चयन पीपीएस में हुआ था। 2000 बैच के पीपीएस अफसर मधुवन ने ईमानदारी और निष्ठा से राष्ट्र की सेवा करते हुए आज वह मुकाम हासिल कर लिया जिसकी ख्वाहिश उन्होंने की होगी। इन दिनों वह बतौर अपर पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। 1 जुलाई को उन्हें आईपीएस में प्रोन्नत किया गया है, आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने उनके कंधों पर नए रैंक का बैज लगाकर बधाई दी। मधुवन के बड़े भाई उपवन कुमार सिंह परिषदीय विद्यालय में शिक्षक हैं जबकि उनके छोटे भाई राघवन कुमार सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। मधुवन की इस उपलब्धि पर नगर की जानी-मानी समाजसेवी संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।


### बानपुर पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई**

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपदभर में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंटों के आधार पर चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविंद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना बानपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम बड़ोखरा निवासी महेश पुत्र स्वामी जोशी, विनोद पुत्र इच्छाराम जोशी, राम किशोर पुत्र हरपा कुशवाहा तथा ग्राम किले का मैदान निवासी चन्दन सिंह पुत्र सोबरन को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी थे। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना बानपुर के थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने अपनी पुलिस टीम के साथ किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में वारंटी एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट से उबल पड़ा बीजपुर, एनटीपीसी और ठेकेदार के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

**● श्रीराम चौक पर जुटे सैकड़ों लोग, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के अधूरे वादे बना मुद्दा ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर लोगों ने जताई नाराजगी**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बीजपुर (सोनभद्र)।** लगातार हो रही बिजली कटौती और भीषण उमस से त्रस्त बीजपुर के लोगों का गुस्सा गुरुवार को खुलकर सामने आ गया। सुबह 10 बजे श्रीराम चौक (पिंक बूथ) पर आयोजित जनसभा में क्षेत्रवासियों ने बिजली व्यवस्था की बदहाली पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बैठक में एनटीपीसी रिहंद और बिजली आपूर्ति का कार्य देख रहे ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का आरोप था कि शिकायतों के बावजूद न तो बिजली आपूर्ति में सुधार हो रहा है और न ही जिम्मेदार अधिकारी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहे हैं।

बैठक के दौरान एनटीपीसी रिहंद द्वारा बीजपुर स्वागत गेट पर अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के पूर्व में किए गए आश्वासन का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। लोगों ने कहा कि वादा किए जाने के बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में जय राम शर्मा, सुरेन्द्र आग्रही, ललन सिंह, ब्रजकिशोर गुप्ता, विनोद गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, महावीर सिंह, गोपाल गुप्ता, सीमा पटेल, जावेद अहमद, रवीन्द्र गुप्ता, सुदर्शन पाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बीना वैध दस्तावेज/सीओपी धारी अधिवक्ताओं के न्यायालय में ड्रेस कोड पहनकर अनाधिकृत प्रैक्टिस की बार एसोसिएशन टीम ने की जांच पड़ताल



**दुद्धी/सोनभद्र-** मुंसिफ कोर्ट परिसर में दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलभूषण पांडे एडवोकेट व सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामलोचन तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में बीना वैध दस्तावेज /सी ओ पी धारी अधिवक्ताओं के ड्रेस कोड पहनकर अनाधिकृत प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं का बार कांउसिल आफ उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान के दौरान न्यायालय परिसर में आने वाले लोगों से उनके सी ओ पी और बार काउंसिल पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे गए। कई अधिवक्ताओं को ड्रेस कोड पहनकर अनाधिकृत बतौर अधिवक्ता न्यायालय/डायस पर नहीं जाने की हिदायत दी गई। जांच के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल अग्रहरि एडवोकेट, प्रेमचंद यादव एडवोकेट, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रभु सिंह कुशवाहा एडवोकेट, कैलाश कुमार गुप्ता एडवोकेट, राकेश कुमार श्रीवास्तव, आदर्श कुमार एडवोकेट अभिनव कुमार जायसवाल, राजीव रंजन एडवोकेट आदि दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## महिला थाना दुद्धी की काउंसलिंग से पारिवारिक विवाद का सफल निस्तारण, दंपति पुनः साथ रहने को हुए तैयार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिला परामर्श केंद्र/मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण के क्रम में महिला थाना दुद्धी क्षेत्र की एक महिला का वैवाहिक विवाद आपसी सहमति एवं काउंसलिंग के माध्यम से सफलतापूर्वक समाप्त कराया गया। दिनांक 02.07.2026 को मुस्कान पत्नी मोहन, निवासी वार्ड नं. 07, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र, महिला परामर्श केंद्र/मिशन शक्ति टीम के समक्ष उपस्थित होकर अवगत कराया कि पारिवारिक विवाद के कारण वह लगभग दो वर्ष पूर्व अपने मायके, ग्राम सासाराम, थाना सासाराम, जनपद रोहतास (बिहार) चली गई थी।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला के पति को महिला थाना दुद्धी पर काउंसलिंग हेतु बुलाया गया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को समझाया-बुझाया गया, जिसके उपरांत पति-पत्नी ने आपसी मतभेद समाप्त कर पुनः साथ रहकर वैवाहिक जीवन व्यतीत करने पर सहमति व्यक्त की।

आवेदिका दिनांक 02.07.2026 को अपने पति के साथ ससुराल जाकर पुनः वैवाहिक जीवन व्यतीत करने हेतु सहमत हुई तथा पति द्वारा भी अपनी पत्नी को साथ रखने का आश्वासन दिया गया।काउंसलिंग करने वाली टीम में मिशन शक्ति प्रभारी उ0नि0 संतु सरोज महिला थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र, उ0नि0 सुभाष चंद्र पांडे महिला थाना, म0हे0का0 संगीता सरोज, म0का0 आकांक्षा सक्सेना, म0का0 डिंपल यादव शामिल रहीं। महिला परामर्श केंद्र/मिशन शक्ति की प्रभावी काउंसलिंग से पारिवारिक विवाद का सौहार्दपूर्ण निस्तारण होने पर दोनों पक्षों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जनपद में गुरुवार को व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का निरीक्षण तथा नालियों की सफाई कराई गई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। अभियान के दौरान सफाईकर्मियों, ग्राम पंचायत सहायकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया।

आज संचालित अभियान के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। 52 ग्रामों में नालियों की सफाई कराई गई तथा 97 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई की गई। इसके अलावा 16 हैंडपंपों का मरम्मत कार्य कराया गया और 144 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 26 पशुपालकों को भी जागरूक किया गया तथा कृषक संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 21 बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## दो बाइकों की भिड़ंत में बच्चे समेत चार घायल

कोंच (जालौन)- सेठ बद्री प्रसाद कॉलेज के पास बुधवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में पति-पत्नी, उनके पुत्र समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार महेशपुरा निवासी जनवेद जाटव (45) अपनी पत्नी रानी (40) और पुत्र युवराज (13) के साथ उरई गए थे। बताया गया कि जनवेद की साली मंजू, जो तीतरा गांव की रहने वाली है, पेट दर्द की शिकायत के चलते उरई इलाज के लिए गई थी। उन्हें दिखाने के बाद जनवेद अपने परिवार के साथ देर रात बाइक से महेशपुरा लौट रहा था। इसी दौरान महेशपुरा रोड पर सेठ बद्री प्रसाद कॉलेज के समीप सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में जनवेद, उनकी पत्नी रानी, पुत्र युवराज तथा दूसरी बाइक पर सवार गोलू (20) पुत्र नरेंद्र निवासी महेशपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके

## स्वास्थ्य विभाग की सील पर सवाल कार्रवाई के 24 घंटे के भीतर फिर खुला

**● कार्रवाई पर उठे सवाल प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग**

**● सील तोड़कर दोबारा संचालन शुरू होने का आरोप ग्रामीणों में नाराजगी, कार्रवाई की उठी मांग**

**सील पैथोलॉजी सेंटर खुलने से चर्चाओं का बाजार गर्म**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बीजपुर /सोनभद्र-** अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। बीजपुर बाजार स्थित श्रीराम चौक के समीप एक पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए जाने के महज एक दिन बाद उसके दोबारा संचालित होने के आरोप सामने आए हैं। मामले ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बनते हुए विभागीय कार्रवाई की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जाता है कि बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर के अधीक्षक डॉ. पी. एन. सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर अभियान चलाकर एक पैथोलॉजी कलेक्शन सेंटर, एक होम्योपैथिक क्लीनिक और एक अन्य क्लीनिक को सील किया था। विभाग ने इसे अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई बताया था। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि टीम के लौटते ही संबंधित पैथोलॉजी सेंटर का ताला तोड़कर




दोबारा संचालन शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि संबंधित संचालक पहले भी अलग-अलग नामों से पैथोलॉजी का संचालन करता रहा है। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल विभागीय कार्रवाई की गंभीर अवहेलना होगी बल्कि कानून व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि सील किए गए संस्थान दोबारा आसानी से संचालित होने लगेंगे, तो अवैध स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान अपनी विश्वसनीयता खो देगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी, सोनभद्र का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका। विभाग की ओर से कोई स्पष्टीकरण या प्रतिक्रिया प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

## पांच फेरों के साथ शटल ट्रेन सरसो की तक चाहिए कोंच के बाशिंदों को

**● राठौर समाज सेवा समिति ने कोंच स्टेशन मास्टर के जरिए डीआरएम को भेजी चिट्ठी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** दिन भर में चार फेरों के साथ पिछले सवा तीन साल से कोंच और सरसोकी के बीच दिन में दो फेरे लगाती रही कोंच की शटल ट्रेन को हाल ही में रेल विभाग ने पांच फेरों में तब्दील किया है जिसमें सरसोकी ट्रिप बंद कर दी गई है। ऐसी स्थिति में कोंच के बाशिंदे 'हंसें या रोएं' वाली स्थिति में हैं। जहां एक फेरा बढ़ने की खुशी है तो वहीं सरसोकी ट्रिप बंद होने का मलाल भी है। राठौर समाज सेवा समिति ने पांच फेरों के साथ सरसोकी ट्रिप को भी बहाल करने की मांग उठाई है। समिति ने कोंच स्टेशन मास्टर के मार्फत डीआरएम झांसी अनिरुद्ध कुमार को ज्ञापन भेजा है जिसमें सरसोकी ट्रिप पुनः बहाल करने की मांग की गई है।

डीआरएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 2024 में शटल ट्रेन का सरसोकी तक फेरा शुरू किया गया था और सुबह शाम दो ट्रिप लगाती थी। उरई मुख्यालय तक शटल ट्रेन की पहुंच होने से कोंच की जनता को काफी लाभ मिलता रहा है। व्यापारियों को व्यापारिक कार्यों के लिए, श्रमिक मजदूरी के लिए, विद्यार्थी विद्याध्ययन के लिए, नौकरीपेशा वर्ग नौकरी के लिए, बीमार इलाज के लिए इसी शटल ट्रेन का उपयोग करके कम पैसों में उरई तक पहुंच रहे थे, लेकिन 29 जून से रेल विभाग ने इस शटल ट्रेन का एक अतिरिक्त फेरा बढ़ा कर चार से पांच करके जहां एक ओर कोंच के बाशिंदों को एट स्टेशन पर लंबी दूरी की गाड़ियों से कनेक्टिविटी देकर एक तरह की सौगात दी है तो वहीं दूसरी ओर सरसोकी ट्रिप बंद कर यहां के लोगों हतप्रभ कर दिया है। इस स्थिति में अब कोंच के लोगों को उरई की यात्रा चार गुना अधिक किराया देकर बस से करने को मजबूर होना पड़ा रहा है। राठौर समाज सेवा समिति ने व्यापक जनहित में पहले की भांति कोंच से सरसोकी के बीच शटल ट्रेन पुनः बहाल किए जाने की मांग की है ताकि रेलवे को राजस्व का लाभ मिलने के साथ ही नागरिकों को उम्दा रेल सुविधा का लाभ मिल सके। इस दौरान राठौर समाज सेवा समिति के इंद्रजीत राठौर, राजेश राठौर, सेठ सौरभ, मनीष राठौर जगनपुरा, मुकेश राठार, अनूप राठौर अंडा, शिवम राठौर, प्रदीप, डॉ. वीरेंद्र राठौर, संजीव राठौर बजरिया, अकर सेठ, दिलीप राठौर, अतुल राठौर, डॉ. विकास सिंह, शैलेंद्र कुमार, राज कुमार, धर्मेंद्र राठौर, पंकज, आकाश, राहुल राठौर, मनोज राठौर, अखिलेश, मनीष राठौर, जितेंद्र राठौर आदि रहे।

## नगदी जेवर लेकर महिला हुई चंपत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** एक महिला घर वालों को झांसा देकर नकदी, जेवर और मोबाइल लेकर भाग गई। महिला के पति ने पुलिस से शिकायत करते हुए मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पत्नी की तलाश कराने की मांग की है। कमल सिंह पुत्र राजाराम निवासी चमेंड़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पूर्व कालपी क्षेत्र की निवासिनी पुष्पा के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद दोनों उसके पिता के मकान में अलग रह रहे थे। वृहस्पतिवार तड़के करीब दो बजे उसकी पत्नी शौच जाने के लिए घर से बाहर गई, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जब उसकी नींद खुली तो पत्नी बिस्तर पर नहीं मिली। उसने बाहर निकलने का प्रयास किया तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया और आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन पत्नी का कोई पता नहीं चला। कमल



का आरोप है कि उसकी पत्नी घर में रखे करीब 19 हजार रुपये नकद, जेवरात तथा अपना और उसका एंड्रॉयड मोबाइल फोन लेकर चली गई है। सूचना पर यूपी 112 पीआरबी मौके पर पहुंची और पूछताछ की। अब पीड़ित ने कोतवाली कोंच में तहरीर देकर पत्नी की तलाश और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस पूरे मामले में कोंच कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और लापता हुई महिला की खोजबीन के लिए पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है।

## यू.पी. टीईटी 2026 के चलते बदली सम्पूर्ण समाधान दिवस की तिथि

**अब 6 जुलाई को सुनी जाएंगी जनसमस्याएं**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी-2026) के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने आगामी 4 जुलाई (शनिवार) को प्रस्तावित सम्पूर्ण समाधान दिवस की तिथि में परिवर्तन कर दिया है। अब यह महत्वपूर्ण जनसुनवाई कार्यक्रम 6 जुलाई 2026 (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा जारी आधिकारिक कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग-4, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। शासन ने बताया है कि 2, 3 एवं 4 जुलाई 2026 को प्रदेशभर में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी 2026) आयोजित की जा रही है। परीक्षा को निष्पक्ष, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यापक ड्यूटी लगाई गई है।

## इकतीस अगस्त तक जिले में मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध

**● डीएम सत्य प्रकाश के आदेश जारी, उल्लंघन करने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मछलियों के प्रजनन काल को सुरक्षित रखने और मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने 1 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक जिले के सभी तालाबों, जलाशयों, नदियों, नालों एवं अन्य प्राकृतिक जलधाराओं में मछली पकडऩे (मत्स्याखेट) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम-1948 की धारा-1 एवं शासनादेशों के तहत यह प्रतिबंध जिले की सीमा में स्थित सभी सार्वजनिक तालाबों, जलाशयों, नदियों, नालों तथा जलधाराओं पर लागू रहेगा। इस अवधि में प्रजननशील मछलियों का शिकार, पकडऩा, खरीद-फरोख्त तथा आयात-निर्यात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ, जहरीले रसायन अथवा कृषि कार्यों में प्रयुक्त विषैले रसायनों का उपयोग कर मछली नहीं पकड़ सकेगा और न ही ऐसा करने का प्रयास करेगा। ऐसे कृत्य पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि 15 जुलाई से 30 सितंबर 2026 तक मत्स्य जीरा एवं 2 से 10 इंच आकार की मत्स्य अंगुलिकाओं को पकडऩे, बेचने अथवा उनका व्यापार करने पर भी पूर्ण रोक रहेगी। इसके अलावा प्राकृतिक जलधाराओं में अवरोध खड़ा कर पानी रोकने तथा मछलियों के प्राकृतिक आवागमन में बाधा उत्पन्न करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रजननशील मछलियों, मत्स्य जीरा या मत्स्य अंगुलिकाओं को नष्ट करने अथवा पकडऩे का प्रयास किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आमजन, मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय से शासन के निर्देशों का पालन करने और मछली संरक्षण अभियान में सहयोग देने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम-1948 के प्रावधानों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## महरौनी में दिनदहाड़े लाखों की चोरी, 15 तोला सोना, 80 हजार नकद और शादी की CD ले उड़े चोर

**महरौनी।** कस्बे में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 15 तोला सोने के जेवर, 80 हजार नकद और शादी की यादगार CD चोरी कर ली। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मकान मालिक अपनी पत्नी को स्कूल छोड़ने सैदपुर गया था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी घर से बाहर थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर तिजोरी तोड़ दी और उसमें रखे जेवर, नकदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। दोपहर करीब एक बजे परिवार के लौटने पर घटना का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई,सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों में महरौनी कस्बे में यह चोरी की चौथी बड़ी वारदात है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय और पुलिस व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब लोगों की नजर पुलिस की कार्रवाई और चोरी के खुलासे पर टिकी हुई है।

## सीएमओ के निर्देशों के बावजूद मड़ावरा सीएचसी में रक्तदान शिविर में अव्यवस्था

**» 25-30 संभावित रतदाता लौटे, काउंसलिंग टेबल और पेयजल की व्यवस्था नहीं,**

**» बैनर हटाने से नाराज सपाई बिना रतदान किए लौटे, 13 यूनिट रत ही हो सका संग्रहित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में आयोजित रक्तदान शिविर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक समन्वय के अभाव के कारण विवादों में घिर गया। आयोजकों का आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सीएचसी प्रशासन ने अपेक्षित सहयोग नहीं किया, जिससे करीब 25 से 30 संभावित रक्तदाता बिना रक्तदान किए लौट गए और शिविर अपने संभावित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सका। शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं देवदूत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह मासिक रक्तदान शिविर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। निर्धारित चक्रानुक्रम के अनुसार जनवरी और जुलाई माह में मड़ावरा ब्लॉक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। आयोजकों के अनुसार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 16 जून 2026 को पत्रांक 4200 के माध्यम से सीएचसी अधीक्षक को शिविर के सफल संचालन में आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए थे, लेकिन मौके पर इन निर्देशों का पालन नहीं हुआ। शिविर में कुल 13 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें एक यूनिट दुर्लभ ए-नेगेटिव ब्लड ग्रुप भी शामिल रहा। इसके अलावा एक व्यक्ति ने देहदान का संकल्प भी लिया। आयोजकों का कहना है कि रक्तदाताओं के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। न तो ट्रस्ट समिति से और न ही ब्लड बैंक टीम से इस संबंध में कोई समन्वय किया गया। इसके अलावा, ग्रामीणों और तीमारदारों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए सीएचसी कैम्पस में काउंसलिंग हेतु टेबल लगाने का अनुरोध भी सीएचसी प्रशासन ने स्वीकार नहीं किया। इससे शिविर में जागरूकता अभियान प्रभावित हुआ और संभावित रक्तदाताओं तक संदेश नहीं पहुंच सका। विवाद उस समय और बढ़ गया जब शिविर में रक्तदान करने आये सपाइयों ने बाहर कैंपस/स्थल पर लगाए गए समाजवादी पार्टी के रक्तदान बैनर को हटाने को लेकर अधीक्षक द्वारा आपत्ति जताई गई। आयोजकों के अनुसार, चिकित्सा अधीक्षक के कहने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैनर तो हटा लिया, लेकिन विरोधस्वरूप बिना रक्तदान किए ही वापस लौट गए। इससे करीब 25 से 30 यूनिट अतिरिक्त रक्त संग्रहित होने की संभावना समाप्त हो गई। आयोजकों का कहना है कि यदि सीएचसी प्रशासन/स्टाफ द्वारा रक्तदान करने सहित पूरा सहयोग मिलता तो राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आयोजित यह शिविर कहीं अधिक सफल हो सकता था और कई जरूरतमंद मरीजों के लिए अतिरिक्त रक्त उपलब्ध कराया जा सकता था। स्थानीय लोगों और आयोजकों ने स्वास्थ्य विभाग से पूरे मामले की समीक्षा कर भविष्य में रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## राजू डेंट पेंट वर्कशॉप के पास में लगी भीषण आग



**लुधियाना-** फोकल प्वाइंट 6 फेस में रोड पर पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण आग लगने के कारण हुआ बहुत ही क्षतिग्रस्त पल्स डेंटिंग पेंटिंग के वर्कशॉप के मालिक राजू जी ने बताया कि सरकारी जगह पर गैर व्यवसाय करने के कारण बहुत ही भीषण आग लग गई जिसके कारण आसपास के लोगों में डर का माहौल देखने को मिला उन्होंने यह भी बताया कि यह जो भीषण आग लगी है नजदीक पेट्रोल पंप भी है और कुछ ही दूरी पर नजदीकी जीवन नगर पुलिस चौकी स्थित है आग लगने के कारण लोगों में कोहराम मच गया और लोगों ने तुरंत ही मौके पर फायर ब्रिगेड को सूचित किया सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम जोरों शोर से कुछ ही मिनट में वहां पहुंचकर आग बुझाने का पूरा प्रयास करते हुए आग को काबू करते सफल नजर आये इस आग को काबू करने में सबसे ज्यादा योगदान डेंटिंग पेंटिंग वर्कशॉप के मालिक राजू जी के माध्यम से सफल हुआ आसपास के लोगों ने पर यह ऑब्जेक्शन लगाते नजर आए कि यह जो जगह है यहां कई वर्षों से अनलीगल तरीके से यह व्यवसाय किया जा रहा है पर यहां के प्रशासन को कोई फिक्र नहीं है जनता जनार्दन ने यह भी बताया कि यहां पर घर पर रहने वाले लोगों की संख्या भारी मात्रा में है अगर यह आज को फायर ब्रिगेड के माध्यम से काबू नहीं कर पाए तो बहुत बड़ा रहने वाले लोगों का क्षतिग्रस्त हो सकता था लोगों का यह भी कहना है कि यहां के प्रशासन और कॉरपोरेशन पर मुद्दा उठाते कहा कि यह जो इनलीगल तरीके से व्यवसाय किया जा रहा है सरकारी जमीन पर इसको जल्द से जल्द बंद किया जाए।

## दिल्ली की अवैध कॉलोनियों में मतदाता सत्यापन बना 'पहेली', एक ही मकान नंबर पर रह रहे कई परिवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के मतदाता रिकार्ड को ठीक करना चुनाव आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। दशकों से जारी पलायन, परिवारों का बंटवारा व एक ही पते पर कई-कई मकान बन जाना इस काम में सबसे बड़ा रोड़ा बन रहे हैं। दिल्ली में इस समय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चल रहा है, जिसके तहत 13,000 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि तंग गलियों और तेजी से बदलते इलाकों के बीच मतदाताओं को ढूंढना किसी भूलभुलैया को पार करने जैसा हो गया है। नियम के मुताबिक एक मकान नंबर एक ही संपत्ति की पहचान होता है, लेकिन पूर्वी दिल्ली की गीता कालोनी के ''रानी गार्डन'' इलाके में कहानी बिल्कुल उलट है। यहां एक ही मकान नंबर दो या तीन अलग-अलग संपत्तियों पर लिखा हुआ है। 2016 से इस इलाके को संभाल रहे बीएलओ बांके लाल बताते हैं, 'कई घर ऐसे हैं जहां दो तीन संपत्तियों पर एक ही नंबर दर्ज है, क्योंकि मालिकों ने बाद में उसी प्लाट पर या पास में दूसरा मकान बना लिया। जब हम सत्यापन के लिए जाते हैं, तो वे कहते हैं कि दोनों घर एक ही परिवार के हैं। इससे भारी भ्रम की स्थिति पैदा होती है।' रानी गार्डन की शुरुआत करीब 325 झुग्गियों (ए-1 से ए-325) से हुई थी। समय के साथ परिवार बढ़े, शादियां हुईं, जमीनें बिकीं और बंटवारे हुए, लेकिन कागजों पर मकान नंबर वही पुराने चलते रहे।

## पाकिस्तान में 125 साल पुराना गुरुद्वारा तोड़ने की कोशिश पर सिख नाराज, विदेश मंत्रालय से की बड़ी अपील

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में फारूखाबाद में 125 वर्ष पुराने गुरुद्वारा साहिब के भवन को गिराने के प्रयास किया गया। कुछ हिस्से को नुकसान भी पहुंचा है। इससे सिखों में भारी नाराजगी है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने नाराजगी जताते हुए इस मामले को भारत के विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। विदेश मंत्रालय ने कमेटी को आश्वासन दिया है कि इस गंभीर मामले को तत्काल पाकिस्तान सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि फारूखाबाद स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की 125 वर्ष पुराने भवन को गिराने का प्रयास किया गया। स्थानीय लोगों के विरोध के कारण यह प्रयास सफल नहीं हो सका, लेकिन यह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मामला है।डीएसजीएमसी एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश से मुलाकात कर पूरे मामले से उन्हें अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें यह भी बताया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अक्सर सिख समुदाय पर हमलों और अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में पाकिस्तान में एक गुरुद्वारे के सेवादार और उनकी पत्नी की हत्या का मामला भी सामने आया था। इसके अलावा गुरुद्वारों पर हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो बेहद चिंता का विषय हैं।

# मुज़फ्फरनगर में बंधुआ मजदूरों के कथित उत्पीड़न मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का स्वत:संज्ञान

**● यूपी सरकार से दो सप्ताह में रिपोर्ट तलब**

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने विशेष निगरानीकर्ताओं की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा , जानें क्या है कारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर जिले में एक पेपर प्लेट निर्माण फैक्ट्री में बंधुआ मजदूरों के कथित उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने इस प्रकरण को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा मामला माना है। मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, मुज़फ्फरनगर के मंडी गांव स्थित एक पेपर प्लेट फैक्ट्री में 12 मजदूरों को करीब डेढ़ वर्ष तक कथित रूप से बंधक बनाकर काम कराया गया। आरोप है कि उनसे देर रात तक लगातार काम लिया जाता था, जबकि उन्हें पर्याप्त भोजन, उचित मजदूरी और मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जाती थीं। बताया गया कि पीड़ित मजदूरों में से एक किसी तरह फैक्ट्री से निकलने में सफल रहा और उसने तितावी थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने छापेमारी कर अन्य मजदूरों को भी फैक्ट्री से मुक्त कराया। मेडिकल जांच में कई मजदूरों के शरीर पर चोट, कटने के निशान, हड्डियां टूटने तथा लंबे समय तक शारीरिक प्रताड़ना के संकेत मिले हैं। पुलिस जांच में एक व्यक्ति की मृत्यु की भी पुष्टि हुई है। साथ ही यह जांच जारी है कि इस दौरान किसी अन्य व्यक्ति की भी मौत तो नहीं हुई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि यदि मीडिया में प्रकाशित तथ्य सही पाए जाते हैं, तो यह मानवाधिकारों का अत्यंत गंभीर उल्लंघन है। आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त आयोग ने मुज़फ्फरनगर के जिलाधिकारी को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की मानक कार्यप्रणाली (SOP) तथा बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के प्रावधानों के अनुरूप पूरे मामले की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि सभी मुक्त कराए गए मजदूरों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए तथा आयोग द्वारा 8 दिसंबर 2021 को जारी परामर्श के अनुसार उनके पुनर्वास और अन्य आवश्यक सहायता संबंधी कार्रवाई की जाए। 25 जून 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पीड़ित मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखंड तथा नेपाल के निवासी हैं। आरोप है कि उन्हें रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से रोजगार, नियमित वेतन, भोजन और रहने की सुविधा का लालच देकर फैक्ट्री लाया गया था। फैक्ट्री पहुंचने के बाद कथित रूप से उनके मोबाइल फोन और पहचान पत्र छीन लिए गए ताकि वे अपने परिवारों से संपर्क न कर सकें। रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि मजदूरों को डराने और उनके भागने से रोकने के लिए पिटबुल नस्ल के कुत्तों का इस्तेमाल किया जाता था। अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की निगरानी में मामले की जांच आगे बढ़ेगी। आयोग द्वारा मांगी गई रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई और पीड़ित मजदूरों के पुनर्वास संबंधी निर्णय लिए जाने की संभावना है।


## गैरकानूनी लॉटरी और सट्टे का धंधा करने वालों की गुंडागर्दी, खबर करने गए पत्रकार को पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** गैरकानूनी लॉटरी और सट्टे का धंधा करने वाले शेरू नाम के एक बिजनेसमैन, उसके साथियों थंडू और राम कृष्ण अरोड़ा और 10,15 अन्य लोगों ने खबर देने गए एक पत्रकार को पीटा। वे 7000 रुपये हार गए और उससे 10000 भरवाए और एक खाली चेक और एक खाली कागज पर साइन करवाकर उससे जबरदस्ती माफी मंगवाई और वीडियो बनवाया। लुधियाना टिब्बा रोड पर शेरू नाम का एक आदमी बहुत ताकत से लॉटरी का धंधा करता है, जिसे पहले सेंट्रल ख्रू ने 3 नंबर थाने के इलाके से भगा दिया था और उसका गैरकानूनी सट्टे का धंधा बंद करा दिया था। टिब्बा रोड पर उसकी दुकान है, लेकिन पिछले हफ्ते हमारे दारा सट्टे में एक भाई के तीन लाख रुपये हार गए। उस भाई ने हमसे बात की कि वह सुसाइड कर लेगा। मैंने उसे भरोसा दिलाया कि वह किसी बात से न डरे। हम तुम्हें पुलिस कमिश्नर के सामने पेश करेंगे और उसकी गैरकानूनी दारा सट्टे की दुकानें भी बंद करा देंगे। मैं *पीड़ित पत्रकार स्टेट हेड पंजाब* *प्रसन्न विचार मैगज़ीन* शाम करीब 4:30 बजे उनकी दुकान पर रिपोर्ट करने और आस-पास देखने गया था। मैंने वहीं फोटो खींचनी और वीडियो बनाना शुरू कर दिया और उनके लोगों ने मेरा मोबाइल छीन लिया और मुझे थप्पड़ मारने लगे और अंदर से दरवाज़ा बंद कर लिया। उसके बाद, मैंने उन्हें करीब डेढ़ घंटे तक वहीं बैठाए रखा और उनके ही आदमी राम कृष्ण अरोड़ा ने मुझे उनसे बचाया और बाहर निकाला। उन्होंने मुझसे पूछा कि तुम किस अखबार के पत्रकार हो। ये बहुत खतरनाक लोग हैं। उनका टीबा पुलिस स्टेशन 2 लाख रुपये महीने देता है। मैं तुम्हें यही समझा रहा हूँ। वे 5 मिनट में तुम्हारे खिलाफ लूट का केस कर देंगे। मैं थोड़ा डर गया क्योंकि मैं अकेला था और मैंने वहीं किया जो राम कृष्ण अरोड़ा ने कहा। मैंने उनसे 7000 रुपये कैश और 10000 रुपये पेटीएम में देने को कहा। मैंने अपने दोस्त से उनके कहे अनुसार 1 लाख रुपये देने को कहा। बदले में उन्होंने मुझसे एक कोरा कागज और एक साइन मांगा। उन्होंने ब्लिंग चेक ले लिया। इन तीनों का पुलिस रिकॉर्ड पहले भी खराब रहा है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने कतर से उपहार में मिले विमान में भरी उड़ान, बताया दुनिया का सबसे बेहतरीन विमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कतर के शाही परिवार की ओर से उपहार में मिले बोइंग 747-8 में उड़ान भरी. इस जहाज को अपग्रेड कर एयर फोर्स वन 747 का रूप दिया गया है. ट्रंप ने इसे उड़ता हुआ व्हाइट हाउस बताया है. ट्रंप ने इसे दुनिया का अब तक का सबसे बेहतरीन विमान बताया. वह नार्थ डकोटा की यात्रा के बाद ज्वाइंट बेस एंड्रयूस पर उतरे थे. ट्रंप ने कहा,''मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बेहतरीन व्यावसायिक विमान है. मैंने बोइंग से पूछा कि सबसे अच्छा विमान कौन-सा है. उन्होंने कहा कि यही सबसे बेहतरीन विमान है और आपको इसमें उड़ान भरने का मौका मिलेगा. मुझे भी इसमें यात्रा करने का सौभाग्य मिला है।' करीब 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 33 सौ करोड़ रुपये) मूल्य के इस विमान को कतर ने बिना किसी शर्त के ट्रंप को उपहार में दिया था. हालांकि इसको लेकर कानूनी, नैतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई सवाल भी उठे हैं. अमेरिकी टीवी चैनल सीएनएन के मुताबिक इस विमान को सफेद, लाल और नेवी ब्लू रंगों से सजाया गया है. इसमें कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिससे यह ट्रंप के निजी विमान जैसा दिखता है। ट्रंप ने कहा, 'अमेरिका के पास ऐसा विमान होना चाहिए. हमारा मौजूदा एयर फोर्स वन 35-36 साल पुराना है. जब उसे ऐसे नए विमानों के पास खड़ा किया जाता है, तो वह हमारे देश के स्तर के मुताबिक नहीं लगता है. हमें इस विमान पर गर्व है और देश को भी इस पर गर्व होना चाहिए. यह बेहद खूबसूरत है.'' उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका खुद ऐसा विमान बनाता, तो उस पर लागत बहुत आती. यह विमान हमें बहुत कम लागत में मिला है, क्योंकि यह हमारे सहयोगी देश कतर की ओर से उपहार है. मैंने बोइंग से पूछा कि सबसे बेहतरीन विमान किसके पास है. उन्होंने कहा कि कतर के पास. सच कहूं तो अमेरिका भी ऐसा विमान बनाने में शायद इतना पैसा खर्च करने को तैयार नहीं होता. कतर ने इस पर खुलकर खर्च किया है।''

## 'जिन लोगों ने दिया इस्तीफा वही चला रहे राममंदिर ट्रस्ट', केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेसवार्ता कर अयोध्या रामलला मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले पर रखी बात। उन्होंने इस मुद्दे पर भाजपा को कटघरे में खड़ा किया। केजरीवाल ने अयोध्या राम लाला राम मंदिर मामले में हो रही जांच को खाना पूर्ति बताया और कहा कि बड़े लोगों को बचाया जा रहा है। जांच के नाम पर खाना पूर्ति हो रही है। आठ छोटे लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनकी भी पुलिस कस्टडी नहीं दी गई, यहां तक पुलिस ने कस्टडी तक नहीं मांगी और सीधे न्यायिक हिरासत में उन्हें भेज दिया गया। उन्होंने कहा पूरी जांच पर लीपापोती हो रही है।केजरीवाल ने मंदिर निर्माण से लेकर मंदिर के लिए जमीन खरीद मामले में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और प्रधानमंत्री से सवाल किया। केजरीवाल ने आरोप लगाया जिन लोगों ने इस्तीफे दिए हैं उन्हें लेकर भी कहा जा रहा है कि वही आज भी मंदिर चला रहे हैं।केजरीवाल ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री किसे बचा रहे हैं और क्यों बचा रहे हैं। देश की आस्था पर सवाल उठ रहा है।

## डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की 'चेतना' पहल से स्टूडेंट्स को एडमिनिस्ट्रेटिव कामों से रूबरू कराया जाएगा

**●स्टूडेंट्स को एडमिनिस्ट्रेशन को करीब से समझने का मौका मिलेगा - हिमांशु अग्रवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला-** डिप्टी कमिश्नर पटियाला डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने स्टूडेंट्स को सरकारी कामों, पंजाब सरकार की पब्लिक पॉलिसी और डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की एक्टिविटी के बारे में जागरूक करने के मकसद से एक अनोखी पहल 'चेतना' शुरू की। आज पटियाला के डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में स्कूल ऑफ एमिनेंस फिलखाना के स्टूडेंट्स के लिए एक खास एजुकेशनल टूर ऑर्गनाइज़ किया गया। DC ने कहा कि इस पहल के तहत, स्टूडेंट्स को महीने के हर गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स के अलग-अलग डिपार्टमेंट्स में ले जाया जाएगा ताकि वे एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम को प्रैक्टिकली समझ सकें और सिटीजन सर्विसेज़ के बारे में जानकारी ले सकें। इस दौरान स्कूल ऑफ एमिनेंस फिलखाना के क्लास ङ्गढ्ढ के 30 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया, जिनमें 15 लड़कियां और 15 लड़के शामिल थे। डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने स्टूडेंट्स से बातचीत करते हुए डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के रोल, सरकारी ऑफिसों के कामकाज और लोगों को दी जाने वाली सर्विसेज़ के बारे में डिटेल में जानकारी दी। उन्होंने स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया और कहा कि इस तरह के एजुकेशनल विज़िट से न सिर्फ उनका ज्ञान बढ़ेगा बल्कि वे ज़िम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने में भी मददगार साबित होंगे। डिप्टी कमिश्नर ने एजुकेशन डिपार्टमेंट के अधिकारियों से कहा कि वे स्टूडेंट्स को एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स के अंदर मौजूद अलग-अलग डिपार्टमेंट्स, जैसे ष्टरूविंडो, सेवा केंद्र, फर्द केंद्र, तहसील ऑफिस, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, डिस्ट्रिक्ट एम्प्लॉयमेंट एंड बिजनेस ब्यूरो और महिला पुलिस स्टेशन का दौरा कराएं। संबंधित अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को हर डिपार्टमेंट के कामकाज, लोगों को दी जाने वाली सर्विसेज़ और शिकायत निवारण सिस्टम के बारे में बताया। स्टूडेंट्स ने इस एजुकेशनल टूर को बहुत उपयोगी और ज्ञान बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोशिशों से उन्हें सरकारी सिस्टम को करीब से समझने का मौका मिला है, जो भविष्य में उनके पर्सनल और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए बहुत मददगार साबित होगा। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर श्रीमती शालू मेहरा, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर डॉ. रविंदर पाल सिंह शर्मा, नोडल ऑफिसर जगमीत सिंह (हेडमास्टर, गवर्नमेंट हाई स्कूल अरनेटू) और स्कूल के प्रिंसिपल श्री रजनीश गुप्ता की गाइडेंस और सुपरविज़न में स्टूडेंट्स को अलग-अलग ऑफिस ले जाया गया।

## म्युनिसिपल कमिश्नर ने सीवर की सफाई और सड़क की मरम्मत के काम में तेज़ी लाने के दिए आदेश

**● अधिकारियों को रोज़ाना फील्ड में जाने का निर्देश**

**बुड्ढा नदी और शहर के दूसरे अंदरूनी नालों की लगातार सफाई के आदेश जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** मॉनसून की तैयारियों का रिव्यू करते हुए और यह पक्का करते हुए कि सभी ज़रूरी कदम पहले से उठाए जाएं, म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने पूरे शहर में सीवर की सफाई और सड़क की मरम्मत के काम में तेज़ी लाने का आदेश दिया है। पूरे शहर में बुड्ढा नदी, अंदरूनी नालों और सीवर लाइनों की लगातार सफाई पक्का करने के लिए सख्त आदेश जारी किए गए हैं। अधिकारियों को बुड्ढा नदी के किनारों को मज़बूत करने का भी निर्देश दिया गया है। ये आदेश बुधवार को सराभा नगर में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ज़ोन ष्ठ में हुई एक पूरी रिव्यू मीटिंग के दौरान जारी किए गए। अधिकारियों को शहर के सभी डिस्पोज़ल पॉइंट पर जनरेटर सेट पक्का करने का निर्देश दिया गया है, ताकि बारिश के मौसम में पानी की निकासी में कोई रुकावट न आए। मीटिंग में जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार, जॉइंट कमिश्नर अमनप्रीत सिंह, जॉइंट कमिश्नर तपन भनोट, ज़ोनल कमिश्नर नीरज जैन, ज़ोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, ज़ोनल कमिश्नर जसदेव सेखों और दूसरे अधिकारी मौजूद थे। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द यह सर्टिफिकेट देने का निर्देश दिया कि शहर भर में कोई भी सड़क की जाली या मैनहोल के ढक्कन टूटे या गायब नहीं हैं। लोगों को पीने के पानी की सप्लाई पक्का करने के लिए, अधिकारियों को सही क्लोरीनेशन पक्का करने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह, हेल्थ ब्रांच के अधिकारियों को शहर में कचरा रेगुलर उठाने और फॉगिंग पक्का करने का निर्देश दिया गया है। संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे काफी संख्या में रेत के बोरे का इंतज़ाम करें, जिनका इस्तेमाल बारिश के मौसम में किसी भी इमरजेंसी में किया जा सके। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने कहा कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सभी ब्रांचों को आपस में तालमेल बनाकर काम करने का निर्देश दिया गया है। स्टाफ को सख्त आदेश दिए गए हैं कि मानसून की तैयारियों के मामले में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज़ोनल कमिश्नरों समेत सीनियर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रोज़ाना अपने-अपने इलाकों का दौरा करें और यह पक्का करें कि पहले से सभी ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## खान सर और महिला पत्रकार विवाद: दिल्ली दिल्ली हाई कोर्ट ने मानहानि मुकदमे को मध्यस्थता के लिए भेजा

**● यह विवाद अंजना की ऑनलाइन शिक्षकों पर की गई टिप्पणी और खान सर द्वारा उनके बच्चों के स्कूल की जानकारी सार्वजनिक करने से जुड़ा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** शिक्षकों पर अपमानजनक टिप्पणी के बाद इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित सामग्री के खिलाफ पत्रकार अंजना ओम कश्यप के मानहानि मुकदमे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अंजना और फैसल खान (खान सर) सहित अन्य को संयम बरतने का सुझाव दिया। साथ ही मानहानि विवाद को दिल्ली हाई कोर्ट ने मध्यस्थता के लिए भेज दिया। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि नुकसान तो हो ही चुका है और अब दोनों पक्ष स्थिति को केवल संभाल ही सकते हैं। पीठ ने दोनों पक्षों को विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने का सुझाव देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव को मध्यस्थ नियुक्त किया। सुनवाई के दौरान अंजना की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ऋषिकेश बरुआ ने रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि पोस्ट पूरी तरह से मानहानिपूर्ण थे। पीठ ने दोनों पक्षों को मौखिक रूप से सुझाव दिया कि आप किसी की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन आलोचना का स्तर सभ्य होना चाहिए। हालांकि, ऋषिकेश बरुआ ने तर्क दिया कि खान सर ने उस स्कूल का खुलासा कर दिया था जिसमें कश्यप के बच्चे पढ़ते हैं और उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। उन्होंने कहा कि स्कूल वगैरह के बारे में बात नहीं करनी चाहिए थी।

## ज्ञानपुर रोड स्टेशन के प्लेटफार्म-2 पर बैरिकेडिंग न होने से हादसे का खतरा

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-दो पर बैरिकेडिंग न होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। केडवड़िया रेलवे फाटक की तरफ से बैरिकेडिंग के अभाव में बाइक और कार सीधे प्लेटफार्म तक पहुंच जा रही हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। यात्रियों का कहना है कि प्लेटफार्म पर वाहनों की आवाजाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ट्रेन आने-जाने के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चों को प्लेटफार्म पर चलने में दिक्कत होती है।स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से तत्काल बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर दयाशंकर यादव ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या-2 पर बैरिकेडिंग न होने की जानकारी स्टेशन मास्टर को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 'वैवाहिक विवादों में जीवनसाथी की निजी तस्वीरों को हथियार की तरह न करें इस्तेमाल', दिल्ली HC की सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली।** वैवाहिक मुकदमों में जीवनसाथी की निजी तस्वीरों व अंतरंग सामग्री को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर चेतावनी देते हुए कहा कि अलग हो रहे जीवनसाथी के बीच एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में नहीं बदला जाना चाहिए। अदालत ने उक्त टिप्पणी यह नोट करते हुए की कि पहले पति ने पत्नी की निजी तस्वीरें और वीडियो कोर्ट रिकार्ड पर पेश कीं और बाद में पत्नी ने भी बदले की भावना से पति की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो कोर्ट रिकार्ड में पेश किए। दोनों की शादी 2022 में हुई थी। हालांकि, 2023 में पत्नी ने पति और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा क्रूरता और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद, पति ने तलाक की अर्जी दायर की। बाद में पत्नी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उसके पति ने कोर्ट रिकार्ड में कुछ ऐसी अंतरंग तस्वीरें पेश करके उसकी निजता के अधिकार का उल्लंघन किया है, जो उसने अपने डॉक्टर के साथ वाट्सएप चैट पर साझा की थीं।

## पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये मंगवाते थे हथियार

**● दिल्ली में पकड़े गए चार आतंकियों से पूछताछ में खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली को दहलाने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किए गए चारों आतंकी लंबे समय से पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये जिगाना पिस्टल समेत कई देशों के विदेशी हथियार और ड्रग्स की खेप मंगवाकर उसे पंजाब आदि राज्यों में गैंग्सटरों व ड्रग्स तस्करों को बेचने का धंधा कर रहे थे। इंटरनेट मीडिया के जरिये पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी गैंग्सटर शहजाद भट्टी के संपर्क में आने के बाद चारों देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हो गए थे। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा इंटरनेट मीडिया की मानिटरिंग में इनकी गतिविधियों के बारे में पता चलने के बाद आईबी की सूचना पर स्पेशल सेल ने इन्हें दबोच लिया। स्पेशल सेल के डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी का कहना है कि गिरफ्तार आतंकियों में शुभदीप सिंह, पाकिस्तानी सीमा से महज तीन किलो मीटर दूर तरनतारन का रहने वाला है। वह ड्रोन के ज़रिये विदेशी पिस्टल और हेरोइन आदि ड्रग्स की खेप मंगवाता था। पाकिस्तान में मौजूद आईएसआई हैंडलर्स और ड्रोन ऑपरेटरों से बातचीत के लिए वह पाकिस्तान के कई नंबर का इस्तेमाल कर रहा था। उसे पंजाब पुलिस भी ड्रग्स तस्करी के मामले में पहले गिरफ्तार कर चुकी है। गुरजंट सिंह भी सीमा से सटे तरनतारन का रहने वाला है। वह भी विदेशी नंबरों के ज़रिये आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में था। अपने चचेरे भाई साजन सिंह के साथ मिलकर वह ड्रोन के ज़रिए पाकिस्तान से हथियार और ड्रग्स की खेप मंगवाता था। साजन सिंह, अमृतसर का रहने वाला है। वह भी आईएसआई हैंडलर्स से बातचीत करने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर रहा था। उसे भी पहले पंजाब पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। गगनप्रीत, फतेहगढ़ साहिब का रहने वाला है। वह इंटरनेट मीडिया के ज़रिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था।

# बेटी की शादी में जमकर नाचे और गाए शैलेश लोढ़ा

**● नहीं पहुंचा तारक मेहता का एक भी एक्टर, लोग बोले- जेठालाल को तो बुला लेते**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में वर्षों तक तारक मेहता का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले शैलेश लोढ़ा इन दिनों अपनी बेटी स्वरा लोढ़ा की शादी को लेकर चर्चा में हैं. स्वरा ने हाल ही में बेहद निजी समारोह में सात फेरे लिए, जिसकी तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं. मुंबई के बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल में आयोजित इस शादी में परिवार और करीबी लोग ही शामिल हुए. समारोह के दौरान शैलेश लोढ़ा का गाना गाते और डांस करते हुए वीडियो भी सामने आया. हालांकि, इन वीडियोज से ज्यादा चर्चा इस बात की होने लगी कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का कोई भी कलाकार इस शादी में नजर क्यों नहीं आया।

**जेठालाल को लेकर सोशल मीडिया पर उठे सवाल**

शादी के वायरल वीडियो पर फैंस ने सबसे ज्यादा जिस बात पर प्रतिक्रिया दी, वह थी शो के कलाकारों की गैरमौजूदगी. कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए पूछा कि जेठालाल यानी दिलीप जोशी इस खास मौके पर क्यों नहीं दिखे. किसी ने लिखा, 'दोस्ती की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन जेठालाल कहां हैं?' वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि दिलीप जोशी को इस समारोह का हिस्सा होना चाहिए था. सिर्फ दिलीप जोशी ही नहीं, बल्कि शो से जुड़े किसी भी कलाकार की मौजूदगी तस्वीरों या वीडियोज में नजर नहीं आई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

**शैलेश लोढ़ा ने क्यों छोड़ा था शो, और क्या करती हैं बेटी स्वरा?**

शैलेश लोढ़ा करीब 14 वर्षों तक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का अहम हिस्सा रहे. साल 2022 में उन्होंने शो को अलविदा कह दिया और बाद में उनकी जगह सचिन श्रॉफ को कास्ट किया गया. एक इंटरव्यू में शैलेश ने बताया था कि शो छोड़ने की वजह निर्माता असित मोदी के साथ हुए मतभेद थे. उनके मुताबिक, जब उन्हें दूसरे शो 'गुड नाइट इंडिया' से जुड़ने का मौका मिला तो इस बात को लेकर उनसे अभद्र व्यवहार किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया। वहीं, उनकी बेटी स्वरा लोढ़ा मनोरंजन जगत से दूर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं. वह पेशे से लेखिका हैं और लाइमलाइट से दूरी बनाए रखना पसंद करती हैं. स्वरा ने अपनी मां डॉ. स्वाति लोढ़ा के साथ मिलकर 54 Reasons Why Parents Suck! नाम की किताब भी लिखी है, जिसे युवाओं और अभिभावकों के रिश्तों पर आधारित माना जाता है. अब शादी की तस्वीरों के सामने आने के बाद स्वरा और शैलेश लोढ़ा दोनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं।